www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 3 सितंबर 2025 । वर्ष – 35 । अंक –125 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





कांग्रेस नेताओं से पीड़ितों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिए पृष्ठ 3
■ विनाशकारी विकास की देन हैं ये कुदरती आपदाएं
■ राहुल गांधी की परीक्षा का वक्त पृष्ठ 4
■ गंभीर संकट का सामना कर रहा बांग्लादेश
■ भारत के साथ दशकों की साझेदारी को ट्रंप ने किया तहस-नहस : बोल्टन पृष्ठ 9
लगातार 8वीं बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में सिनर पृष्ठ 10

# उत्तर भारत में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ा, कई कॉलोनियां खाली कराई गईं, पंजाब के 12 जिलों में बाढ़ की चपेट में

**नई दिल्ली**, 2 अगस्त (देशबन्धु)। बारिश ने उत्तर भारत के कई राज्यों में तबाही मचा दी है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड से लेकर दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब तक भारी बारिश और बाढ़ ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। हरियाणा के गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उधर, दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कॉलोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है। उत्तराखंड के सभी 13



जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। सोमवार को उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए। भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है।

**यमुना पर बने लोहे के पुल को बंद किया गया**- बढ़ते जलस्तर को देखते हुए यमुना पर बने लोहे के पुल को बंद कर दिया गया है। दिल्ली प्रशासन ने नदी किनारे बसे 20,000 से अधिक लोगों को प्रभावित होने की आशंका जताई है, जिनमें से लगभग 15,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। निचले इलाकों में रहने वालों से सावधानी बरतने और राहत शिविरों में जाने की अपील की गई है। दिल्ली सरकार के वरिष्ठ ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## जम्मू कश्मीर में भी बारिश का कहर अधिकतर सड़कें बारिश में बही

**जम्मू**, 2 अगस्त (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर की दशा अभी भी नाजुक बनी हुई है। मंगलवार को भी भारी बारिश के कारण नदी नाले उफान पर थे तो अगले दो दिन खतरे भरे बताए जा रहे हैं। भारी बारिश क चेतावनी जारी की गई है। रेल सेवा फिलहाल 15 सितम्बर तक बंद रहने की आधिकारिक घोषणा की गई है। वैष्णो देवी यात्रा 8वें दिन भी स्थगित रही क्योंकि प्रदेश में अधिकतर सड़कें बह चुकी हैं। प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है कहीं भू-स्खलन तो कहीं नदीयों का रौद्र रूप लोगों को भय के साये में डाल दिया है। इतना ही नहीं राजौरी और सांबा जिलों में जमीन धंसने की घटना भी सामने आई। सोमवार को जमीन धंसने की घटनाओं के बाद प्रशासन ने 19 परिवारों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इसमें राजौरी के 11 और सांबा के 8 घर शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन इलाकों को जोखिम क्षेत्र घोषित कर दिया गया है ताकि किसी बड़ी त्रासदी को टाला जा सके। भारी बारिश से सांबा जिले का एक छोटा गांव भी गंभीर खतरे में आ गया है। यहां जमीन धंसने से कई घर ढहने की कगार पर हैं। अधिकारियों ने समय रहते आठ परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिसके चलते जमीन कमजोर हो गई है। कई घर दरारों के चलते रहने लायक नहीं बचे। प्रभावित परिवारों को राहत शिविरों में रखा गया। प्रशासन ने आपदा प्रबंधन दल को सतर्क मोड पर रखा है।

# राज्यपाल सम्मान से 64 शिक्षक होंगे सम्मानित

**रायपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं सेवाओं के लिए राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार वर्ष 2024-25 हेतु प्रदेशभर के कुल 64 शिक्षकों का चयन किया गया है। राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार अंतर्गत चयनित शिक्षकों को आगामी 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा।




स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार, चयनित शिक्षकों में प्राचार्य, प्राचार्य (एल.बी.), प्रधान पाठक, व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.), सहायक शिक्षक (एल.बी.) सहित विभिन्न श्रेणियों के शिक्षक शामिल हैं। पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षकों में रायपुर जिले से प्रधान पाठक गोपाल राम यादव एवं सहायक शिक्षक एल.बी. श्रीमती कामिनी साहू, धमतरी से प्रधान पाठक श्रीमती किरण साहू एवं सहायक शिक्षक एल.बी. कु. प्रीति शांडिल्य का नाम शामिल है। इसी प्रकार सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला से प्रधान पाठक से श्रीमती प्रियंका गोस्वामी एवं व्याख्याता एल.बी. समय लाल काठे, राजनांदगांव से प्राचार्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव एवं प्रधान पाठक मुन्हेलाल लिल्हारे, दंतेवाड़ा से प्रधान अध्यापक श्रीमती सुमन जॉर्ज एवं सहायक शिक्षक एल.बी. श्रीमती सुनीता अजीत, कबीरधाम से व्याख्याता रमेश कुमार चंद्रवंशी एवं व्याख्याता श्रीमती कामिनी जोशी, सरगुजा से शिक्षक श्रीमती बंदना महथा एवं व्याख्याता श्रीमती अनिता मंदिलवार का नाम शामिल है। नारायणपुर जिला से शिक्षक एल.बी. उमेश कुमार सलाम एवं प्रधान अध्यापक सुश्री सविता यादव, जशपुर से प्रधान पाठक श्रीमती सरिता नायक एवं प्रधान पाठक प्रवीण कुमार पाठक, कोरिया से व्याख्याता/(प्रभारी प्रचार्य) अमित लाल गुप्ता एवं जेल शिक्षक श्रीमती विवेक सिद्धकी का नाम शिक्षक सम्मान पुरस्कार के लिए चयन किया गया है।

इसी प्रकार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला से व्याख्याता एल.बी. राजेश कुमार द्विवेदी एवं प्रधान पाठक श्रीमती मीना जायसवाल, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से प्रधान अध्यापक किशोर कुमार शर्मा एवं सहायक शिक्षक एल.बी. राजेश कुमार प्रजापति, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी से प्रधान पाठक श्रीमती संध्या साहू एवं व्याख्याता एल.बी. संजय देवांगन का नाम शामिल है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिला से शिक्षक एल.बी. श्रीमती चन्द्रमुखी मेहता, दुर्ग से शिक्षक एल.बी. नरोत्तम कुमार साहू एवं श्रीमती शिक्षक एल.बी. श्रीमती खेमलता गोस्वामी, कोरबा से शिक्षक एल.बी. श्रीमती मधुलिका एवं प्रधान पाठक श्रीमती प्रिया दुबे, सूरजपुर से प्रधान पाठक श्रीमती रंजय कुमार सिंह एवं व्याख्याता एल.बी प्रदीप कुमार जायसवाल, बलौदाबाजार-भाटापारा से शिक्षक एल.बी. मोहन लाल वर्मा एवं व्याख्याता एल.बी. जगदीश साहू, मुंगेली से व्याख्याता एल.बी. श्रीमती दुर्गा तिवारी एवं सहायक शिक्षक एल.बी. श्रीमती सुधारानी शर्मा, कोण्डागांव से प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार डड़सेना एवं शिक्षक एल.बी. शिवचरण साहू, रायगढ़ से सहायक शिक्षक एल.बी. टिकेश्वर प्रसाद पटेल एवं प्रधान पाठक नंद किशोर सतपथी का नाम शामिल है। सुकमा जिला से सहायक शिक्षक श्रीमती अंजु बारसे एवं शिक्षक एल.बी. गंगाधर राना, गरियाबंद ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### केसीआर ने बेटी कविता को पार्टी से निलंबित किया

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने अपनी बेटी और एमएलसी के. कविता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए केसीआर ने मंगलवारा को बेटी के. कविता को बीआरएस से निकाला। पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई बैठकों के बाद यह फैसला लिया।

### भारत व थाईलैंड के बीच शुरू हुआ सैनिक अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और थाईलैंड की सेनाएं आतंकवाद विरोधी सैन्य अभ्यास को अंजाम दे रही हैं। दोनों देशों के बीच हो रहा यह संयुक्त द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'मैत्री-225' भारत के पूर्वोत्तर में स्थित राज्य मेघालय में हो रहा है। यह महत्वपूर्ण अभ्यास दोनों देशों की सेनाओं द्वारा संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभियान क्षमता को और अधिक मजबूत करने पर केंद्रित है। भारतीय सेना के मुताबिक यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र के चैप्टर्स के तहत सेमी-अर्बन इलाके में संचालित किया जा रहा है।

### पटना में मुंबई जैसी ओपन डबल डेकर बस सेवा शुरू

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में मंगलवार को बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) की ओर से जेपी गंगा पथ पर पहली ओपन डबल डेकर बस सेवा की शुरुआत की गई। पर्यटन मंत्री राजू सिंह ने दीघा रोटरी से कंगन घाट के बीच 15 किलोमीटर के रूट पर इस बस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री श्री सिंह ने बताया कि यह डबल डेकर बस पर्यटकों को गंगा दर्शन का शानदार अनुभव देगी। बीएसटीडीसी के प्रबंध निदेशक नंद किशोर ने कहा कि इस पहल से बिहार में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### दस साल से फरार व्यक्ति गुजरात से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या के मामले में सजायाफ्ता फरार व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हसीन हुसैन उर्फ हसीन हैदर (47) को हत्या के मामले में दोषी करार दिया गया था, वह 1 साल से फरार था, जिसे दो दिन पहले पुलिस ने गुजरात के गोधरा से गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि हसीन 26 में दोहरे हत्याकांड और हत्या के प्रयास के मामले में दोषी ठहराया गया था।

**शराब घोटाला**

# चैतन्य बघेल ने हिरासत पर रखे जाने को हाईकोर्ट में दी चुनौती

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। शराब घोटाल में मनी लॉड्रिंग के मामले में हिरासत में लिए गए चैतन्य बघेल की याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच के समक्ष ईडी ने अपना पक्ष रखा मामले की अगली सुनवाई 8 सितंबर को तय की गई है छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन पर 18 जुलाई को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था।



- ईडी ने रखा पक्ष
- अब 8 सितंबर को होगी पेशी

मामले में ईडी ने बताया था कि 2161 करोड़ रुपए के शराब घोटाला में चैतन्य बघेल ने 16 करोड़ 70 लाख रुपये की अवैध कमाई की है जिसे उन्होंने अपने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट किया। ईडी की जांच में यह बात सामने आई कि साल 2019 से साल 2022 के बीच छत्तीसगढ़ में 2161 करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ इस दौरान प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी ईडी का दावा है कि इस पूरे मामले में राज्य के बड़े नेताओं और अधिकारियों का समर्थन था शराब घोटाला के आरोप में कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे कवासी लखमा इस समय जेल में बंद है

# चुनाव आयोग ने पवन खेड़ा को नोटिस भेजा



**नई दिल्ली**, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा पर दो विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का आरोप लगा है। इस मामले में चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस भेजा है। चुनाव आयोग ने पवन खेड़ा से जवाब मांगा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। साथ ही, पवन खेड़ा को 8 सितंबर को कार्यालय बुलाया गया है। इससे पहले भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दावा किया कि खेड़ा के पास जंगपुरा और नई दिल्ली दोनों विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी नंबर) हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस नेता ने कई बार मतदान किया है, जो चुनावी कानून का उल्लंघन है।

**दो जगह मेरे नाम के लिए आयोग जिम्मेदार : खेड़ा**

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि वोटर सूची में अगर दो जगह उनका नाम है तो इसमें चुनाव आयोग की गलती है और आयोग को ये बताना चाहिए कि उनके नाम पर किससे वोट दिलवाया जा रहा है। वह नौ साल पहले नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जंगपुरा शिफ्ट हो चुके हैं और यदि उनका नाम अब भी वहां की वोटर लिस्ट में है तो यह आयोग की गलती है।

# अफगानिस्तान में भूकंप से 1411 लोगों की मौत

**काबुल**, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था।

भूकंप से मरने वालों की संख्या अब तक 1411 हो गई है, जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है। रविवार को जिस वक्त भूकंप आया तब ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए।

## भारत ने 1 टेंट काबुल भेजे



अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी हैं। इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही, 15 टन खाने का सामान काबुल से कुनार भेजा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी।

**पीएम मोदी ने विपक्ष पर उठाए सवाल**

# कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गाली दी गई



**नई दिल्ली**, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार की ग्रामीण महिलाओं के लिए 'बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस-राजद पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में जो हुआ, उसकी मैं कल्पना नहीं कर सकता हूं। 'मां का अपमान' पीड़ा देने वाला था।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान अपनी मां का जिक्र करते हुए कहा, 'मेरी 'मां' का कांग्रेस-राजद के मंच से अपमान किया गया। ये मेरी 'मां' का नहीं, बल्कि हर 'मां' का अपमान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारी सरकार के लिए मां की गरिमा, उसका सम्मान और उसका स्वाभिमान बहुत बड़ी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## मोदी की मां पर कांग्रेस-राजद की टिप्पणी संस्कारहीनता का परिचायक : साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताश्री के संबंध में कांग्रेस और राजद नेताओं द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी को अत्यंत आपत्तिजनक बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वाणी ही मनुष्य के संस्कारों का सचित्र प्रतिबिंब होती है और इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी विपक्षी दलों के दोषपूर्ण संस्कारों का दर्पण है। श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश ही नहीं, विश्व के भी सम्मानित नेता हैं। उनकी स्वर्गीय माताश्री पर अशोभनीय टिप्पणी करना न केवल एक व्यक्ति विशेष का अपमान है बल्कि भारतीय संस्कृति में मां जैसे पवित्र शब्द का भी अपमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी संकीर्ण मानसिकता किसी भी तरह से लोकतांत्रिक मूल्यों और भारतीय परंपराओं ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# जरांगे के आगे झुकी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई**, 2 अगस्त (देशबन्धु)। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन के आगे देवेंद्र फडणवीस सरकार झुक गई है। सरकार ने आजाद मैदान में अनशन पर बैठे मनोज जरांगे पाटिल की अधिकांश मांगें मान ली हैं, जिनमें हैदराबाद गजट जारी कर मराठा समाज को कुनबी जाति का दर्जा देने की मांग भी शामिल है। सरकार के इस फैसले के बाद मनोज जरांगे ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए ऐलान किया कि हम जीत गए हैं। इसके बाद जरांगे ने अपना अनशन तोड़ दिया।

- सरकार ने पाटिल की मांगें मानी
- कुनबी प्रमाण पत्र के लिए बनेगी कमेटी

इसके साथ ही मनोज जरांगे ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने मराठा आरक्षण आंदोलन के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने का वादा किया है। मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार की मंत्रिमंडलीय उप-समिति द्वारा जिन मांगों को स्वीकार किया गया है उनमें पात्र मराठों को कुनबी जाति का होने का प्रमाण पत्र देना भी शामिल है। उप-समिति ने हैदराबाद गजट को लागू करने की जरांगे की मांग को स्वीकार कर लिया और कहा कि कुनबी रिकॉर्ड वाले मराठों को उचित जांच के बाद जाति प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। इससे पहले मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल की अध्यक्षता वाली राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप-समिति ने आज दोपहर आजाद मैदान में अनशन स्थल पर जरांगे से मुलाकात की। समिति के अन्य सदस्यों में शिवेन्द्रसिंह भोसले, उदय सामंत, माणिकराव कोकाटे भी शामिल हैं।

# 'आयुष मिशन और राज्यों में क्षमता निर्माण' विषय पर दिल्ली में दो दिनी सम्मेलन

**रायपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। आयुष मंत्रालय 3 और 4 सितम्बर को राजधानी दिल्ली के सरिता विहार स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में दो दिवसीय 'राष्ट्रीय आयुष मिशन और राज्यों में क्षमता निर्माण' विषयक विभागीय शिखर सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव करेंगे।

**छह राज्यों के उप समूह के लिए छत्तीसगढ़ राज्य नोडल के रूप में नामित**

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आयुष क्षेत्र की नीतियों, योजनाओं और अनुभवों पर साझा मंच प्रदान करना है। इसमें जमीनी स्तर के सुझावों से लेकर भविष्य की रणनीतियों पर गहन चर्चा की जाएगी। इस पहल के जरिए राष्ट्रीय आयुष मिशन को और प्रभावी व व्यापक बनाने पर जोर दिया जाएगा। शिखर सम्मेलन में चौथे मुख्य सचिव स्तरीय सत्र को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरस्थ नेतृत्व में संबोधित किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री आयुष क्षेत्र की भावी दिशा और महत्वाकांक्षी योजनाओं पर अपने विचार रखेंगे। इस सम्मेलन में आयुष व ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# शिकार के पूर्व तीन शिकारी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार वन्य प्राणियों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में सख्त कार्रवाई करते हुए बलौदाबाजार वनमण्डल ने शिकार की एक बड़ी साजिश को विफल किया है। वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर ने बताया कि देवपुर वन परिक्षेत्र की टीम ने 31 अगस्त 2025 की रात कसौंदी बीट में गश्त के दौरान शिकार की योजना बना रहे तीन आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। ये आरोपी विद्युत जीआई तार को 11 केवी लाइन से जोड़कर वन्य प्राणियों का शिकार करने की कोशिश कर रहे थे। इन आरोपियों से मौके पर जीआई तार, दवाइयों की खाली शीशियाँ, लकड़ी की खूंटी, प्लास्टिक कवर पाइप और बांस की ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



**उपलब्धि** इसरो की सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला में की गई तैयार

# पहली स्वदेशी 32-बिट चिप 'विक्रम' हुई पेश

- अश्विनी वैष्णव ने कहा, दुनिया भारत की ओर विश्वास से देख रही

**नई दिल्ली, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। देश के लिए एक ग्लोबल सेमीकंडक्टर हब बनने की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहला भारत निर्मित प्रोसेसर और चार स्वीकृत परियोजनाओं के टेस्ट चिप्स पेश किए।**

*इसरो की सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) द्वारा 'विक्रम' नामक पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित किया गया है। इसे स्पेस लॉन्च व्हीकल्स की कठोर पर्यावरणीय परिस्थितियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो आयातित चिप्स पर निर्भरता कम करने के भारत के प्रयासों में एक मील का पत्थर है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पहले 'मेड इन इंडिया' चिप्स। यह किसी भी देश के लिए गर्व का क्षण है। आज भारत ने यह उपलब्धि हासिल कर ली है। उन्होंने आगे कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच, दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक कार्रवाई से संभव हुई है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने 'सेमीकॉन इंडिया 2025' कार्यक्रम में भारत के सेमीकंडक्टर इंफ्रास्ट्रक्चर की तीव्र प्रगति पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'कुछ साल पहले ही, हम अपने प्रधानमंत्री के दूरदर्शी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर एक नई शुरुआत करने के लिए पहली बार मिले थे, हमने भारत सेमीकंडक्टर मिशन की शुरुआत की थी। 3.5 वर्ष की छोटी सी अवधि में, दुनिया भारत की ओर विश्वास से देख रही है।'*

***पांच इकाइयों का निर्माण तेजी से चल रहा**–उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया, 'वर्तमान में पांच सेमीकंडक्टर इकाइयों का निर्माण तेजी से चल रहा है। हमने अभी-अभी प्रधानमंत्री मोदी को पहली 'मेड-इन-इंडिया' चिप भेंट की है। सेमिकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा ने गति पकड़ी है। सरकार पहले ही हाई-वॉल्यूम* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच विद्यार्थियों व ग्रामीणों को अपराध से दूर रहने का संदेश





**मुंगेली,** 02 सितम्बर (देशबन्धु)। मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे "पहल जागरूकता अभियान" के तहत 31 अगस्त एवं 01 सितम्बर को अचानकमार, छपरवा, लमनी और विंदावल जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल विद्यार्थियों और ग्रामीणों को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बच्चों को समाज में बढ़ती कुरीतियों एवं अपराधों से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यशालाओं और मनोरंजनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुशासित टाइम टेबल बनाकर शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने, कड़ी मेहनत, लगन और ईमानदारी से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों को अपनी प्रतिभाओं को निखारने और रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के लिए उत्साहित किया गया।चौकी प्रभारी खुड़िया सहायक उपनिरीक्षक माधव टांडिया के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शत्रुघन खूँटे, बबीता श्रीवास एवं पुलिस बाल मित्र रोशना डेविड (उड़ान जी एस सो महासमुंद) की टीम द्वारा ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।अभियान के दौरान साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े अपराध, यातायात नियम, नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। पॉक्सो एक्ट की जानकारी भी साझा की गई। विद्यार्थियों को आत्म-सुरक्षा के तकनीक सिखाए गए ताकि वे अपने व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास कर सकें।

इस अवसर पर ग्राम अचानकमार सरपंच मीना अनंत, उप सरपंच दीप प्रकाश शाकत, छपरवा सरपंच रोहित अनंत, लमनी सरपंच खुशबू देवी, अग्रवाल सरपंच प्रतिनिधि अमित अग्रवाल एवं ग्राम सचिव मालिक राम अनंत ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत चौकी प्रभारी ने सरपंचों को अपने गांव में शमी पेड़ लगाने हेतु पौधे भी वितरित किए। ग्रामवासी एवं स्कूली विद्यार्थियों ने इस जागरूकता अभियान से लाभ उठाया।

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल को सामाजिक संगठनों ने दिया समर्थन

## कहा -जायज मांगों को सरकार करे पूरा

**मुंगेली** 02 सितम्बर (देशबन्धु)। एनएचएम कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल को आज तहसील साहू संघ जरहागांव, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिला-मुंगेली एवं केन्द्रीय गोंड़ महासभा मुंगेली द्वारा हड़ताली कर्मचारियों के 10 सूत्रीय मांगों का समर्थन करते हुए अपना समर्थन पत्र दिया गया।



इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष सह तहसील साहू समाज जरहागांव के अध्यक्ष रामचंद्र साहू ने 10 सूत्रीय मांगों का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि एनएचएम संविदा कर्मचारियों की मांग जायज है, संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा ही कोरोना जैसे महामारी के दौरान अपनी जान की परवाह किये बिना निःस्वार्थ भाव से सेवायें दी है एवं आम नागरिकों की जान बचायी है, आज आप लोगों के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल को सत्ता में बैठी सरकार द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एवं साहू समाज के द्वारा कर्मचारियों की मांगों को पूर्ण कराने के लिये हर संभव प्रयास किया जायेगा।

सेवा दल अध्यक्ष एवं प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष दिलीप बंजारा ने कहा कि एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांग जायज है।

युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सह जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांत भास्कर ने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को अब जन-जन का समर्थन मिल रहा है। शासन कर्मचारियों को डराना-धमकाना या बर्खास्तगी का डर दिखाना बंद करें और उनकी मांगों पर तत्काल अमल कर बाधित स्वास्थ्य सेवाओं को पुनः बहाल करें।

केन्द्रीय गोंड़ महासभा मुंगेली के जिला सचिव जिगेश्वर सिंह ध्रुव ने कहा कि पूरा आदिवासी समाज एनएचएम कर्मचारियों के साथ है मांग पूरी होते तक हम आपके साथ संघर्षरत रहेंगे। सरकार को जगाने में हर संभव प्रयास करेंगे। पूर्व जनपद सदस्य दिनेश धृतलहरे, कमल प्रसाद जांगड़े, आनंद पाण्डेय, अहसान अली, राजेश सोनी, कृष्ण बंजारे, नरोत्तम साहू, बलराम यादव, रोहित यादव सहित एनएचएम संघ के जिलाध्यक्ष पवन निर्मलकर, अमित दुबे, डॉ शशांक उपाध्याय, डॉ विजय लक्ष्मी जोगी, डॉ भास्कर सिंह राठौर, डॉ ज्योति पाण्डेय डॉ. अखिलेश बंजारे, डॉ. मीनाक्षी बंजारे, मनीष गुप्ता, शैलेन्द्र पाण्डेय, निमिष मिश्रा, विनोद देवांगन,रितेश मिश्रा, उषा देवांगन, वीणा टंडन, श्री गोविंद साहू, जितेन्द्र गौचंद, केनेड़ी, लक्ष्मी, शकुंतला, पुष्पांजलि, रखमण, नम्रता, गोविन्द, वैभव, नंदनी, दिलेश्वरी, सहित समस्त एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**उत्तर भारत में बारिश...**

अधिकारी हालात का जायजा ले रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68 फीसदी ज्यादा (256.8 मिमी) बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है। शिमला में पिछले 24 घंटे में लैंडस्लाइड और मकान गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है।

**राज्यपाल सम्मान से ...**

से सहायक शिक्षक एल.बी. खोमन लाल सिन्हा एवं शिक्षक एल.बी. श्रीमती दिप्ती मिश्रा, सक्ती से शिक्षक एल.बी. संजीव कुमार चंद्रवंशी एवं सहायक शिक्षक एल.बी. श्रीमती नीरा साहू, बालोद से व्याख्याता एल.बी. नरोत्तम कुमार यदु एवं सहायक शिक्षक एल.बी. सुश्री एनुका सार्वा का नाम शामिल है। जांजगीर-चांपा जिला से व्याख्याता अमृत लाल साहू एवं व्याख्याता एल.बी. श्रीमती प्रतीक्षा सिंह, बेमेतरा से शिक्षक एल.बी. श्रीमती सुनीता राजपूत एवं शिक्षक एल.बी. श्रीमती केवरा सेन, महासमुंद से व्याख्याता एल.बी. जगदीश सिन्हा एवं व्याख्याता एल.बी डॉ. श्रीमती ज्योति किरण चंद्राकर, बिलासपुर से व्याख्याता एल.बी. श्रीमती शांति सोनी एवं प्रधान पाठक शिव कुमार छत्रवाणी का नाम शामिल है। बस्तर से व्याख्याता श्रीमती सईदा खान एवं व्याख्याता/प्रधान अध्यापक श्रीमती देवश्री गोयल, उत्तर बस्तर कांकेर से व्याख्याता श्रीमती कुसुम जैन, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही से प्राचार्य श्रीमती आरती तिवारी एवं प्रधान पाठक एल.बी. कु. साबरा निशा, बीजापुर से प्रधान पाठक जगदीश तोरेंम एवं व्याख्याता एल.बी. अरूण कुमार सिंह का चयन राज्यपाल सम्मान समारोह के लिए किया गया है।

कांग्रेस के मंच से ...

प्राथमिकता है। इस संस्कारवान बिहार में कुछ दिन पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी। बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है। ये देश की माताओं, बहनों और बेटियों का अपमान है। आप सभी को, बिहार की हर मां को, ये देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा होगा, इस बात को मैं जानता हूं, जितना दर्द मेरे दिल में है, उतना ही दर्द बिहार के लोगों को भी है।' उन्होंने कहा, एक बेटे की पीड़ा शाही खानदान वाले समझ नहीं सकते हैं। बहुत गरीबी में मेरी मां ने मुझे पाला है। मां का स्थान देवी स्थल से ऊंचा है और उन्हें अपमानित किया गया।

**मोदी की मां पर...**

के अनुरूप नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर भारतीय इस अमर्यादित टिप्पणी से आहत हुआ है। सुसंस्कृत समाज में मां का स्थान सर्वोच्च माना गया है। भारतीय संस्कृति में मां को ईश्वर से भी बढ़कर स्थान दिया गया है। ऐसे में किसी भी राजनैतिक मतभेद या वैचारिक असहमति के बावजूद किसी की माताश्री के संबंध में अपमानजनक टिप्पणी करना सभ्य आचरण के सर्वथा विपरीत है।

**आयुष मिशन और राज्यों में...**

आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ एकीकरण, जनस्वास्थ्य कार्यक्रम, औषधीय पौधों का संवर्द्धन, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सा के विस्तार सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र होंगे। आयुष का आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ एकीकरणज्उप विषय पर छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, ओडिशा, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश को शामिल कर कार्य समूह का गठन होगा। इसके समन्वय के लिए छत्तीसगढ़ और अरुणाचल प्रदेश को नोडल राज्य के रूप में नामित किया गया है।

**शिकार के पूर्व तीन ...**

डांगिनी जैसी सामग्री जब्त की गई। वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर ने बताया कि यह सफलता विगत दिनों आयोजित बैठक और रात्रिकालीन गश्त की सुदृढ़ व्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस त्वरित कार्रवाई में संभावित शिकार को रोका, जिसका सारा श्रेय वन विभाग की सजगता और तत्परता को जाता है।

गिरफ्तार आरोपियों में बालाराम बरिहा (50 वर्ष), गणेशराम बरिहा (28 वर्ष) और गुनसागर बरिहा (51 वर्ष) सभी ग्राम कुम्हारी, थाना राजादेवरी, जिला बलौदाबाजार निवासी हैं। इन आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 एवं संशोधित अधिनियम 2022 की धाराओं के अंतर्गत अपराध दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशों के परिपालन में उक्त कारवाई हुई है उन्होंने वन विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से वन्य प्राणियों की सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने आमजन और युवाओं से अपील की है कि वन्यजीवों की रक्षा में वन विभाग का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना विभाग को दें।

**पहली स्वदेशी 32-बिट चिप...**

फैब्रिकेशन यूनिट्स (फैब्स), 3डी हेटेरोजेनस पैकेजिंग, कंपाउंड सेमीकंडक्टर और आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्टिंग (ओएसएटी) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 10 परियोजनाओं को मंजूरी दे चुकी है। इसके अलावा, डिजाइन-केंद्रित पहलों ने 280 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों और 72 स्टार्ट-अप्स को एडवांस्ड टूल्स से सहायता प्रदान की है, जबकि डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (डीएलआई) योजना के तहत 23 स्टार्ट-अप्स को मंजूरी दी गई है।

# पावरलिफ्टिंग में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मोनू गोस्वामी हुए सम्मानित



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 02 सितम्बर (देशबन्धु)। फिजिकल कॉलेज पेंड्रा ग्राउंड में खेल विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस पर पावरलिफ्टिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सकोला तहसील के ग्राम सेखवा निवासी मोनू गोस्वामी को सम्मानित किया गया।

जिसमें विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। जिले के छोटे से ग्राम सेखवा से आने वाले मोनू गोस्वामी को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर स्वर्ण एवं रजत पदक हासिल करने पर जिते के उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में समाम्नित किया गया। ज्ञात हो कि मोनू संसाधनों के अभाव के बाद भी हार न मानते हुए भी स्वयं भी खेलते है एवं लगभग 27 खिलाडियो को आगामी राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए अभ्यास करा रहे हैं जिसका वो कोई भी शुल्क नहीं लेते ।

उनका सपना है कि वो ज्यादासेज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मेडल जीतकर देश एवं विदेश में अपने क्षेत्र का नाम रोशनकर सकें। इस दौरान जिला कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, विधायक श्रीप्रणवकुमार मरपच्ची एवं विभिन्न जनप्रतिनिति उपस्थित थे।

## निधन

### पूरन देवांगन



**तखतपुर।** वार्डक्रमांक 11 के निवासी पूरन देवांगन 38 वर्ष का 2 सितम्बर को निधन हो गया। वे ईश्वर देवांगन के छोटे भाई थे। इनका अंतिम संस्कार देवांगनपारा मुक्तिधाम में किया गया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
विकास भवन नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन नं. 07752-222642,
फेक्स नं. 07752-413888
Email- buildingsectionbmc@ gmail. com,
website-www.bilaspurnagarnigam.com

**''आम सूचना''**

क्र. 837/ न.पा.नि./ भ.शा./ 2025-26
बिलासपुर, दिनांक 25/08/2025

बिलासपुर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. डायरेक्टर श्री अशोक अग्रवाल पिता स्व. जगमोहन दास अग्रवाल, निवासी-बी.एफ-1 प्रथम तल राजीव प्लाजा बस स्टेण्ड के पास बिलासपुर (छ.ग.) के नाम से इस कार्यालय का पंजीकृत कालोनाईजर लायसेंस रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, क्र. 134 दिनांक 22.10.2018 को जारी किया गया था।

आवेदक बिलासपुर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. डायरेक्टर श्री अशोक अग्रवाल पिता स्व. जगमोहन दास अग्रवाल, निवासी-बी.एफ-1 प्रथम तल राजीव प्लाजा बस स्टेण्ड के पास बिलासपुर (छ.ग.) को आवेदन प्रस्तु कर उक्त लायसेंस के तहत् आगे कोई कार्य नहीं करना चाहते एवं नवीनीकरण नहीं करना चाहते हैं। अतः उक्त कालोनाईजर लायसेंस रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, क्र. 134 दिनांक 22.10.2018 को निरस्त कर जमा बैंक गारंटी क्र. 18129BG000016 राशि 10,00,000.00 (शब्दों में दस लाख रू. मात्र) बैंक का नाम बैंक-कर्नाटक बैंक लिमि., लिंक रोड़ बिलासपुर जारी दिनांक 20.07.2018 वैधता दिनांक 19.07.2023 को वापस करने की मांग की गई है।

इस संबंध में आम सूचना जारी की जाती है, कि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर अपना दावा आपत्ति प्रस्तु कर सकते हैं। समय पर कोई दावा आपत्ति प्राप्त न होने पर बिलासपुर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि.डायरेक्टर श्री अशोक अग्रवाल पिता स्व. जगमोहन दास अग्रवाल, निवासी-बी.एफ-1 प्रथम तल राजीव प्लाजा बस स्टेण्ड के पास बिलासपुर (छ.ग.) को कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर का पंजीकृत कालोनाईजर लायसेंस रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, क्रमांक 134 दिनांक 22.10.1018 को निरस्त कर जमा बैंक गारंटी क्र. 18129BG000016 राशि 10,00,000.00 (शब्दों में दस लाख रू. मात्र) बैंक का नाम बैंक-कर्नाटक बैंक लिमि., लिंक रोड़ बिलासपुर जारी दिनांक 20.07.2018 वैधता दिनांक 19.07.2023 को वापस करने का अधिकार नगर पालिक निगम बिलासपुर के पास सुरक्षित रहेगा। समयसीमा के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति ग्राह्य नहीं होगा। (आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

**भवन अधिकारी,**
**नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ALOK GUHA ANJOY S/O AJIT KUMAR ANJOY resident of MIG 2/4 M.P. NAGAR KORBA (C.G.) have changed my old name ALOK GUHA ANJOY S/O AJIT KUMAR ANJOY so in future I should be recognized by my new name that is ALOK KUMAR GUHA ANJOY S/O AJIT KUMAR ANJOY in all Government and other documents.

**ALOK KUMAR GUHA ANJOY**
MIG 2/4 M.P. NAGAR
KORBA (C.G.)

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुनील आडवानी, पिता श्री मनोहर लाल आडवानी, निवासी टेलीफोन एक्सचेंज रोड, पुराना बस स्टैंड, निराला नगर, बिलासपुर (छत्तीसगढ़), यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम सुनील आडवानी को त्याग कर नया नाम सुनील कुमार आडवानी रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम सुनील कुमार आडवानी पिता श्री मनोहर लाल आडवानी से ही जाना एवं पहचाना जाये।

**सुनील कुमार आडवानी**
पिता श्री मनोहर लाल आडवानी
टेलीफोन एक्सचेंज रोड,
पुराना बस स्टैंड, निराला
नगर, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

## आवश्यकता

अशासकीय महाविद्यालय में परिनियम-28 के तहत नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित है। पद-प्राचार्य, सहा.प्र.- हिन्दी, राजनीति, विज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र- प्रत्येक एक पद।

वेतन- UGC एवं राज्य सरकार के नियमानुसार आवेदन की अंतिम तिथि- 15 सितम्बर 2025

प्राचार्य
**डॉ. भंवर सिंह पोर्ते**
आदिवासी महाविद्यालय
मरवाही,
जिला- जी.पी.एम. (छ.ग.)
**(जी.तिवारी)**
**9424151350**

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**विद्युत कार्य हेतु निविदा सूचना**

**निविदा संख्याः सीपीएम-ईएल- आरआईजी-जेएसजी-2025-26-14, (खुली निविदा) (टू पैकेट सिस्टम)**

**कार्यः** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर डिवीजन के रायगढ़-झारसुगुडा खंड (सभी यार्ड सहित) के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग (70 आरकेएम/ 280 टीकेएम) हेतु। **निविदा मूल्यः** ₹ 97,80,18,762/-. (₹ सत्तानवे करोड अस्सी लाख अठ्ठारह हजार सात सौ बासठ मात्र)। **अमानत राशिः** ₹ 50,40,100/-. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 18 (अठारह) माह।

**निविदा बंद होने की तिथि व समयः 23.09.2025** को **15.00** बजे। **निविदा खोलने की तिथि व समयः 23.09.2025** को **15.30** बजे।

विस्तृत जानकारी/ निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के कार्यालय, पुराना कंस्ट्रक्शन भवन, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय के बगल, बिलासपुर पिनः 495004 में संपर्क करे अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/ देख सकते हैं।

*कृते मुख्य परियोजना प्रबंधक(विद्युत)/*
*सीपीआर/10/287 द.पू.म.रे.,बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

## कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला-कोरबा छत्तीसगढ

क्रमांक/ ठेका /आब./2025/1720 कोरबा, दिनांक - 25/08/2025

**शराब बिक्री हेतु दुकान को भाड़े पर लिए जाने बाबत् लघु**

**निविदा सूचना**

जिले के नवीन प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान एन.टी.पी.सी. दर्री के लिए नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत आपत्तिरहित स्थल पर भवन किराये पर लेने निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें एवं निविदा फार्म दिनांक 17.09.2025 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी कक्ष क्रमांक-17 से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 18.09.2025 समय दोपहर 2:00 बजे तक नियत है तथा दिनांक 18.09.2025 को ही सायं 4:00 बजे तकनीकी निविदा खोली जावेगी। उक्त दिवस को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस मान्य होगा।

**प्र.सहायक आयुक्त आबकारी**
**हेतु-कलेक्टर**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

जी- 252603182/2

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक- 2 बिलासपुर (छ.ग.)

(झूलेलाल धर्मशाला के बगल में चकरभाठा केम्प जिला-बिलासपुर)
E-mail ID-ee.2bsp@rediffmail.com

**शुद्धि-पत्र**

**विषयः-** आपके द्वारा प्रदाय किया गया जी नम्बर- 252602966/1

इस कार्यालय के निविदा विज्ञप्ति क्र. 3369/NIT-6/2025-26/SAC/ व.ले.लि./ दिनांक 20/08/2025 में आमंत्रित निविदाओं में टेण्डर नम्बर T0046 में कार्य संपादन हेतु 01 माह का समय निर्धारित था, जो कि वर्षाकाल अंतर्गत है, तथा अत्याधिक वर्षा होने के कारण रोड मार्किंग का कार्य कराया जाना संभाव नहीं है। अतः उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अपरिहार्य कारणों से टेण्डर नम्बर T0046 को निरस्त किया जाता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक-2**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

जी-252603166/1

## CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (CIN: U40108CT2003SGC015821)

No.15-06/S&P/EE-V/HQ/W/T-215/25/2537 Marwa, dtd.29-08-2025

**NOTICE INVITING E-TENDER NOTICE NO. TN-134/2025**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No | Tender Specification No. | Rfx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/S&P/ EE-V/ HQ/W/ T-215/25 | 8100045940 | Work contract for Supply and installation of rubber mat, synthetic badminton mat, net pole, net, removal and re-installation of existing synthetic badminton court at Badminton hall in Junior Club at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 26.09.2025 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @ 18%) | Rs. 9,200/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //
Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P)ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./ निर्माण/ 2025 दिनांक 29.08.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.04 राताखार सतनाम भवन परिसर के पास अतिरिक्त कक्ष व किचेन शेड निर्माण कार्य। (प्रभारी मंत्री मद) (प्रथम निविदा) | 15.00 | 22.09.2025 (T.No.174463) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**कोरबा (छत्तीसगढ़)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्र. / 15 / न.पा.नि./ जलप्रदाय शाखा/2025-26 बीरगांव, दिनांक 29/08/2025

**वार्षिक निविदा 2025-26 मैन्यूअल पद्धति निविदा आमंत्रण**

निकाय क्षेत्रान्तर्गत ट्यूब वेल में नया सबमर्सिबल पम्प डालना तथा पुराना सबमर्सिबल पम्प गरम्मत हेतु खोलना / डालना कार्य (लेबर वर्क) तथा प्लेटफार्म निर्माण कार्य (सामग्री एवं लेबर सहित) हेतु निविदा प्रपत्र ''बी'' में पात्र फर्मों से मुहरबंद निविदाएं तीन लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री डॉक से आमंत्रित हैं।

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 12.09.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 15.09.2025 सायं 5.00 बजे तक।
निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 23.09.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक।
प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 23.09.2025 सायं 4.00 बजे।

| कार्य समूह कं. | कार्य क्षेत्र | अनुमानित लागत राशि (लाख रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड कं. 01 से 05 ( उरला क्षेत्र) | 7.00 |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से तथा साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigam-birgaon.com अथवा संचालनालय की बेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**आयुक्त**

## Nava Raipur Atal Nagar Vikas Pradhikaran

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19,
Nava Raipur Atal Nagar, Raipur - 492 002, Chhattisgarh.
Tel No. + 91 771 2512500; Fax No.+ 91 771 2512400. Website: www.navaraipuratalnagar.com

**Notice Inviting Tender**

NIT No.: 50 / / /NRANVP/2025 Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 29/8/2025

Online Tenders are invited for "Appointment of Transaction Advisor to assist in carrying out feasibility study, project structuring and support in bid process for Medi-City Project at Nava Raipur Atal Nagar" details of the project are as below.

| S. No. | System Tender No. | Particulars of Project | EMO (INR Lakhs) |
|---|---|---|---|
| 1 | | Appoinment of Transaction Advisor to assist in carrying out feasibility study, project structuring and support in bid process for Medi-City Project at Nava Raipur Atal Nagar | 1.00 |

Prospective bidders are requested to download tender from website and Tender processing fee is INR. 5,900.00 Only (Including GST)
* Date of Pre-bid meeting-from 12:00 PM to 12:30 PM on 12th Sept. 2025
* Last Date for Online submission of Tender- up to 05:00 PM on 29th Sept. 2025
* Last Date for Hard copy submission of Technical Bid - up to 03:00 PM on 30th Sept. 2025
* Opening of Technical Bid after 03:30 PM on 30th Sept. 2025

The Bid document and terms & codnitions are available on the e-procurement website https://eproc.cgstate.gov.in.
Any amendment/modification in the tender documents, will only be uploaded on the e-Procurement website and shall not be published in any newspaper.
Note: If the date of Hard copy submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered.

(Approved by CEO)

Samvad - 45107/2

**Engineer-in-Chief**
**NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar**

# देश

**उवाच** “ राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की पार्टी के लोग पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, इससे पूरा देश आहत है। पीएम मोदी के साथ बिहार की माता-बहनें इस बदसलूकी का बदला लेने के लिए तैयार हैं: **विजय कुमार सिन्हा, बिहार उपमुख्यमंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29. | 22. |
| मुंबई | 31. | 25. |
| कोलकाता | 31. | 26. |
| चेन्नई | 36. | 27. |

**मल्लिकार्जुन खरगे ने पंजाब में विनाशकारी बाढ़ के कारण मरने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की**


# कांग्रेस नेताओं से पीड़ितों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिए

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पंजाब में विनाशकारी बाढ़ के कारण मरने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मंगलवार को मल्लिकार्जुन खड़गे ने पंजाब कांग्रेस के नेताओं से बात करके पीड़ितों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिए।

**मल्लिकार्जुन खरगे ने राहत और पुनर्वास के लिए सरकारों से अधिक प्रयास करने का आग्रह किया**

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'पंजाब में ढाई लाख से ज्यादा लोग विनाशकारी बाढ़ से जूझ रहे हैं। कई लोगों की जान जा चुकी है। जिन परिवारों को नुकसान हुआ है, उनके प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैंने पंजाब के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से बात की है। कांग्रेस पार्टी हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान करेगी।'

उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, 'केंद्र सरकार और राज्य सरकार को स्थिति को बेहतर बनाने के लिए राहत, पुनर्वास और शीघ्र चिकित्सा सहायता सहित और अधिक प्रयास करने चाहिए। केंद्र सरकार को उत्तर भारत के बाढ़ प्रभावित राज्यों को और अधिक धनराशि प्रदान करनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड और हरियाणा की मांगों के अनुसार एक समर्पित पैकेज तुरंत प्रदान किया जाना चाहिए।'



**'केंद्र सरकार और राज्य सरकार को स्थिति को बेहतर बनाने के लिए राहत, पुनर्वास और शीघ्र चिकित्सा सहायता सहित और अधिक प्रयास करने चाहिए। केंद्र सरकार को उत्तर भारत के बाढ़ प्रभावित राज्यों को और अधिक धनराशि प्रदान करनी चाहिए: मल्लिकार्जुन खरगे**

खड़गे ने यह भी कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए और सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संकटग्रस्त लोगों को पर्याप्त मुआवजा सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री केयर्स फंड का उपयोग किया जाना चाहिए।

इस बीच, दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने कहा कि पंजाब इस समय भीषण बाढ़ की चुनौती से जूझ रहा है। इस कठिन घड़ी में हम सब पंजाब के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'मुख्यमंत्री भगवंत मान खुद प्रभावित इलाकों में जाकर हालात का जायजा ले रहे हैं और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि पंजाब जल्द इस आपदा से उबरेगा और पहले की तरह देश की तरक्की में मजबूती से भागीदारी करेगा।'

बता दें कि इस समय पंजाब विनाशकारी बाढ़ की मार झेल रहा है। कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे लगभग जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पंजाब के राजस्व मंत्री हरदीप मुंडियन के अनुसार, 1 अगस्त से 1 सितम्बर तक 12 जिलों में 29 लोगों की मौत हुई।

## चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था नहीं रही: डी.के.एस एलंगोवन

**चेन्नई**, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। डीएमके के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता टी.के.एस. एलंगोवन सिंगल ने मंगलवार को चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाए।



उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की मौजूदा कार्यशैली से यह साफ जाहिर हो रहा है कि आज की तारीख में चुनाव आयोग भाजपा का विंग बन चुका है। चुनाव आयोग सिर्फ भाजपा के लिए राजनीतिक माहौल को सकारात्मक बनाने की कोशिश में जुटा हुआ है।

उन्होंने कहा कि पहले लोगों को चुनाव आयोग पर विश्वास होता था। देश के लोगों को ऐसा लगता था कि चुनाव आयोग एक ऐसी संस्था है, जो निष्पक्ष चुनाव कराने में विश्वास करती है। यह संस्था लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन होने से बचाती है। लेकिन, पिछले कुछ दिनों से अपनी संदिग्ध कार्यशैली की वजह से यह आयोग खुद ही सवालों के घेरे में आ चुका है। सिंगल ने कहा कि मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि देश की जनता भाजपा की सोच से अवगत हो चुकी है। लोग इस बात को जान चुके हैं कि आखिर भाजपा लोगों के बारे में क्या विचार रखती है, लोकतंत्र को लेकर उनकी क्या राय है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बयान दिया था कि छह महीने में बिहार में डबल इंजन की सरकार गिर जाएगी और इसके बाद एक ऐसी सरकार आएगी, जो गरीबों और पिछड़ों के हितों को लेकर काम करेगी। इस पर सिंगल ने कहा कि इस डबल इंजन की सरकार से समर्थन वापस ले लिया जाए, तो इसका टिकना मुश्किल हो जाएगा।

## स्टार्ट-अप से लेकर स्मार्ट शहरों तक भारतीय बैंक हो सकते हैं मददगार : मुर्मु

- राष्ट्रपति ने सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस पर दिया संबोधन

**चेन्नई,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि स्टार्ट-अप से लेकर स्मार्ट शहरों तक भारतीय बैंक अच्छे मददगार हो सकते हैं। सुश्री मुर्मु ने सिटी यूनियन बैंक (सीयूबी) के 120वें स्थापना दिवस पर अपने संबोधन में कहा, 'स्टार्ट-अप से लेकर स्मार्ट शहरों तक, ऐसे कई क्षेत्र हैं जिनमें बैंक मदद कर सकते हैं। बैंक एक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बन सकते हैं।' उन्होंने जोर दिया कि कि डिजिटल और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ, डिजिटल परिवर्तन और उद्यमिता में बैंकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और बैंकिंग उद्योग इसकी विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज बैंकों की भूमिका वित्तीय लेनदेन से आगे बढ़ गई है और बैंक केवल धन के संरक्षक नहीं हैं बल्कि वे विभिन्न प्रकार की वित्तीय सेवाएँ प्रदान करते हैं। ये समावेशी और सतत विकास में भी सहायक हैं।



**डिजिटल और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ, डिजिटल परिवर्तन और उद्यमिता में बैंकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और बैंकिंग उद्योग इसकी विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है: द्रौपदी मुर्मु , राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विकास के महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक वित्तीय समावेशन है, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक नागरिक को किफायती वित्तीय सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करना। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिटी यूनियन बैंक जैसे बैंक बैंकिंग के माध्यम से वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में राष्ट्रीय लक्ष्य को पूरा करने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विकासशील देश में एक बड़ी आबादी अभी भी ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहती है जहाँ औपचारिक बैंकिंग तक सीमित पहुँच है। बैंक और फिनटेक कंपनियाँ वंचित समुदायों के लिए उपयोगकर्ता-अनुकूल मोबाइल ऐप, सूक्ष्म-ऋण और बीमा उत्पाद प्रदान कर रही हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि सिटी यूनियन बैंक ने वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

सुश्री मुर्मु ने आगे कहा कि भुगतान बैंक, डिजिटल वॉलेट और बैंकिंग संवाददाताओं ने वित्तीय सेवाओं को दूर-दराज के गाँवों तक पहुँचाया है। इस क्षेत्र में प्रगति के बावजूद, डिजिटल साक्षरता, इंटरनेट पहुँच और वित्तीय जागरूकता के संदर्भ में अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### सार संक्षेप

#### सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग जनता के सामने आने से भाजपा घबरा रही है : टीकाराम

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता टीकाराम जूली ने 'वोट चोरी' के मामले पर सरकार का घेराव किया। टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा की जड़ें कमजोर हो गई हैं। टीकाराम जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जड़ें कमजोर हो गई हैं। उनकी झूठ की राजनीति जनता के सामने उजागर हो गई है। स्वतंत्र सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग भी अब जनता के सामने है। इसलिए भाजपा घबरा रही है। जबकि कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में देश की आजादी की लड़ाई लड़ी गई थी। कांग्रेस ने देश को मजबूत लोकतंत्र दिया है। टीकाराम जूली ने कहा कि वोट चोरी के मामले में चुनाव आयोग भाजपा का पक्ष क्यों ले रहा है? हमें समझ नहीं आ रहा। अगर हमारे आरोप झूठे हैं, तो चुनाव आयोग को स्पष्ट करना चाहिए और हमें बताना चाहिए कि राहुल गांधी ने जो डाटा पेश किया है, वह गलत है। सच्चाई साफ-साफ सामने आ जाएगी।

#### हम धर्मस्थल मामले की जांच एनआईए को नहीं सौंपेंगे : कर्नाटक गृह मंत्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा है कि राज्य सरकार कथित धर्मस्थल सामूहिक हत्याकांड मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को नहीं सौंपेगी। अगर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कथित षड्यंत्र के वित्तपोषण मामले की अपनी जांच करना चाहता है, तो कर सकता है। मंगलवार को बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा, भाजपा इस मामले की एनआईए जांच की मांग कर रही है। धर्मस्थल मामले को एनआईए को सौंपने की कोई जरूरत नहीं है। हमने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और वह अपना काम कर रही है। इस पृष्ठभूमि में, जब एसआईटी पहले से ही जांच कर रही है, तो मामले को किसी अन्य एजेंसी को सौंपने की कोई जरूरत नहीं है।

#### राहुल गांधी देश और प्रधानमंत्री से माफी मांगे : सारंग

**भोपाल।** बिहार में कांग्रेस की वोट अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गवासी मां को लेकर कहे गए अपशब्दों की हर तरफ निंदा हो रही है। मध्य प्रदेश सरकार के युवा व खेल कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगनी चाहिए। राज्य के मंत्री सारंग ने कहा है कि राहुल गांधी और कांग्रेस ने देश की मान्यताओं और परंपराओं को तार-तार किया है। राहुल गांधी संविधान की बहुत बात करते हैं और देश की जनता को गुमराह करने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। उसी यात्रा के मंच से देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां, जो स्वर्गवासी हैं, पर अपमानजनक टिप्पणी की जाती है।
८

# एनडीए का कल बिहार बंद का ऐलान

**पटना,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। महागठबंधन के वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पिछले दिनों राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मौजूदगी में खुले मंच से पीएम मोदी की मां के लिए आपत्तिजनक बातें कही गईं और प्रधानमंत्री को मां की गाली दी गई। इसको लेकर बीजेपी ने गुरुवार यानी 4 सितम्बर को बिहार बंद का आह्वान किया है। बीजेपी के बिहार बंद को एनडीए के सभी दलों का समर्थन है। इस दौरान रेल सेवा को छोड़कर सड़क और यातायात बंध रखने की अपील की गई है।

दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा राज्य में कराए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार में महागठबंधन ने वोटर अधिक यात्रा निकाली थी, जिसका समापन 1 सितम्बर को पटना में हो गया। इस यात्रा के दौरान दरभंगा में खुले मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली दी गई।

राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ-साथ महागठबंधन के कई नेता मंच पर मौजूद थे। इसी दौरान माइक से पीएम मोदी को मां की गालियां दी गई। इसको लेकर विपक्ष की खूब निंदा हुई। महागठबंधन की यात्रा खत्म होने के बाद बीजेपी ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और आरजेडी और कांग्रेस के नेताओं का विरोध जताने का फैसला लिया है। इसको लेकर गुरुवार को एनडीए ने सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिहार बंद का आह्वान किया है।



- राहुल व तेजस्वी की मौजूदगी में खुले मंच से पीएम मोदी की मां के लिए आपत्तिजनक बातें कही गईं थीं
- महागठबंधन की यात्रा खत्म होने के बाद बीजेपी ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि दरभंगा में कांग्रेस और राजद के मंच से भद्दी गालियां दी गई। यह घटना लोकतंत्र को कलंकित करने वाली है। मां मां होती है,चाहे वो राजद या कांग्रेस किसी की ही हो। मां भगवान की रूप होती है। किसी राजनीतिक प्लेटफार्म से मां को भद्दी भद्दी गालियां दी जाए यह कोई नहीं सोच सकता। क्या उस मा को गाली देने कोई सोच सकता? पूरे बिहार की धरती को शर्मशार किया गया। आज तक तेजस्वी और राहुल को एहसास नहीं है।

उन्होंने कहा कि 4 सितम्बर को सुबह 7 बजे से 12 बजे तक बिहार बंद रहेगा। आपात सेवाएं और रेलवे को इस बंदी से अलग रख गया है। आम लोगों को आह्वान किया जाता है कि 4 को बिहार बंद का समर्थन दें। बंदी को सफल बनाने महिला मोर्चा कमान संभालेंगी। पहली बार महिला मोर्चा ऐसे बंद का मोर्चा संभाल रही हैं। एनडीए के सभी घटक दलों ने बंद को सहमति दी है। उधर, पीएम मोदी ने जीविका दीदी के कार्यक्रम में इसको लेकर दुख जताया और विपक्ष ने मेरी मां को नहीं बल्कि देश की करोड़ों मां को गाली देने का काम किया है, उन्हें छठी मइया से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने अपील की कि जहां भी महागठबंधन के नेता दिखें उनका विरोध करें।

**तेजस्वी के डांस पर मांझी का तीखा तंज**

# बिहार में आज अगर लालू का राज होता तो गुंडे उठा ले जाते

**पटना,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी पटना के मरीन ड्राइव पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का युवाओं के साथ डांस करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में तेजस्वी डांस स्टेप करते नजर आ रहे हैं। इसे उनकी बहन रोहिणी आचार्य ने एक्स पर पोस्ट किया है। इस वीडियो को लेकर केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव पर कटाक्ष किया है। उन्होंने एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि 'बिहार की चमचमाती हुई खुली सड़क पर आधी रात को डांस करते युवाओं की यह टोली बता रही है कि बिहार में सुशासनी सरकार है'।

मांझी ने आगे लिखा, 'जंगल राज वाले लालू परिवार की यदि सरकार होती तो तेजस्वी यादव सहित ये सारे युवा लालू जी के गुंडों के द्वारा उठा लिए जातें और मुख्यमंत्री निवास पर पर 'कट्टे पर डिस्को' कर रहे होतें। इसीलिए तो मैं बार-बार कहता हूँ बिहार में एनडीए ज़रूरी है'।

इस बीच, खुद तेजस्वी यादव ने भी डांस वीडियो को लेकर सफाई देते हुए एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि 'गर्मी, बारिश और उमस के बीच 16 दिनों तक चली वोटर अधिकार यात्रा कल समाप्त हुई। रात में सिंगापुर से आए भांजे ने ड्राइव पर चलने का आग्रह किया। रास्ते में सड़क पर कुछ युवा कलाकार गाना गा रहे थे और रील्स बना रहे थे। उन्होंने जब आग्रह किया, तो हमने भी हाथ-पैर आजमाए हम युवाओं की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं और उम्मीदों के साथ सहजता और सरलता से जुड़कर जाति-धर्म से ऊपर उठकर नए बिहार के निर्माण का संकल्प लेकर सत्ता परिवर्तन करेंगे।



**'जंगल राज वाले लालू परिवार की यदि सरकार होती तो तेजस्वी यादव सहित ये सारे युवा लालू जी के गुंडों के द्वारा उठा लिए जातें और मुख्यमंत्री निवास पर पर 'कट्टे पर डिस्को' कर रहे होतें: जीतन राम मांझी**

## ग्राम कचहरी सचिव का मानदेय बढ़ा, युवाओं और महिलाओं के लिए भी अहम फैसले

**पटना,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने ग्राम कचहरी के सचिव के मानदेय को बढ़ाने का फैसला किया है। ग्राम कचहरी सचिव को वर्तमान में देय मासिक मानदेय 6,000 रुपए को बढ़ाकर 9,000 रुपए कर दिया गया है। बिहार मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 49 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक में प्रदेश के किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय, अरवल और शेखपुरा जिलों में नए चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई, जबकि उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2025 को भी मंजूरी दी गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के तहत 40 आवासीय स्कूलों में इंटर तक के नए शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कुल 1,800 पदों के सृजन को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग में कुल 25 नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई। इसी तरह कृषि विभाग में सांख्यिकी सहायक के एक पद और कनीय अभियंता के कुल 46 पदों के प्रत्यर्पण की स्वीकृति प्रदान की गई। विधि विभाग एवं संलग्न कार्यालयों (महाधिवक्ता कार्यालय को छोड़कर) के अनुसचिवीय कोटि के 34 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। वहीं, उच्च न्यायालय की स्थापना में 'सुवास सेल' के लिए सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के दो पद, आशुलिपिक के तीन पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर-सह-टंकक के चार पद, कार्यालय परिचारी के चार पद और स्वीपर के दो पद यानी कुल 15 पदों के सृजन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।



- सचिव को मासिक मानदेय 6,000 रुपए को बढ़ाकर 9,000 रुपए कर किया गया

# भयानक मौसम के बीच भी कश्मीर को मटन की चिंता

**कश्मीर में मटन की आपूर्ति प्रभावित, राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से कमी की आशंका**

**जम्मू,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। यह सच में हैरानगी की बात है कि पूरे प्रदेश में जब मौसम खलनायक बना हुआ है और बादल व पानी भयानक परिस्थितियां पैदा करते हुए भयानक तबाही मचा रहे हैं, कश्मीरियों को ऐसे में भी मटन की चिंता सताए जा रही है। कश्मीर मटन डीलर्स एसोसिएशन ने श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग के बार-बार बंद होने के बाद घाटी में मटन की बाधित आपूर्ति पर चिंता व्यक्त की और आने वाले दिनों में इसकी भारी कमी की चेतावनी दी।

एसोसिएशन के महासचिव मेहराजुद्दीन गनई ने बताया कि राजमार्ग लगभग एक सप्ताह से बंद था और यातायात के लिए केवल आंशिक रूप से ही बहाल किया गया था, जिससे पशुओं की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। मेहराज ने बताया कि अगस्त के अंत, सितंबर और अक्टूबर के ये महीने कश्मीर में शादी के चरम सीजन होते हैं। कई वाहन समय पर नहीं पहुंच पाए और अगर यही स्थिति बनी रही तो घाटी में मटन की भारी कमी हो सकती है।

वे कहते थे कि डीलर आपूर्ति का आंशिक प्रबंधन कर रहे हैं, लेकिन व्यवधान का मतलब है कि लोगों को कभी भी अचानक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी पशुपालकों के वाहनों को एक घंटे के लिए आने देते हैं और फिर उसे दो घंटे कर देते हैं। यहां पूरी तरह से कुप्रबंधन है और कभी-कभी ट्रकों को पुंछ, नौशहरा और अन्य जगहों पर रोक दिया जाता है।

मेहराज ने सरकार से फलों से लदे और पशुपालकों के ट्रकों को बिना किसी बाधा के आने-जाने की अनुमति देने का भी आग्रह किया और उन्हें आवश्यक आपूर्ति बताया। वे कहते थे कि सितंबर के सामान्य दिनों में, लगभग 50-70 पशुपालक वाहन प्रतिदिन घाटी में प्रवेश करते हैं। ईद-ए-मिलाद (मेहराज-उन-नबी) भी नजदीक आ रहा है, इसलिए अधिकारियों को मुगल रोड को एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में इस्तेमाल करने पर विचार करना चाहिए।



- शादी के सीजन में डीलरों ने संकट की चेतावनी दी, पशुओं के ट्रकों को प्राथमिकता देने का आग्रह
- बादल व पानी भयानक परिस्थितियां पैदा करते हुए भयानक तबाही मचा रहा

**दौरा** वीवीआईपी दौरे की तैयारी कर रही मणिपुर सरकार

# 13 को मणिपुर की संभावित यात्रा पर नरेंद्र मोदी!

**इंफाल/आइजोल,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 13 सितम्बर को मणिपुर की संभावित यात्रा को लेकर आई मीडिया रिपोर्ट्स के बीच, प्रदेश सरकार ने अधिकारियों से इंफाल और चुराचंदपुर जिले में आवश्यक व्यवस्था करने को कहा है। हालांकि, सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में वीवीआईपी का नाम या यात्रा की तारीख का उल्लेख नहीं किया गया है।

मणिपुर के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने इस सप्ताह की शुरुआत में राज्य में वीवीआईपी की प्रस्तावित यात्रा से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए वरिष्ठ नागरिक और सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक बैठक की। मुख्य सचिव ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि वीवीआईपी की यात्रा को भव्य तरीके से आयोजित किया जाना चाहिए।

अधिसूचना में कहा गया है, 'ब्लू बुक के अनुसार सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं की जाएंगी, जिसमें जैमर लगाना, रास्ते में सैनिटाइजेशन और कंगला फोर्ट (इंफाल) और चुराचांदपुर जिले में समारोह स्थल की तोड़फोड़-रोधी जांच शामिल है।' असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पहले कहा था कि प्रधानमंत्री के 13-14 सितम्बर को असम के दो दिवसीय दौरे पर आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा सांस्कृतिक प्रतीक और भारत रत्न भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी समारोह पर केंद्रित है, और वे 13 सितंबर को गुवाहाटी में आधिकारिक समारोह का उद्घाटन भी करेंगे।



- मोदी का यह दौरा सांस्कृतिक प्रतीक और भारत रत्न भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी समारोह पर केंद्रित है
- 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग नई रेल परियोजना का उद्घाटन करने के लिए मिजोरम का दौरा करेंगे

मिजोरम के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 सितम्बर को नवनिर्मित 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग नई रेल परियोजना का उद्घाटन करने के लिए मिजोरम का दौरा करेंगे। मिजोरम सरकार के अधिकारियों ने अनौपचारिक रूप से कहा कि उन्हें आइजोल से अनौपचारिक जानकारी मिली है कि प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे पर जाने की संभावना है, जो मई 2023 में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद उनकी पहली यात्रा होगी। हालांकि, मिजोरम और मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारियों ने दावा किया कि उन्हें अभी तक प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं मिली है।

इस बीच, मिजोरम सरकार और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अधिकारियों ने पहले कहा था कि प्रधानमंत्री 13 सितंबर को बैराबी-सैरांग नई रेलवे परियोजना का उद्घाटन कर सकते हैं, जिससे आइजोल पूर्वोत्तर में रेल से जुड़ने वाला चौथा राजधानी शहर बन जाएगा। मिजोरम के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक अधिकारी ने कहा कि हालांकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की अंतिम पुष्टि अभी पीएमओ से नहीं हुई है, लेकिन पूरी संभावना है कि वह 13 सितंबर को रेलवे परियोजना का उद्घाटन करेंगे।

बिलासपुर, बुधवार 3 सितम्बर 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## बारिश का कहर

सोमवार रात को भी गुरुग्राम की सड़कों पर भारी जाम की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई रहीं। किसी रिहायशी इमारत की ऊंची मंजिल से लिए गए वीडियो और तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि सड़कों पर गाड़ियां चल नहीं रही थीं, रेंग रही थी। बताया जा रहा है कि यह जाम करीब 20 किमी लंबा था। अमूमन जो सफर आधे घंटे में तय होता था, उसमें लोगों को पांच-छह घंटे लग गए। अपनी-अपनी गाड़ियों में फंसे लोग इस अव्यवस्था पर नाराज तो हुए, लेकिन शायद जनता अब तक यह तय नहीं कर पाई है कि असल में नाराजगी किस पर उतारना है। अगर यह समझ विकसित होती तो जिस शहर में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दफ्तर हैं, सौ-सौ करोड़ के आलीशान घर हैं, भव्य मॉल्स बने हैं, वहां का रख-रखाव इतना बुरा नहीं होता। गुरुग्राम में बारिश से जाम और सड़कों के नदियों में तब्दील होने की घटना केवल 2025 की नहीं है, बरसों से यही होता आ रहा है। लेकिन अब भी जिम्मेदारी लेने की जगह पुरानी सरकारों पर ठीकरा फोड़ा जा रहा है। पिछले 11 सालों से केंद्र और हरियाणा दोनों जगह बीजेपी ही सत्ता में है, लेकिन भाजपा सांसद निशिकांत दुबे कह रहे हैं कि बिना सरकारी प्लानिंग के प्राइवेट बिल्डर्स इंडियन नेशनल कांग्रेस के साथ मिलकर भ्रष्टाचार का शहर बनाएंगे तो गुरुग्राम जैसा शहर ही बनेगा।

बड़ी आसानी से भाजपा सांसद ने कांग्रेस को दोषी बता दिया। लेकिन उनसे पूछा जा सकता है कि अगर गुरुग्राम भ्रष्टाचार की बुनियाद पर बना था, तो उसका नाम गुड़गांव से गुरुग्राम करने से पहले भ्रष्ट तरीकों से बनी इमारतों, सड़कों को बुलडोजर से भाजपा ने ध्वस्त क्यों नहीं कर दिया। 11 सालों में तो कई भ्रष्टाचारियों का पता लगाया जा सकता था, तो किसी को अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। जाहिर है भाजपा का कोई इरादा व्यवस्था में सुधार का नहीं है। चूंकि गुरुग्राम या दिल्ली की खबरें राष्ट्रीय मीडिया में लाना सबसे आसान है, इसलिए गुरुग्राम की बदहाली नजर आ रही है। वर्ना सारे देश का बारिश में यही हाल हो जाता है, क्योंकि शहर प्रबंधन की बारीकियों से ज्यादा दिखावटी सौंदर्यीकरण में सरकार की दिलचस्पी रहती है। इसमें ठेकेदारों को मनचाहे दामों पर काम मिलता रहता है, जनता भी इस मुगालते में पड़ी रहती है कि उसका शहर वर्ल्ड क्लास बनने वाला है। कहीं सिंगापुर सिटी बनती है, कहीं क्योटो और शंघाई के सपने दिखाए जाते हैं। जनता का गरीब तबका तो झुग्गियों में ही रहने को मजबूर है, उसने न दुनिया के शहर देखे, न वो जानता है कि गरिमामय जीवन की असल परिभाषा क्या है। लेकिन जिन लोगों ने विदेशों की सैर की है, वे भी यह समझ नहीं पा रहे कि वहां अधोसंरचना तैयार करने का जिम्मा विशेषज्ञों के पास रहता है, उन पर राजनैतिक दबाव नहीं रहता। भारतीय नेता सत्ता में आने के बाद विकास के अध्ययन के लिए विदेशों की सैर तो कर आते हैं, लेकिन उसका हासिल क्या होता है, यह किसी रिपोर्ट कार्ड में दर्ज नहीं होता। जब चुनाव आते हैं तो बिजली, सड़क, पानी के वादे घोषणापत्र का हिस्सा बन जाते हैं, लेकिन उस समय भी न जनता पिछला हिसाब मांगती है, न सत्ताधारी दल ये बताते हैं कि क्यों दो-तीन की बारिश भी हमारे शहर-कस्बे झेल नहीं पा रहे हैं।

गुरुग्राम-दिल्ली में इमारतें, सड़कें डूब रही हैं, तो उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब में खेत-खलिहान, मवेशी, घर डूब रहे हैं। बाढ़ और भूस्खलन के लिए जलवायु परिवर्तन को दोष देना अब सबसे आसान बहाना हो गया है। लेकिन ऐसे बहानों की आड़ में छिपने वाले यह भूल रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन केवल भारत के लिए नहीं है, दुनिया भर के लिए है। दरअसल पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन और नदियों में उफान की सबसे बड़ी वजह यही है कि बिना सोचे-समझे यहां निर्माण कार्य हुआ है। अंग्रेजों ने भी भारत में पहाड़ों पर निर्माण किए, लेकिन उससे पहले उन्होंने परखा था कि कौन से पहाड़ मजबूत हैं, कौन से नहीं। यही वजह है कि हिमाचल रेलवे, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एंडवास्ड स्टडीज़, देहरादून, रानीखेत आदि में अंग्रेजों की बनाई सड़कें सौ साल बाद अब भी सलामत हैं। जबकि कुछ साल पहले बनी इमारतें, सड़कें, पुल सब गिर रहे हैं।

अभी उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण देहरादून, टिहरी, पौड़ी गढ़वाल, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, उधम सिंह नगर और हरिद्वार जिलों में रेड अलर्ट जारी है। लेकिन आम जनजीवन लंबे वक्त से प्रभावित चल रहा है। उत्तरकाशी के कूपड़ा गांव से 12 किलोमीटर दूर राजकीय इंटर कॉलेज राणाचट्टी में 13 गांवों के छात्र पढ़ते हैं। लेकिन पिछले दो महीने से बच्चे स्कूल नहीं आ पा रहे, क्योंकि सड़कें बह चुकी है। दसवीं और बारहवीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं फरवरी में और बोर्ड परीक्षाएं मार्च में होनी हैं। ऐसे में यहां पढ़ने वाले बच्चे किस तरह पाठ्यक्रम पूरा करेंगे और परीक्षा के लिए तैयार रहेंगे, इसका कुछ पता नहीं है। बच्चे किस मानसिक संताप से गुजर रहे होंगे, इसका अंदाजा सरकार को नहीं होगा।

इधर पंजाब में भी हालात बिगड़ रहे हैं। राज्य के आठ जिलों के सैकड़ों गांव जलमग्न हो गए हैं और कम से कम 24 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से ज्यादातर इमारतें गिरने की वजह से हुई हैं। भाखड़ा और रंजीत सागर जैसे बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण सतलुज, व्यास और रावी नदियां उफान पर आ गई हैं। किसानों की फसलें डूब गई हैं, खासकर आलू की फसल काटने का यही वक्त है, लेकिन खेतों में पानी भरा है। अब जब पानी उतरेगा, तो कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन हो सकेगा। लोगों के घरों में पानी भर गया है तो वे छतों पर रह रहे हैं और अपने साथ मवेशियों को भी रख रहे हैं, ताकि उन्हें कोई चुरा न ले। बारिश की आपदा में चोरी का अवसर तलाशने वाले बढ़ गए हैं। किसान मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष सरवन सिंह पंढेर ने ट्रैक्टर पर बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने कहा, 'पॉलीथीन शीट की कीमत 130 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 170-200रुपये प्रति किलो हो गई है। बोतलबंद पानी दोगुने दाम पर बिक रहा है।'

अच्छी बारिश किसानों के लिए वरदान बन सकती है, अगर इस वर्षाजल को धरती के नीचे सहेज लें तो गर्मियों में देश का बड़ा हिस्सा पानी के संकट से बचाया जा सकता है। यह तभी होगा जब सरकारों और प्रशासन का नजरिया गरीबों के हितों की रक्षा करने वाला रहे। फिलहाल सब अपने हित साध रहे हैं।

# विनाशकारी विकास की देन हैं ये कुदरती आपदाएं

पिछले महीने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बादल फटने से भीषण तबाही हुई थी तो सरकार के विकास प्रेमी राजनीतिक नेतृत्व, प्रशासन तंत्र और मीडिया ने मोटे तौर पर यही माना था कि उत्तराखंड में ऐसी कुदरती आपदाएं आती रहती हैं, लेकिन बात इतनी सामान्य नहीं है। दरअसल हिमालय के किसी भी क्षेत्र में आने वाली आपदा आम तौर पर स्थानीय नहीं होती है। उत्तराखंड के साथ ही पिछले एक हफ्ते से ज्यादा समय से पंजाब, कश्मीर, और हिमाचल प्रदेश में भीषण बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से मची तबाही पिछले महीने उत्तरकाशी में आई आपदा का ही विस्तार है। ताजा आपदा में गांव के गांव डूब गए हैं, लाखों लोग बेघर हो गए हैं और करीब 500 लोगों के मारे जाने की खबर है। मारे गए लोगों का यह आंकड़ा सरकारी है, वास्तविक मृतक संख्या कहीं ज्यादा ही होगी।

इन आपदाओं को जलवायु चक्र में हो रहे परिवर्तन से भी जोड़कर देखा जाता है लेकिन असल में यह मनुष्य की खुदगर्जी और विनाशकारी विकास की भूख से उपजा संकट ही है। इस विकास के तहत पर्वतीय इलाकों में बड़े-बड़े बांध, बड़े-बड़े पॉवर प्रोजेक्ट, सीमेंट कांक्रीट की भारी-भरकम इमारतें, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऑल वेदर रोड, मौज-मस्ती के लिए सितारा होटल, रिसोर्ट्स आदि आए दिन तबाही का सबब बन रहे हैं। अभी तो यह तबाही महज पहाड़ों तक सीमित है परन्तु विशेषज्ञों का मानना है कि यह जल्दी ही तराई के इलाकों तक पहुंचने वाली है और देश के बाकी हिस्से भी इससे अछूते नहीं रहेंगे।

पिछली बार जब 2013 में केदारनाथ और 2014 में कश्मीर में बाढ़ से भीषण विनाश हुआ था, तब तमाम अध्ययनों के आधार पर चेतावनी दी गई थी कि अगर पहाड़ों की अंधाधुंध कटाई और नदियों के बहाव से अतार्किक छेड़छाड़ या उनका अंधाधुंध दोहन नहीं रोका गया तो नतीजे और ज्यादा व्यापक तथा भयावह होंगे। कुछ साल पहले पूर्वोत्तर में आए भूकंप के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के आपदा प्रबंधन विभाग से जुड़े वैज्ञानिकों ने भी चेतावनी दी थी कि पहाड़ों और नदियों से छेड़छाड़ का सिलसिला रोका नहीं गया तो आने वाले समय में समूचे उत्तर भारत में भीषण तबाही मचाने वाला भूकंप आ सकता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान दिल्ली सहित देश के कई इलाकों में भूकंप के झटके आ भी चुके हैं।

इन सारी आपदाओं और उनके मद्देनजर दी गई चेतावनियों का एक ही केंद्रीय संकेत रहा है कि हिमालय को लेकर अब हमें गंभीर हो जाना चाहिए। दुनिया के जलवायु चक्र में तेजी से हो रहे परिवर्तन के चलते हिमालय का मामला इसलिए भी बहुत ज्यादा संवेदनशील है क्योंकि यह दुनिया की ऐसी बड़ी पर्वतमाला है, जिसका अभी भी विस्तार हो रहा है। इस पर मंडराने वाला कोई भी खतरा सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि चीन, नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार आदि देशों के लिए भी संकट खड़ा कर सकता है।

इस खतरे की तमाम चेतावनियों और आहटों के बावजूद न तो सरकारें सचेत हैं और न ही आम लोग। दोनों की ओर से विनाशकारी विकास की गतिविधियां धड़ल्ले से जारी हैं। इस सिलसिले में मध्य हिमालयी भूभाग की कच्ची चट्टानें काटकर बनाए जा रहे विशाल बांधों के अलावा चार धाम ऑल वेदर रोड परियोजना उल्लेखनीय है, जिसका काम इस समय वहां जोर-शोर से जारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस स्वप्निली परियोजना के काम की तेजी और मशीनों का शोर इतना ऊंचा है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नोटिसों की फड़फड़ाहट भी किसी को सुनाई नहीं देती। यह चार हिंदू तीर्थों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री को आपस में चौड़ी और हर मौसम में खुली रहने वाली आठ लेन की सड़क से जोड़ने की परियोजना है। इस परियोजना के तहत धडल्ले से साफ किए जा रहे जंगल और पहाड़ों को काटने के लिए किए जा रहे विस्फोट ही वहां आपदा को न्योता दे रहे हैं।

हिमालय पर्वतमाला को भले ही दुनिया में सबसे नई पर्वतमाला माना जाता हो, लेकिन तथ्य यह भी है कि इसी हिमालय की गोद में दुनिया की कई महान सभ्यताओं का जन्म और विकास हुआ है। कॉकेशश से लेकर भारत के पूर्वी छोर से भी आगे म्यांमार में अराका नियोमा तक सगरमाथा यानी माउंट एवरेस्ट की अगुवाई में फैली हुई विभिन्न पर्वतमालाएं हजारों वर्षों के दौरान विभिन्न सभ्यताओं के उत्थान और पतन की गवाह रही हैं। इन्हीं पर्वतमालाओं के तले सिंधु घाटी की सभ्यता से लेकर मोहनजोदड़ो की सभ्यता तक का जन्म हुआ। इन्हीं पर्वत श्रृंखलाओं की बर्फीली चट्टानों ने साईबेरिया की बर्फीली हवाओं के थपेड़ों से समूचे दक्षिण एशिया के बाशिंदों की रक्षा की और इस इलाके में दूर-दूर तक फैले हुए किसानों, वनवासियों और अन्य समूहों को फलने-फूलने में भी भरपूर मदद की।

विडंबना यह है कि जिन पर्वतमालाओं की छांह तले यह सब संभव हो पाया, आज वही पर्वतमालाएं मनुष्य की खुदगर्जी और सर्वग्रासी विकास की विनाशकारी अवधारणा की शिकार होकर पर्यावरण के गंभीर खतरे से जूझ रही हैं। इस खतरे से न सिर्फ इन पहाड़ों का बल्कि इनके गर्भ में पलने वाले प्राकृतिक ऊर्जा और जैव संपदा के असीम स्रोतों और इन पहाड़ों से निकलने वाली नदियों का अस्तित्व भी संकट में पड़ गया है। पिछले वर्षों के दौरान केदारनाथ और कश्मीर की बाढ़ तथा नेपाल और पूर्वोत्तर के भूकंप जैसी भीषण त्रासदियों और उसके बाद से लेकर अब तक जारी तमाम छोटी-बड़ी त्रासदियों की प्रकृति भले ही अलग-अलग किस्म की रही हों, लेकिन ये सभी एक तरह से हिमालय के क्षेत्र में हुई हैं और इनका एक ही संकेत है कि हिमालय को लेकर अब हमें गंभीर हो जाना चाहिए।

पहाड़ी इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा देना राजस्व के अलावा स्थानीय लोगों के रोजगार की दृष्टि से जरूरी माना जा सकता है। फिर भी, इसकी आड़ में हिमालयी राज्यों की सरकारें होटल-मोटल, पिकनिक स्थल, शॉपिंग मॉल आदि विकसित करने, बिजली, खनन और दूसरी विकास परियोजनाओं और सड़कों के विस्तार के नाम पर निजी कंपनियों को मनमाने तरीके से पहाड़ों और पेड़ों को काटने की धड़ल्ले से अनुमति दे रही हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्य- सबकी दास्तानें एक जैसी दर्दनाक हैं। ये सभी इलाके कई विशिष्ट कारणों से सैलानियों के आकर्षण के केंद्र हैं, इसलिए कई निजी कंपनियों ने यहां कारोबारी गतिविधियां शुरू कर दी हैं। हालांकि स्थानीय बाशिंदे और पर्यावरण के लिए काम करने वाले स्वयंसेवी संगठन इन इलाकों में पहाड़ों और वनों की कटाई के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन सरकारी सरपरस्ती हासिल होने के कारण ये आपराधिक कारोबारी गतिविधियां निर्बाध रूप से चलती रहती हैं।

पर्यावरण संरक्षण के मकसद से ज्यादातर पहाड़ी इलाकों में बाहरी लोगों के जमीन-जायदाद खरीदने पर कानूनन पाबंदी है, लेकिन ज्यादा से ज्यादा राजस्व कमाने के चक्कर में इन पहाड़ी राज्यों की सरकारों के लिए इस कानून का कोई मतलब नहीं रह गया है और कई कंस्ट्रक्शन कंपनियां पहाड़ों में अपना कारोबार फैला चुकी हैं। जिन इलाकों में दो मंजिल से ज्यादा ऊंची इमारतें बनाने पर रोक थी, वहां अब बहुमंजिला आवासीय और व्यावसायिक इमारतें खड़ी हो गई हैं। बड़ी इमारतें बनाने और सड़कें चौड़ी करने के लिए जमीन को समतल बनाने के लिए विस्फोटकों के जरिए पहाड़ों की अंधाधुंध कटाई-छंटाई से पहाड़ इतने कमजोर हो गए हैं कि थोड़ी सी बारिश होने पर वे धंसने लगते हैं और पहाड़ों का जनजीवन कई-कई दिनों के लिए गड़बड़ा जाता है। पहाड़ी इलाकों में भवन निर्माण का कारोबार फैलने के साथ ही सीमेंट, बिजली आदि का उत्पादन करने वाली कंपनियों ने भी इन इलाकों में प्रवेश कर लिया है। कुछ अध्ययनों से यह भी जाहिर हो चुका है कि संचार सुविधाओं के लिए लगे टावरों से निकलने वाली तरंगों की वजह से बादलों का संतुलन बिगड़ता है और वे अचानक फटकर संकट पैदा कर देते हैं।

पर्यावरण संरक्षण संबंधी कानूनों के तहत पहाड़ी और वन्य इलाकों में कोई भी औद्योगिक या विकास परियोजना शुरू करने के लिए स्थानीय पंचायतों की अनुमति जरुरी होती है, लेकिन राज्य सरकारें जमीन अधिग्रहण संबंधी अपने विशेषाधिकारों का इस्तेमाल करते हुए विकास के नाम पर आम तौर पर कंपनियों के साथ खड़ी नजर आती हैं। इन सबके खिलाफ जन-प्रतिरोध का किसी सरकार पर कोई असर नहीं होता देख अब लोगों ने अदालतों की शरण लेनी शुरू कर दी है, लेकिन अब तो अदालतें भी आमतौर पर वैसे ही फैसले देती हैं जैसे सरकार चाहती हैं।

दरअसल, पहाड़ों को और पर्यावरण को बचाने के लिए जरूरत है एक व्यापक लोक चेतना अभियान की, जिसका सपना पचास के दशक में डॉ. राममनोहर लोहिया ने 'हिमालय बचाओ' का नारा देते हुए देखा था या जिसके लिए गांधीवादी पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा ने 'चिपको आंदोलन' शुरू किया था। हालांकि संदर्भ और परिप्रेक्ष्य काफी बदल चुके हैं लेकिन उनमें वैकल्पिक सोच के आधार-सूत्र तो मिल ही सकते हैं।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**



अनिल जैन

> **पर्यावरण संरक्षण संबंधी कानूनों के तहत पहाड़ी और वन्य इलाकों में कोई भी औद्योगिक या विकास परियोजना शुरू करने के लिए स्थानीय पंचायतों की अनुमति जरुरी होती है, लेकिन राज्य सरकारें जमीन अधिग्रहण संबंधी अपने विशेषाधिकारों का इस्तेमाल करते हुए विकास के नाम पर आम तौर पर कंपनियों के साथ खड़ी नजर आती हैं।**

# राहुल गांधी की परीक्षा का वक्त

सोमवार शाम को जब सारे अंग्रेजी और बड़े चैनल प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा, चीनी नेता जिनपिंग और रूसी पुतिन के साथ घनिष्टता बताती तस्वीरे दिखाने और विशेषज्ञों से उनका मतलब बताने तथा मोदी जी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए भारत विरोधी फैसलों की काट ढूंढने का दावा कर रहे थे तब अधिकांश छोटे चैनल और यू ट्यूब वाले प्रसारण बिहार की राजधानी में राहुल गांधी-तेजस्वी की रैली की चर्चा में मगन थे। इसका कारण क्या हो सकता है पर इतना साफ है कि राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा ने भी बराबरी की दिलचस्पी पैदा की है। पहली सितंबर को उसका समापन था और भारी भीड उमड़ी थी। यह भी हुआ कि प्रशासन ने आयोजकों को गांधी मैदान में सभा की इजाजत नहीं दी तो वे अंबेडकर चौक तक जाना चाहते थे। रैली को वहां तक भी पहुंचने नहीं दिया गया। शुरुआती योजना लोगों की भारी भीड़ के साथ इंडिया गठबंधन के नेताओं को जुटाकर राजनैतिक संदेश देने की थी पर नीतीश राज में शायद पहली बार इस तरह की राजनैतिक रोक-टोक दिखाई दी। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी को सासाराम में अपनी यात्रा की शुरुआत की इजाजत भी काफी देर से दी गई और रात के अंधेरे में मोटरसाइकिल के हेडलैंप की रोशनी में हेलीपैड बनाना पड़ा। सब मुश्किलें पार करके यात्रा में सफल रहने के बाद अब उनकी असली परीक्षा शुरू हो रही है।

अब नीतीश कुमार जैसे मंझे हुए राजनेता को यह सब कदम क्यों उठाना पड़ा यह तो वही बताएंगे लेकिन यह बिहार की राजनीति की संस्कृति नहीं है। सिर्फ जेपी आंदोलन के समय ऐसी रोक-टोक की असफल कोशिश कांग्रेसी सरकार ने की थी लेकिन स्टीमर बंद कराने के बावजूद नौजवान भरी गंगा को केले के पेड़ों को जोड़कर बनाई कामचलाऊ डोंगी से पार करके पटना जुट गए। उल्लेखनीय है कि तब पटना में कोई पुल न था और उत्तर बिहार वालों को स्टीमर के सहारे ही राजधानी आना होता था। तब यह भी हुआ कि जब कांग्रेस के आपातकाल लगाने के समर्थन में कम्युनिष्ट पार्टी ने पटना में रैली की तो उनके लोगों को स्टीमर घाट के कुलियों से भिड़ना पड़ा जो बच्चों का हाल देखकर नाराज थे। इस बार वैसी स्थिति तो नहीं थी लेकिन राहुल गांधी और बड़े नेताओं की सुरक्षा का सवाल बार-बार उठता रहा। और इसी में दरभंगा में जब एक घुसपैठी ने मंच से प्रधानमंत्री की मां को गाली दे दी तो स्वाभाविक तौर पर बड़ा बवाल मचा। भाजपा के लोग इसे ही मुद्दा बनाकर पूरी यात्रा के राजनैतिक 'पुण्य' को खत्म करना चाहते थे। कई जगह झड़प भी हुई, हिंसा हुई लेकिन बहुत ज्यादा बात नहीं बढ़ी। असल में कांग्रेस का संगठन अभी उस स्तर पर भाजपा से लोहा लेने लायक है भी नहीं।


लेकिन इस यात्रा को सफल बताने में हर्ज नहीं है और इसके चलते कांग्रेसी कार्यकर्ता तो उत्साह में आए ही हैं( जिनकी संख्या काफी कम है) लेकिन राजद और भाकपा-माले के लोग ज्यादा उत्साह में हैं। एनडीए से चुनावी मुकाबला तो मुख्य रूप से उन्हे ही करना है। यह उत्साह चुनाव तक कायम रहता है या नहीं, यही राहुल ऐंड कंपनी की मुख्य चुनौती है। पहले भारत यात्रा, राफेल घोटाला, मोहब्बत की दुकान और सावरकर समेत कई मसलों पर वे ठीक-ठाक हवा बनाने में सफल रहे हैं लेकिन संगठन उस उत्साह को बढ़ाने में ही नहीं बरकरार रखने में भी सक्षम नहीं है। खुद राहुल भी मुद्दा बदल कर पुराने को भूल जाते रहे हैं। अब यह गाली कांड क्यों और कैसे हुआ? इसकी जांच हो रही है। उसका क्या नतीजा आएगा और तब वह कोई राजनैतिक हवा बचेगी यह कहना मुश्किल है। और अभी मोदी जी कुछ और धंधों में उलझे हैं। जब वे मां को गाली वाला प्रकरण लेकर बिहार में भाषण शुरू करेंगे तब क्या असर होगा यह भविष्यवाणी भी मुश्किल है।

दो-तीन चीजें साफ हैं। इस यात्रा ने ठीक-ठाक हलचल मचाई है। मीडिया कवरेज और सामने आए ओपिनियन पोल भी इसकी पुष्टि करते है और जो प्रतिक्रिया कांग्रेसियों और इंडिया गठबंधन के साथियों की है वह भी इसकी पुष्टि करता है। सारा विपक्ष नए सिरे से एक हुआ है। कांग्रेस और इंडिया गठनबंधन के लिए यह चीज फायदे की हो सकती है कि अब बिहार चुनाव में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। अभी से सिर्फ वही लोग नहीं विपक्ष भी उतना ही सक्रिय हो गया है। खुद प्रधानमंत्री के कई दौरे हो चुके हैं और बिहार सरकार चुनावी रेवादियां घोषित करने लगी है। दो ढाई महीन में आधे से ज्यादा व्यक्त तो चुनाव का ही रहेगा और बाकी में गठबंधन बनाना और सीटों का हिसाब लगाना होगा। इस रैली ने इंडिया गठबंधन का काम आसान किया है जबकि चिराग पासवान और प्रशांत किशोर के चलते इंडिया एनडीए को परेशानी दिखने लगी है।

राहुल गांधी ने वोट चोरी को मोदी और शाह की जोड़ी तथा भाजपा की चुनावी सफलता से जोड़ने की कोशिश की है। कुछ बात बनी है पर वोट चोरी का सवाल सीधे चुनाव आयोग के नाम जाता है जिसने हाल में अपना व्यवहार बहुत बदला है और अदालती दखल के चलते जिसे अपनी मूर्खतापूर्ण जिद छोड़नी पड़ी है। अभी भी लाखों आपत्तियां हैं और आयोग ने नामांकन के दिन तक आपत्ति स्वीकारने और शिकायतों का निपटारा करने का वायदा किया है। अगर आयोग का व्यवहार बदला तो राजनैतिक मुद्दा भी हल्का होगा। लेकिन जब एक-एक ब्लाक में हजारों आवेदन फीस के साथ आ चुके हैं तो निवास प्रमाणपत्र या जन्म प्रमाणपत्र देना भी एक काम होगा। अभी ही एक जोकीहाट ब्लाक में निवास के पचास हजार आवेदन आने की खबर है। ब्लाक का सारा स्टाफ जुट जाए तब भी रोज हजार प्रमाणपत्र देना मुश्किल है। और अगर ब्लाक के लोग यह काम कर सकते हैं तो विशेष सर्वेक्षण वाले बीएलओ क्यों नहीं कर सकते थे। आयोग के फैसलों में हजारों ऐसे सवाल जुड़े हैं और अब तक का उसका रुख और सवाल पैदा करता था।

उसका बदला व्यवहार देर से आया है और राहुल की वोट यात्रा के प्रभाव को कायम नहीं रहने देगा यह देखने की चीज है पर बांग्लादेसी घुसपैठ, रोहिंग्या घुसपैठ जैसे मसले तो गायब हो गए हैं जो भाजपा को ध्रुवीकरण कराने में मदद करते थे। नाम काटना और ऐसा करने का डर दिखाना अलग मुद्दा है।

भाजपा को उससे भी ज्यादा बड़ा सहारा नीतीश कुमार के साथ होने से है। वह उनको ज्यादा मान और सीटें देकर भी अपने खेमे को संभाल सकती है। आने वाला पखवाड़ा बहुत चीजों को साफ करेगा और राहुल की भी परीक्षा लेगा।



अरविन्द मोहन

> **इस यात्रा को सफल बताने में हर्ज नहीं है और इसके चलते कांग्रेसी कार्यकर्ता तो उत्साह में आए ही हैं( जिनकी संख्या काफी कम है ) लेकिन राजद और भाकपा-माले के लोग ज्यादा उत्साह में हैं। एनडीए से चुनावी मुकाबला तो मुख्य रूप से उन्हे ही करना है। यह उत्साह चुनाव तक कायम रहता है या नहीं, यही राहुल ऐंड कंपनी की मुख्य चुनौती है।**

## आपके पत्र

### पंजाब में बाढ़ आखिर क्यों? क्या प्रकृति रुष्ट है?

पंजाब, जिसे देश की अन्नदाता भूमि कहा जाता है, आज बाढ़ की विभीषिका से बार-बार जूझ रहा है। खेत जलमग्न हो जाते हैं, गांव डूब जाते हैं, सड़कें और मकान ढह जाते हैं। हर बार यह सवाल उठता है कि आखिर पंजाब में बाढ़ क्यों आती है? क्या यह केवल प्रकृति की रुष्टता है या फिर इसके पीछे कहीं न कहीं हमारी अपनी भूलें भी जिम्मेदार हैं? सच यह है कि प्रकृति कभी किसी से नाराज़ नहीं होती, वह केवल अपने नियमों और संतुलन के आधार पर काम करती है। जब हम इंसान उसकी मर्यादाओं को लांघते हैं, तो परिणाम हमें बाढ़, सूखा, प्रदूषण और आपदा के रूप में भुगतने पड़ते हैं।

पंजाब की धरती पांच नदियों की भूमि कहलाती है। सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम ने इस राज्य की पहचान बनाई। इनमें से अधिकांश नदियां हिमालय से निकलती हैं और मानसून के मौसम में बर्फ़ पिघलने व वर्षा के कारण जलस्तर अचानक बढ़ा देती हैं। नदियों की धाराएं तेज़ होती हैं और जब वे मैदानों में प्रवेश करती हैं तो पानी फैलकर बाढ़ का रूप ले लेता है। भाखड़ा, पोंग और रणजीत सागर जैसे बड़े बांध भले ही बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई के लिए बने हों, लेकिन जब इनसे अचानक पानी छोड़ा जाता है तो आसपास के इलाके जलमग्न हो जाते हैं। यह प्राकृतिक कारणों के साथ-साथ प्रबंधन की कमी को भी उजागर करता है।

पिछले कुछ वर्षों में मानसून का पैटर्न काफी बदल गया है। पहले जहां बरसात धीरे-धीरे और लंबे समय तक होती थी, अब अचानक भारी वर्षा कम समय में हो जाती है। इससे नदियों और नालों में पानी का दबाव तेजी से बढ़ता है और फ्लैश फ्लड जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। जलवायु वैज्ञानिक मानते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ना और ग्लोबल वार्मिंग इसका बड़ा कारण है। इससे हिमालयी ग्लेशियर तेज़ी से पिघल रहे हैं। परिणामस्वरूप गर्मियों और बरसात के मौसम में नदियों का जलस्तर अनियंत्रित ढंग से बढ़ जाता है।

प्राकृतिक बाढ़ को विनाशकारी बनाने में सबसे बड़ी भूमिका इंसानी हस्तक्षेप की है। नदियों के किनारों और तलहटी में अंधाधुंध निर्माण कार्य हुए। गांव और शहर नालों व पुरानी जलधाराओं पर बस गए। रेत और बजरी का अत्यधिक खनन नदियों की गहराई और धार बदल देता है। जब पानी का मार्ग रुकता है तो वह आसपास की बस्तियों में घुस आता है। पंजाब में ड्रेन और नहरों का जाल तो है लेकिन अधिकांश जगह इनकी सफाई व मरम्मत समय पर नहीं होती। नतीजतन बारिश का पानी निकलने की जगह वापस गांव-शहरों में भर जाता है। इसके साथ ही धान जैसी फसलों ने भूजल का अत्यधिक दोहन किया। मिट्टी की जलधारण क्षमता कम हुई और प्राकृतिक जलसंचयन तंत्र टूट गया। समाधान स्पष्ट हैं। नदियों के किनारे बाढ़ क्षेत्र को चिन्हित कर वहां निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। पुराने नालों और ड्रेनों की नियमित सफाई व चौड़ाई बढ़ाई जानी चाहिए। अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए ताकि नदियां अपने प्राकृतिक स्वरूप में बह सकें। धान के स्थान पर मक्के, दालों और सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जाए, जिससे पानी की खपत कम होगी और भूजल का स्तर सुधरेगा। राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए दीर्घकालिक योजना बनानी होगी। साथ ही स्थानीय लोगों को बाढ़ से बचाव और प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित करना भी आवश्यक है।

**-प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### छ.ग. : मुख्य सचिव बनाम मंत्री

*एक ओर मुख्यमंत्री भरी धूप में प्रदेश में घूम-घूम कर जनता का विश्वास जीतने में लगे हुए हैं, तो दूसरी ओर उनके मंत्री और विधायक मानो इस मुहिम को असफल करने की ठान रखे हैं। मुझे आश्चर्य होता है कि जो मुख्यमंत्री विपक्ष का विश्वास जीतने में समर्थ हैं वह अपने ही साथियों के बीच शिथिल कैसे पड़ जाता है! इन दिनों प्रदेश में जहां भी जाओ एक मजेदार बात सुनने मिलती है। आम चर्चा में लोग कहते हैं कि डॉ. रमन सिंह को फिर से मुख्यमंत्री बनना चाहिए, लेकिन वहीं वे अपने स्थानीय भाजपा विधायक या मंत्री की पराजय की कामना करते हैं। डॉ. रमन सिंह की दूसरी पारी में इस तरह के अर्न्तविरोध उभरेंगे, कुछ समय पहले तक इसकी कल्पना शायद किसी ने न की होगी।*

**( देशबन्धु में 26 सितम्बर 2013 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/09/blog-post_25.html

## पावन प्रसंग

### मन की शांति

मन की शांति का सबसे बड़ा उपाय मन की त्यागमूलक वृत्ति को उजागर करना है। सबसे पहले मन को त्याग भाव में रखा जाए, उसे बाह्यजगत से पड़ने वाली अड़चन से बचा, एकटक अंतर्हृदय में केंद्रित रखा जाए। मन की अभिलाषा होती है बाहर घूमने जाऊं, अत: उसे बांधकर जिम्मेदारीपूर्वक अपने वश में किया जाए। इसके बाद मन को दिशाहीन न होने देने के लिए, उसे सदा सार्थक एवं उपयोगी कार्य में लगाया जाए। इस प्रकार हम देखेंगे कि किस प्रकार हमारा मन निरंतर उद्वेगरहित होकर शांति की दिशा में बढ़ चलता है।

मन है एक विशाल सरोवर, जिसका स्त्रोत है मनुष्य की वृत्तियां। यदि वृत्तियों को रोककर उन्हें किसी आदर्श की दिशा में लगाया जाए, उनसे लाभ लेकर मन की गति एवं स्वरूप को निर्धारित किया जाए तो देखते-ही-देखते संकल्पपूर्वक मन को नियंत्रित करना एवं आत्मिक शांति को प्राप्त करना सहज हो जाता है। मन अशांत है तो इसका एक ही कारण है, मन का अज्ञान और उसका किसी प्रकार अपनी शक्ति के स्त्रोत से वंचित हो जाना।

मन की अंतरंग वृत्ति को जिस दिन मनुष्य समझना सीख जाएगा, उस दिन उसे अपने प्रत्येका प्रयोजन में सफलता प्राप्त होगी एवं वह निस्पृह हुआ अपने केंद्रीय लक्ष्य की दिशा में बढ़ चलेगा। प्रकाश का सूर्य ही उसकी शांति, सद्गति एवं प्रेरणा का कारण है और यह प्रकाश और कुछ नहीं, मन का आत्मा से सम्मिलन है।

इसके उपरांत उसे सत्य से विमुख होने का कोई कारण नहीं रह जाता एवं वह विचारदर्शी बन, समग्रता में सत्य का बोध प्राप्त करता है तथा उसे किसी भी प्रकार की कठिनाई अपनी भीतरी दिव्यता को उजागर करने में नहीं होती तथा वह निस्पृह एकाकी हो, अपने को हर दृष्टि से उन्नत एवं समर्थ बनाता जाता है।

मन की तरंग को अपने वश में कर लेना ही शांति का उपाय है तथा जिस मन में अपने निग्रह की क्षमता आ गई है, वह फिर दु:ख द्वंद्वों में पड़ कर अपनी क्षमताओं से विमुख नहीं होता है। मन पर पड़ने वाले कुप्रभावों को जिस दिन हम सद्विचारों से समाप्त करना सीख जाएंगे तथा सुविचार अंतरात्मा की गहन प्रेरणा से क्रियाशील होंगे, तभी हमें वास्तविकता का पथ एवं सत्य-विषय के शोध का पथ दिखाई पड़ेगा।

जब मन किसी विषयवस्तु से जा टकराता है, तब वह अपने मूल प्रयोजन को ही भुला बैठता है एवं उसे अंतर्मन की गहराई से आ रही सत्य की आवाज सुनाई नहीं देती एवं तब वह एक उपकरण न रहकर केंद्रीय उपादान बन बैठता है। यही मन की दुर्बलता एवं उसे किसी भी सत्संकल्प में न लगा पाने का कारण है। जब मन अपने सभी दोषों को त्याग देता है तो उसे वास्तव में सत्य-विषय के अनुसंधान का अवसर प्राप्त होता है एवं तब वह शांति के केंद्र, आत्मा की अमिट प्यास की ओर झुक पड़ता है।

यही परम शांति का वह मार्ग है, जिस पर हम सभी को चलना चाहिए।

**- अखण्ड ज्योति**

उल्टा पुल्टा

बंता- तुम खाली पेट होने पर कितने केले खा सकते हो...?
संता (कुछ पल सोचकर कहा)- मैं 6 केले खा सकता हूं।
बंता ने हंसते हुए जवाब दिया- गलत जवाब दोस्त,
पहला केला खा लेने के बाद तुम्हारा पेट खाली कहां रहेगा...?
इसलिए खाली पेट होने पर तुम केवल,
एक ही केला खा सकते हो।

# सिम्स में हुआ मरीज का सफल कूल्हा प्रत्यारोपण

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। सिम्स अस्पताल के अस्थि रोग विभाग में निरन्तर घुटना और कूल्हे के जोड़ों का प्रत्यारोपण हो रहा है जो गरीब मरीज़ों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

विगत 20 जुलाई को 40 वर्षीय पुरुष सोन लोहरसी निवासी, अस्थि रोग विभाग के ओपीडी में दाएं कूल्हे में दर्द के कारण चलने, बैठने और नियमित कार्य करने में असमर्थ होने की वजह से परामर्श लेने पहुंचा था।

डॉ तरूण सिंह ठाकुर द्वारा मरीज की खून जांच की गई और एक्स-रे कराया गया। एक्स-रे में पाया गया कि मरीज के दायां कूल्हा पूरी तरह से खराब हो चुका था, जिसके लिए डॉ तरूण सिंह ठाकुर द्वारा कूल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी गई।



मरीज के फिटनेस के बाद मरीज के दाएं कूल्हे का 2 सितंबर को ऑपरेशन किया गया। मरीज का ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण था, लेकिन ऑपरेशन के पश्चात मरीज पूरी तरह स्वस्थ है, दर्द मुक्त है और चलने फिरने में सक्षम है। ऑपरेशन टीम में प्रमुख डॉ तरुण सिंह ठाकुर (सहायक प्राध्यापक), डॉ प्रमोद जायसवाल, डॉ रवि महोबिया, डॉ सोमेश शुक्ला, और पी जी रेसिडेंट शामिल थे। यहॉ आपरेशन डॉ ए आए बेन (विभागाध्यक्ष अस्थिरोग) के मार्गदर्शन में हुआ। एनेस्थिसिया टीम में डॉ मधुमिता मूर्ति (विभागाध्यक्ष), डॉ मिल्टन, डॉ श्वेता, डॉ भावना और टीम शामिल थे। नर्सिंग में योगेश्वरी और टीम शामिल थे। एनेस्थिसिया डॉक्टरों का ऑपरेशन के पश्चात दर्द निवारण में विशेष योगदान रहा है। यह ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क किया गया। इम्प्लानट उपलब्ध करने में डॉ आर मूर्ति (अधिष्ठाता) और डॉ लखन सिंह (चिकित्सा अधीक्षक) का विशेष योगदान रहा। यह ऑपरेशन डॉ आर मूर्ति (अधिष्ठाता), डॉ लखन सिंह (चिकित्सा अधीक्षक) विगत दो वर्षो में अब तक 35 कूल्हा प्रत्यारोपण एवं 25 घुटना प्रत्यारोपण आयुष्मान द्वारा नि:शुल्क किया जा चुका है।

## सेवा सहकारी समिति सोंठी में कम्प्युटर, मानिटर, इनवईटर, बैट्री चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियो को भेजा गया न्यायिक रिमांड पर पर जेल

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। प्रार्थी प्रहलाद दास वैष्णव ग्राम सोंठी थाना सीपत में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम सोंठी के सेवा सहकारी समिति मर्यादित का खिडकी को तोडकर अंदर घुसकर अंदर रखे में एक नग कम्प्युटर, मानीटर, सीपयू, 2 नग इनवईटर, एक नग बैट्री, जुमला कीमती 80,000 रूपये को चोरी कर ले गया सूचना पर थाना सीपत में तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर उक्त घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया जिस पर अज्ञात आरोपी को तत्काल धर पकड करने की दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी सीपत द्वारा टीम तैयार कर चोरी के आरोपी को तत्काल कार्यवाही करते हुये संदेही चंदन दास मानिकपुरी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो उसने दिनांक घटना को अपने साथी किशन उर्फ रामू ठाकुर के साथ मिलकर रात्रि में चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपियों से चोरी गये संपत्ति एक नग कम्प्युटर, मानीटर, सीपयू, 2 नग इनवईटर, एक नग बैट्री को बरामद कर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।



## अफ्रीका में व्यापार की संभावनाओं पर हुई अहम बैठक

### इथोपिया (अफ्रीका) में भारत के राजदूत अनिल राय ने स्थानीय उद्योगपतियों से की चर्चा

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। इथोपिया (अफ्रीका) में व्यापार और निवेश की संभावनाओं को लेकर आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इथोपिया (अफ्रीका) में भारत के राजदूत (एम्बेसडर) अनिल राय ने की। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, सहायक कलेक्टर अरविंथ कुमारन, छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, शहर के प्रमुख उद्योगपति, माईनिंग व्यवसायी, राईस मिलर्स और पर्यटन से जुड़े लोग और संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक के दौरान अफ्रीका के विभिन्न देशों में उपलब्ध व्यापारिक अवसरों निवेश की संभावनाओं और साझेदारी के मॉडल पर विस्तार से चर्चा हुई। राजदूत अनिल राय ने कहा कि अफ्रीका में कई ऐसे क्षेत्र है जहां भारतीय उद्योगपतियों, व्यापारी, राईस मिलर्स के लिए अपार अवसर मौजूद है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बैठक की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। बैठक में खासतौर पर खनन, राईस मिलिंग और उद्योगों पर जोर दिया गया। श्री राय ने कहा कि अफ्रीका के कई देशों में खनिज संसाधनों की भंडार है लेकिन तकनीकी सहायता की कमी है। इस क्षेत्र में भारत की अहम भूमिका हो सकती है। पर्यटन को लेकर भी चर्चा हुई, साथ ही औद्योगिक ईकाईयों की स्थापना, कृषि उपकरणों का निर्यात और स्किल डेवलपमेंट पर भी उन्होंने सुझाव दिया। उन्होंने स्थानीय उद्यमियों से कहा कि जोहान्सबर्ग में एक एक्जीबिजिशन होता है। उन्होंने गूगल में इस संबंध में सर्च करने कहा। उन्होंने बताया कि अफ्रीका के जीडीपी का 12 प्रतिशत माईनिंग से आता है। उद्योगपतियों ने अपनी समस्याएं भी बताई। श्री राय ने सभी के समस्याओं को इत्मीनान से सुना और इस संबंध में उन्होंने सुझाव भी दिए। स्व-सहायता समूह की दीदियां भी बैठक में मौजूद थीं। उन्होंने अपने उत्पादों के विषय में जानकारी दी।



बैठक में शामिल शहर के उद्योगपतियों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यदि उचित मार्गदर्शन मिले तो वे अफ्रीका में अपने व्यवसाय का विस्तार करने को तैयार है।

## संपादकीय

### श्रमिकों का स्वास्थ्य महत्वपूर्ण

यह तो सही है कि उद्योगों के लिये पूंजी ज़रूरी है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिये कि उनमें काम करने वाले मजदूरों तथा कर्मचारियों का श्रम भी उतना ही अहम है। पूंजी और मशीनें होने के बावजूद श्रम के बिना उत्पादन नहीं हो सकता। कह सकते हैं कि औद्योगिक इकाइयों का मुनाफा मेहनत करने वालों पर टिका हुआ है। इसलिये सरकार एवं समाज को चाहिये कि वह श्रम का सम्मान तो करे ही, उनके कल्याण, सुरक्षा तथा स्वास्थ्य पर भी पूरा ध्यान दे। ज्यादातर संयंत्र स्वास्थ्य के लिये नुकसानदेह होते हैं। जहां आधुनिकतम तकनीकों का इस्तेमाल नहीं होता, उनमें मानवीय श्रम की प्रणाली ही उपयोग में लाई जाती है। छत्तीसगढ़ में अब भी ऐसी इकाइयां हैं। इनमें श्रमिकों के स्वास्थ्य की उपेक्षा की बात सामने आई है।

अलग राज्य बनने से पहले ही अनेक छोटे-बड़े उद्योग कार्यरत थे। स्वतंत्र अस्तित्व में आने के बाद उनकी संख्या और बढ़ी है। इससे रोजगार के अवसर निर्मित हुए हैं तथा सरकार की राजस्व आय बढ़ी है। प्रदेश की जीडीपी में इज़ाफ़े का यह प्रमुख कारण है। इसीलिये प्रदेश सरकार राज्य के अस्तित्व में आने के तुरंत बाद से ही औद्योगक तरक्की पर काफी ध्यान दे रही है जिसका असर निश्चित ही लोगों की खुशहाली के रूप में देखने को मिल रहा है। फिर भी यहां अनेक उद्योगों की प्रकृत्ति ऐसी है जिनमें प्रदूषण काफी होता है। कोयला, सीमेंट, विभिन्न अयस्कों आदि से जुड़ी औद्योगिक इकाइयां कुछ इसी तरह की होती हैं। इसलिये श्रमिकों के स्वास्थ्य के लिये खतरनाक उद्योगों के प्रबन्धन को चाहिये कि इस ओर गम्भीरतापूर्वक ध्यान दें।

हालांकि प्रदेश सरकार श्रमिकों की स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यवस्था पर ध्यान तो देती है लेकिन अक्सर देखा जाता है कि औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के अफसरों की मिलीभगत से इस बाबत रिपोर्टें दबा दी जाती हैं। बहुत से ऐसे उद्योग हैं जो इस मामले में या तो लापरवाह होते हैं अथवा उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं होता। चूंकि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर कम्पनियों को काफी खर्च भी करना पड़ता है, वे इनसे बचती हैं। मजदूरों, कर्मचारियों, अधिकारियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी उन्हें जो कदम उठाने चाहिये, वे उन्हें टालती हैं। राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों के उल्लंघन से भी वे बाज नहीं आतीं तथा उन्हें विभाग के कतिपय अधिकारी सुरक्षा देते हैं। कहना न होगा कि इसके पीछे दोनों ही पक्षों (कम्पनियां एवं विभागीय अधिकारीगण) का क्रमश: हित व स्वार्थ होता है।

सोमवार को छग के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने जब इस विषय पर समीक्षा बैठक की तो यह बात सामने आई कि जोखिम श्रेणी के राज्य में चल रहे 913 कारखानों में से 682 ने ही स्वास्थ्य रिपोर्ट अपलोड की है। 231 उद्योगों (तकरीबन 25 प्रतिशत) ने यह उत्तरदायित्व नहीं निभाया। यह गम्भीर बात है। सरकार दोषी संयंत्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

## सीएमडी कॉलेज के एनसीसी कैडेट का ऑल इंडिया थल सैनिक के लिए चयन

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। सी एम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय के लिए हर्ष और गर्व का विषय है कि महाविद्यालय के एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर वीर सिंह यादव का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप में हुआ है। कैडेट का चयन जजिंग डिस्टेंस और फील्ड सिग्नल प्रतियोगिता हेतु किया गया है, जो एनसीसी के सबसे चुनौतीपूर्ण एवं प्रतिष्ठित आयामों में से एक माना जाता है।

ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप एनसीसी कैडेट्स की सैन्य क्षमता, शारीरिक दक्षता, अनुशासन, नेतृत्व एवं निर्णय क्षमता की परख करने वाला प्रमुख शिविर है, जिसमें देशभर से चुनिंदा कैडेट्स भाग लेते हैं। इस कैंप में चयनित होना किसी भी कैडेट के लिए एक विशिष्ट उपलब्धि और गौरव का विषय है।



महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने बताया कि कैडेट ने निरंतर अभ्यास, कठिन परिश्रम, साहस और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। साथ ही उसको बहुत-बहुत धन्यवाद दिया, 7 सीजी बटालियन के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट लोकेश देवा ने कहा कि यह चयन न केवल संस्था के लिए गौरवपूर्ण है बल्कि समूचे बिलासपुर और छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी प्रेरणादायक है।

एनसीसी अधिकारी रोहित लहरे ने बताया कि ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप देशभर के एनसीसी कैडेट्स के लिए प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण मंच है, जहाँ सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन और नेतृत्व कौशल की परख होती है। इस चयन से सीएमडी कॉलेज का गौरव बढ़ा है और महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

महाविद्यालय के सदस्य अमन दुबे ने भी बधाई ज्ञापित किया ।प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने कैडेट को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।महाविद्यालय परिवार, 7सीजी बटालियन के एसएम दीबेश कुमार, ट्रेनिंग जेसीओ लाल सिंह, सूबेदार बृजमोहन, सूबेदार सतनाम सिग,हवलदार मनोज कुमार, हवलदार गणेश नागरे, हवलदार दलीप मेहरा, एनसीसी अधिकारीगण तथा सहपाठियों ने चयनित कैडेट को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## बरसात के बाद तत्काल शुरू होंगे सड़क मरम्मत के काम

### कार्य-योजना तैयार रखने कलेक्टर ने दिए निर्देश

### प्रतिष्ठित कम्पनी में जिले की 136 बच्चियों के चयन पर जताई खुशी

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सड़क मरम्मत एवं सुधार की कार्य-योजना तैयार रखने को कहा है। ताकि बरसात के बाद तत्काल इस पर काम किया जा सके। उन्होंने जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए तेजी से काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में बताया कि यूरिया की बड़ी खेप जिले में जल्द पहुंचने वाली है। उन्होंने मुनाफाखोरी करने वाले निजी खाद दुकानों पर छापामार कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर आज मंथन सभा कक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक में अधिकारियों की बैठक लेकर इस आशय के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार बिलासपुर जिले में भी वेटलैण्ड का सर्वे किया जाना है। बताया गया कि जिले में 825 वेटलैण्ड चिन्हांकित किये गये हैं। इन सभी संरचनाओं का सीमांकन किया जाना है। उन्होंने राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को इसके लिए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आदि कर्मयोगी मिशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गांवों के उत्साही युवाओं को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। ऐसे युवा विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोड़कर इसका लाभ दिलाने में प्रशासन को मदद करेंगे। गौरतलब है कि जिले में 102 गांव आदि कर्मयोगी मिशन योजना में शामिल हैं। शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में जनभागीदारी सुनिश्चित करना इस योजना का प्रमुख ध्येय है। कलेक्टर ने बैठक में पीएम जनमन योजना की विशेष समीक्षा की और संतृप्ति लेवल हासिल करने के लिए बचे हुए काम जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।




कलेक्टर ने रजत महोत्सव की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को छत्तीसगढ़ के 25 साल की उपलब्धियों की जानकारी जिला पंचायत में जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संख्यात्मक जानकारी के साथ सेवा की गुणवत्ता में आये बदलाव की जानकारी भी शामिल किया जाये। कलेक्टर ने भरूच स्थित निजी क्षेत्र की टायर कम्पनी योकोहामा में मशीन ऑपरेटरिंग नौकरी के लिए चयनित 136 बच्चियों के साहस की सराहना की। उन्होंने बच्चियों के पालकों की बैठक आयोजित कर उनकी सहमति एवं विश्वास हासिल करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने पीएम पोर्टल, सीएम जनदर्शन, ई-ऑफिस, मुख्यमंत्री की घोषणा विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की और तेजी से इनका निराकरण करने के निर्देश दिए।

## सशक्त भारत के नवनिर्माण के लिए शिक्षकों में आध्यात्मिकता का होना जरूरी-मंजू दीदी

**बिलासपुर,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। इस विश्व का सर्वोत्तम जॉब शिक्षक का है क्योंकि डॉक्टर हो इंजीनियर हो या कोई आईएएस ऑफिसर, सभी को उस पद तक पहुंचाने का श्रेय शिक्षक का होता है। कोई बच्चा ज़ब माता-पिता के कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर शिक्षक के पास आता है तो सबसे पहले तो उसे शिक्षक का प्यार ही चाहिए होता है। कोई बच्चा पढ़ाई में कमजोर हो तो उसके लिए नकारात्मक शब्द का प्रयोग करके उसे हतोत्साहित नहीं करें बल्कि उन्हें अनुशासन के साथ प्यार और प्रशंसा के द्वारा आगे बढ़ाएं। ये बातें सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल की पूर्व छात्रा रही टिकरापारा सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने स्कूल के सभी शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कही।



किसी भी संगठन को सुचारु रूप से चलाने के लिए मेहनत के साथ दिमाग़ और दिल की शक्ति अर्थात् समर्पण भाव चाहिए। केवल दिमाग़ हो तो टकराहट होगी, केवल मेहनत हो तो स्मार्ट वर्क नहीं होगा लेकिन ज़ब दिमाग़ और मेहनत के साथ समर्पण होगा तो सफलता निश्चित है। कुछ शिक्षकों ने कार्यक्रम का अनुभव साझा करते हुए कहा कि मंजू दीदी की तरह हमें भी मुस्कान को अपनी पहचान बनाना है और आज उनके द्वारा दी गयी अनुभवयुक्त सीख को अपने जीवन में अमल में लाना है। प्रिंसिपल सिस्टर सुमन ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि जैसे दीदी ने कहा एक शिक्षक मोमबत्ती के प्रकाश की तरह खुद पिघलकर दूसरों को रोशनी देता है ऐसे चाहे मैं प्रिंसिपल, चाहे सभी शिक्षक अपने समर्पण, मेहनत और प्यार से खुद को पिघलाकर दूसरों को जीवन देना है क्योंकि आज के समय में मोरल वैल्यू और जीके को छोड़कर हर किताब में मूल्यों की कमी हो गई है। इसलिए बच्चों को मूल्य शिक्षा देकर मूल्यवान बनाना हमारा कर्तव्य है।

## पीएम आवास में रोजगार सहायक पर 31 लाख से ज्यादा के गबन का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

### जनदर्शन में हुई शिकायत पर कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियादें सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। मस्तुरी विकासखण्ड के ग्राम उड़ांगी के रोजगार सहायक पर लगभग 159 पीएम आवास हितग्राहियों से मनरेगा मजदूरी की राशि का गबन किये जाने की शिकायत हुई। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में आमागोहन निवासी धनेश्वरी सूर्यवंशी ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनके पति की जनवरी 2024 में मौत हो गई। उन्होंने ग्रामीण बैंक खोंगसरा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना कराया था। लगभग डेढ़ साल बाद में बीमा राशि उन्हें नहीं मिल पाई है। बैंक प्रबंधन द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर को उनका आवेदन सौंपते हुए इसका समाधान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कोटा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बछालीखुर्द के सरपंच ने अपने ग्राम में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए आवेदन दिया। क्रेडा विभाग को इसका सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मस्तुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उड़ागी के पीएम आवास के हितग्राहियों ने रोजगार सहायक पर मजदूरी की राशि का गबन किये जाने की शिकायत करते हुए जांच एवं राशि दिलाने की मांग की। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि 150 हितग्राहियों के लगभग साढ़े 31 लाख की राशि फर्जी मस्टर के जरिए निकाल खा लिये हैं।



कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को उनका ज्ञापन सौंपते हुए जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गिरधौना निवासी महिला किसान श्रीमती कामिनी साहू ने स्वत: नामांतरण के अंतर्गत प्राप्त भूमि की ऋष्पा पुस्तिका नहीं मिलने की शिकायत की। तखतपुर एसडीएम को इस पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राधा खिलावन पटेल ने खूंटाघाट जलाशय के मस्तुरी विकासखण्ड के अंतिम छोर पर स्थित गांवों में पानी नहीं पहुंचने की जानकारी देते हुए कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

कलेक्टर ने सिंचाई विभाग के ईई को उनका ज्ञापन सौंपते हुए हर संभव कार्रवाई के निर्देश दिए। बिल्हा के ग्राम बिटकुली निवासी यश कुमार दिवाकर ने तालाब में अपने पिता की मृत्यु होने के एक वर्ष बाद भी मुआवजा राशि नहीं मिलने की जानकारी देते हुए सहायता की मांग की। कलेक्टर ने उनका आवेदन एसडीएम बिलासपुर को सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मल्हार सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष ने अपने पुत्र का कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी पर लगा लेने की शिकायत जनदर्शन में की गई।

## कारीगरों और उद्यमियों को मिलेगा डिजिटल मार्केटिंग का ज्ञान

### एक दिवसीय कार्यशाला आज

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 3 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से मंगला चौक स्थित होटल दीप रॉयल में रैम्प योजना अंतर्गत ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग से सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम के लिए बाजार विकास विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशाला का उद्देश्य एमएसएमई महिला उद्यमियों एसएचजी सदस्यों एवं पारंपरिक कारीगरों का ई-कामर्स प्लेटफार्म के माध्यम से अपने उत्पादों की बाजार पहुँच बढ़ाने, विपणन सहायता प्राप्त करने नेटवर्किंग के अवसर समझने उत्पादों की दृश्यता में वृद्धि तथा लॉजिस्टिक समर्थन के बारे में जानकारी देना है।

यह कार्यशाला विशेष रूप से सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, महिला उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूह, हस्तशिल्प हथकरघा खाद्य प्रसंस्करण वनोपज आधारित उद्यम एवं ऐसे कारीगर एवं उत्पादक जो ऑनलाइन बिक्री के इच्छुक है उनके लिए उपयोगी रहेगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के मुख्य महाप्रबंधक ने जिले के सभी इच्छुक उद्यमियों एवं लाभार्थियों से आग्रह किया है कि कि वे इस नि: शुल्क कार्यशाला में भाग लें।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बिलासपुर में प्रबंधक श्रीधर राव, मो.नं. 7587097969 से संपर्क कर सकते है।

# नीलकंठ के चालकों ने अधिकारी को पीटा, 5 बने आरोपी

### एसईसीएल में अशांति पर त्वरित कार्यवाही

कोरबा-कुसमुंडा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड में भू-विस्थापितों के साथ-साथ आऊट सोर्सिंग कंपनियों में काम करने वाला वर्ग लगातार उग्र तेवर दिखा रहा है। ऐसे में समस्याएं बढ़ रही है। नीलकंठ में कार्यरत ड्रायवरों के द्वारा एसईसीएल अधिकारी के साथ मारपीट की गई। कुसमुंडा पुलिस ने सहायक खनन प्रबंधक की रिपोर्ट पर

5 से अधिक लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कहा है कि अशांति और अपराधिक मामलों में त्वरित कार्यवाही करेंगे। खबर के अनुसार एसईसीएल कुसमुंडा में 1 सितंबर को यह घटना हुई। बताया गया कि ओमप्रकाश श्रीवास पिता स्व. रंगनाथ श्रीवास उम्र 41 वर्ष निवासी बी.116 आदर्श नगर एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना में सहायक प्रबंधक खनन के पद पर कार्यरत है। वह महाप्रबंधक के मौखिक आदेशानुसार एवं उज्जवल बनर्जी उप प्रबंधक खनन के साथ नीलकंठ पैच के व्यू पाइंट में नीलकंठ कंपनी में कार्यरत ड्रायवर द्वारा सेकेंड शिफ्ट में हड़ताल किये जाने पर रोजगार के संबंध में सूची को लेकर बातचीत करने गए थे। इस दौरान ड्रायवरों ने एचपीसी दर्ज के साथ लिस्ट को देने कहा। उसके बिना लिस्ट ना जारी करने को कहा। अधिकारी ओमप्रकाश ने कहा कि मेरा काम लिस्ट देना है ना कि एचपीसी रेट तय करना। इसी दौरान लक्ष्मण पटेल ने अभद्र व्यवहार किया। अधिकारी ने गाली ना देने को कहा, तब नीलकंठ के वाहन चालकों ने एक राय होकर गाली-गलौच की। इनमें लक्ष्मण पटेल, अशोक पटेल, गोविंदा सारथी, राम पटेल, श्रवण पटेल एवं अन्य लोग शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि इनके साथ और भी लोग थे जिन्होंने हाथ-मुक्का, फाईट से मारपीट की। इस दौरान उन्होंने धमकाया कि अगर मेरे खिलाफ रिपोर्ट करोगे तो जान से खत्म कर देंगे। इस घटना में अधिकारी के मुंह में चोट लगी है तथा खून निकला है। कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट पर लक्ष्मण पटेल, अशोक पटेल, गोविंदा सारथी, राम पटेल, श्रवण पटेल व अन्य लोगों के विरुद्ध धारा 121(1), 132, 191(2), 221, 296-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना जारी रखी गई है। इससे पहले भू-विस्थापितों के द्वारा खदान के फेस और अन्य क्षेत्रों में रोजगार, मुआवजा व दूसरे मुद्दों को लेकर प्रदर्शन के दौरान अभद्रता के मामले आ चुके है। इनमें भी पुलिस ने कड़ा रुख दिखाते हुए कार्यवाही की।

### अर्द्धनग्न प्रदर्शन किया था महिलाओं ने

याद रहे पिछले महीने ही महिलाओं के द्वारा कुसमुंडा सीजीएम कार्यालय में अर्द्धनग्न प्रवेश कर प्रदर्शन करने के मामले ने तूल पकड़ा। ये महिलाएं आसपास के गांव से संबंधित थी। इनकी शिकायत थी कि भू-अर्जन के बाद नौकरी के मामले में ध्यान नहीं दिया जा रहा था। बाद में पुलिस की मदद ली गई तब कहीं जाकर स्थिति सामान्य हो सकी।

# एक्टिवा चोरी, उपभोक्ता फोरम ने 73 हजार देने कहा बीमा कंपनी को

### पहले लापरवाही बता की आनाकानी

कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। गणपति उत्सव के दौरान पंडाल में सेवा दे रहे एक परिवार की एक्टिवा चोरी हो गई। रात को पंडाल के बाहर एक्टिवा खड़ी की और चाबी निकालना भूल गए। सुबह आंख खुली तो एक्टिवा गायब थी। पुलिस में रिपोर्ट लिखाई पर एक्टिवा वापस नहीं मिली। बीमा कंपनी ने इस मामले में क्लेम देने से इनकार किया। उपभोक्ता फोरम ने कंपनी को कहा कि वह 73 हजार का हर्जाना दे।



बताया गया कि इस मामले में पीड़ित मनोरमा साहू ने बीमा क्लेम के लिए कंपनी में आवेदन प्रस्तुत किया। पर बीमा कंपनी ने यह कहते हुए क्लेम मंजूर करने से इनकार कर दिया कि चाबी लगी गाड़ी छोड़कर लापरवाही की गई और ऐसे में बीमा कंपनी इस नुकसान के लिए जवाबदेह नहीं। इस मामले को लेकर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतिरोष आयोग कोरबा के समक्ष पहुंची वाहन स्वामिनी को न्याय मिला है। आयोग ने फैसला सुनाते हुए बीमा कंपनी को आदेशित किया है कि बीमा कंपनी 30 दिन के भीतर वाहन स्वामिनी को वाहन की क्षतिपूर्ति, आर्थिक व मानसिक क्षतिपूर्ति और वाद व्यय समेत 73 हजार 248 भुगतान करे।

फोरम के समक्ष 15 मई को यह मामला आया था। इसमें बताया गया कि आवेदक ने मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बीमा कराया था जो घटना दिवस के बाद भी प्रभावी था।

बीमा कंपनी की ओर से वाहन स्वामिनी की ओर से लापरवाही बरतने की बात कह परिवादिनी के क्लेम को निरस्त कर दिया। आयोग ने परिवादिनी को मानसिक एवं आर्थिक क्षतिपूर्ति के एवज में 20,000 रुपए संयुक्त अथवा पृथक पृथक प्रदान करेंगे।

इसके अलावा परिवादिनी को वादव्यय के मद में 7000 रुपए संयुक्त अथवा पृथक पृथक भुगतान करेंगे।

## खाद की किल्लत पर आप का प्रदर्शन



कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। खाद की कालाबाजारी व किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी के द्वारा जिले भर में प्रदर्शन किया गया। समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

आप जिला अध्यक्ष शहरी ग्रामीण जगलाल राठिया, संतोष यादव, धर्मदास गुप्ता, गोरेलाल पटेल ने कहा कि आधा खरीफ सीजन गुजर जाने के बाद भी राज्य में यूरिया की कमी किसानों के लिए चिंताजनक है।

इस बार सरकार समय पर डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं करा पाई है। कृषि विभाग ने यूरिया और खाद की आपूर्ति के लिए कई योजना नहीं बनाई थी।

इस मौके पर सचिव शत्रुघ्न साहू, सोमराज वामन वरोकर, संतोष कुमार गबेल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### लागोस इंटरनेशनल में आकर्शी को सफलता



कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। आकर्षी कश्यप ने लागोस इंटरनेशनल क्लासिक्स 2025 में रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्हें एनटीपीसी ने सीएसआर से सहायता दी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कोरिया की गा यून पार्क को हराया और सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की उस खिलाड़ी को पराजित करते हुए शानदार वापसी की, जिससे वह पहले कैमरून में हार चुकी थीं। फाइनल मुकाबले में लगातार चार मैच खेलने के बाद भी आकर्शी ने शानदार खेल दिखाया और कड़ा मुकाबला करते हुए स्वर्ण पदक से थोड़े अंतर से चूक गईं। आकर्शी ने उपलब्धि के लिए शुभचिंतकों व एनटीपीसी को धन्यवाद कहा। आकर्शी की अगली चुनौती वियतनाम इंटरनेशनल सीरीज़ है, जो 9 से 14 सितंबर तक आयोजित होगी।

### पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए काम किया लायंस क्लब ने




कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। लायंस क्लब बालको और बजाज इलेक्ट्रिकल लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में फलदार वृक्षों का रोपण गौमुखी सेवाधाम, देवपहरी, कोरबा में पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम किया।

लगभग 250 फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। शिविर में 30 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच में 2 मरीजों में मोतियाबिंद पाए गए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल, लायंस क्लब बालको के अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, गौमुखी सेवाधाम के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव योगेश जैन, डॉ. देवाशीष मिश्रा, डी.के. कुदेशिया, जीपी केडिया, कैलाश कुमार अग्रवाल, परमानंद अग्रवाल, राजेश ठाकुर, पद्माकर शिंदे, रामसेवक अग्रवाल, हरविंदर सिंह, अजय जायसवाल, डॉ. लव कुमार साहू, शंकर अग्रवाल उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को सुविधा देने बुंदेली में लगाया शिविर



कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी व श्री बालाजी सेवा संघ के संयुक्त तत्वधान में विकास खंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला एवं रक्तदान शिविर का ग्राम बुंदेली में अयोजन किया गया। रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया व जिला पंचायत के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह अतिथि थे। निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने अध्यक्षता की।

नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि शहर में कार्यक्रम होते रहते हैं लेकिन ग्रामीण अंचल में यह कार्यक्रम हो रहा है जिससे गरीबों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता मिलेगी। बहुत सी बीमारियों का उन्हें पता नहीं चल पाता इससे उन्हें पता चलेगा और उनके इलाज में मदद मिलेगी। जिला आयुष स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर उदय सिंह ने कहा कि इस विकासखंड आयुष स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का ग्रामीण अधिक से अधिक लाभ उठाएं। रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन राम सिंह अग्रवाल ने अपनी बात रखी। इस अवसर पर भारतीय रेड क्रास सोसाइटी के वाइस चेयरमैन राजेन्द्र प्रसाद तिवारी कोषाध्यक्ष राजेश बगड़िया अनिल अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# एसईसीएल में अग्रणी होने पर बीएमएस ने मनाया विजय उत्सव

### मजदूरों की दयनीय स्थिति पर चिंता जताई नेताओं ने

कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ एसईसीएल में अव्वल रहा। उसने सभी क्षेत्रों में प्रथम स्थान बनाया। इस उपलक्ष्य में आदर्श नगर, इंदिरा स्टेडियम, कुसमुंडा क्षेत्र में विशाल विजयोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या रहे। अध्यक्षता के. लक्ष्मा रेड्डी कोल उद्योग प्रभारी बीएमएस ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय चौधरी,अध्यक्ष अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ, राधेश्याम जायसवाल, मंत्री भारतीय मजदूर संघ केंद्र सुजीत सिंह, महामंत्री अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ,शोभा सिंह देव, अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश, मजरुल हक अंसारी, टिकेश्वर सिंह राठौर, महेंद्र पाल,सिंह संजय सिंह,अशोक कुमार सूर्यवंशी, हिरण कुमार चंद्रा,अमिया मिश्रा, रंजय सिंह के अलावा अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य तथा एसईसीएल के सभी क्षेत्र के अध्यक्ष, महामंत्री व सदस्य उपस्थित रहे। प्रमुख वक्ता हिरण्मय पांड्या एवं के लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि कोल इंडिया में मजदूरों की स्थिति दयनीय होते जा



रही है। प्रतिवर्ष सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संख्या बढ़ रही है और नई भर्ती नहीं हो रहे हैं। वहीं वर्तमान में जो कर्मचारी हैं उनके वेलफेयर, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य साधन में प्रबंधन पूरी तरह से कटौती कर रही है। वर्तमान में ठेका में जो कर्मचारी जो कल इंडिया की उत्पादन में लगभग उनकी भागीदारी 70 प्रतिशत है, लेकिन प्रबंधन ना तो उन्हें चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रही है ना सही समय पर उचित एचपीसी के अनुसार वेतन भुगतान कर रही है एवं सामाजिक सुरक्षा से काफी दूर रखा गया है। उनकी अधिकारों से कहीं न कहीं उन्हें वंचित किया जा रहा है। भारतीय मजदूर संघ कोल इंडिया ही नहीं वरन सभी क्षेत्र में निजी कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों की स्थिति के सुधार के लिए प्रयासरत है। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के तत्वाधान में चार चरणों में आंदोलन चल रही है। मजदूर हितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, आने वाले दिनों में इसका बेहतर परिणाम भी देखने को मिलेगा।

# एसईसीएल ने अगस्त माह में दर्ज किया रिकॉर्ड ओबीआर

### 25.17 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर के साथ अगस्त माह का सर्वाधिक ओबीआर

कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल ने अगस्त 2025 में ओवर बर्डन रिमूवल का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हाल ही में सम्पन्न अगस्त माह में कंपनी ने 25.17 मिलियन क्यूबिक मीटर का ओबीआर कर स्थापना से अब तक किसी भी अगस्त माह में सर्वोच्च ओबीआर की उपलब्धि दर्ज की है।



अगस्त 2025 के लिए निर्धारित 21.17 एमसीयूएम के लक्ष्य की तुलना में एसईसीएल ने 115.8 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की। वहीं, अगस्त 2024 में प्राप्त 13.62 एमसीयूएम की तुलना में इस वर्ष उल्लेखनीय 84.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। गौरतलब है कि कोयला उद्योग में ओपनकास्ट खदानों से कोयला निकालने से पूर्व मिट्टी, पत्थर आदि की परतें हटानी पड़ती हैं, जिन्हें ओवरबर्डन कहा जाता है। इस कार्य को ओवर बर्डन रिमूवल (ओबीआर) कहते हैं। ओबीआर कोयला उत्पादन का एक महत्वपूर्ण निष्पादन मानदंड है, क्योंकि इसके माध्यम से भविष्य के उत्पादन हेतु कोयला सीम को तैयार किया जाता है। एसईसीएल द्वारा अपने मेगाप्रोजेक्ट्स में ओबी हटाने के लिए ब्लास्टिंग-रहित रिपर तकनीक के प्रयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे सुरक्षित एवं पर्यावरण-हितैषी रूप से ओबी हटाना संभव हुआ है। विदित हो कि एसईसीएल को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 360 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर का लक्ष्य सौंपा गया है, जिसकी ओर कंपनी मजबूती से अग्रसर है।

# गांव में महिला से छेड़छाड़ करने वाले को एक वर्ष की सजा

कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। चीतापाली गांव में महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को न्यायालय ने एक वर्ष कारावास की सजा से दंडित किया है। आरोपी ने घटना तब की थी जब पीड़िता अपने घर पर सो रही थी। उसके द्वारा घटना के बारे में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

खबर के अनुसार 22 दिसंबर 2024 की रात्रि लगभग 11 बजे यह घटना हुई। प्रार्थिया का पति रायगढ़ में काम करता था और बीच-बीच में कोरबा आता रहा। शीतकालीन छुट्टी होने की वजह से प्रार्थिया के दोनों बच्चे अपने दादा-दादी के घर गये थे। वह घर में अकेली थी। घटना दिवस को चीतापाली गाँव का सुमरित लाल नगेसिया उसके घर के अंदर कमरे में घुस गया। तब महिला सोई हुई थी। आरोपी की हरकतों से प्रार्थिया की नींद खुली। तब आरोपी सुमरित सामने से दरवाजा खोल कर भाग गया। प्रार्थिया ने पीछा कर उसे पहचान लिया। घटना की जानकारी प्रार्थिया ने अपने परिजनों को दी।

पति के रायगढ़ से वापस आने पर प्रार्थिया ने आरोपी सुमरित के विरूद्ध रात्रि में घर में घुसकर छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। उरगा थाना में आरोपी के विरुद्ध धारा 74, 75, 331(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र अपर सत्र न्यायाधीश सीमा प्रताप चंद्रा के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

कोर्ट ने आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 74 में 1 वर्ष व 500 रुपए जुर्माना, एवं धारा 331(4) में 1 वर्ष कैद व 500 रुपए जुर्माना की सज़ा सुनाई गई।

# आवागमन में बाधा हुई तो फाड़ दिया मंत्री का पोस्टर



कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा जिले के बुधवारी- सीएसईबी चौक में सोमवार की रात उस वक्त बवाल मच गया जब एक नाराज युवक ने बधाई संदेशों वाले पोस्टर, बैनर और बोर्ड को तोड़फोड़ कर फाड़ना शुरू कर दिया। ये पोस्टर कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन को अतिरिक्त युवा नेता विकास महतो के जन्मदिन की शुभकामनाओं के थे।

सीएसईबी चौराहे पर पिछली रात युवक ने हाथ में लाठी लेकर इस घटना को अंजाम दिया। उसके द्वारा जैन मंदिर और सीएसईबी चौक में भी इस तरह की गतिविधि को अंजाम दिया। यह देखकर भाजपा से जुड़े कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति जताई और ऐतराज किया तो युवक के साथ बहस हो गई। बताया जा रहा है कि उसकी जमकर पिटाई भी कर दी। सूचना मिली है कि युवक ने यह सब इसलिए किया क्योंकि जहां-तहां पोस्टर लगे होने से सड़क पर आने-जाने में दिक्कत हो रही थी। पीटने वालों ने उसके तर्क को नजर अंदाज किया।

## आंगनबाड़ी कर्मियों ने सरकारी सेवक का दर्जा देने मांग की



कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। आंगनबाड़ी केन्द्रों में सेवाएं दे रही कार्यकर्ता-सहायिकाएँ अब अपने अधिकारों को लेकर मुखर हो गई हैं। इन्होंने कहा कि आईसीडीएस योजना को लागू हुए 50 वर्ष पूरे होने के बाद भी उन्हें न तो कर्मचारी का दर्जा मिला और न ही न्यूनतम मजदूरी, पेंशन, ग्रेज्युटी, बीमा और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएँ।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ के बैनर तले कोरबा के आईटीआई तानसेन चौक पर धरना उपरांत रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखीं। उन्होंने कार्यकर्ता को तृतीय श्रेणी और सहायिका को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित करने के साथ लगभग 30 हजार रुपए वेतन व कैशलेस चिकित्सा देने की मांग की। वे चाहती है कि उन्हें विभाग में सुपरवाइजर भी बनाया जाए। गुजरात हाईकोर्ट का निर्णय इस प्रदेश में लागू करने और सेवानिवृत्ति के बाद न्यूनतम 10 हजार पेंशन देने की मांग भी की जा रही है।

# प्रकरण के समाधान में उदासीनता हुई तो कार्यवाही तय

### टीएल बैठक में अधिकारियों को मिली नसीहत

कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। निगम द्वारा मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक रखी गई। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण के प्रति उदासीनता एवं लेट-लतीफी पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदारी तय की जा कर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

आयुक्त ने साकेत भवन में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कलेक्टर टी.एल., मुख्यमंत्री जनचौपाल, निगम की टी.एल., पृष्ठांकित महत्वपूर्ण पत्रों, पी.जी.एम.प्रकरणों एवं अन्य सभी जनशिकायतों से संबंधित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें साथ ही यह भी अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि जनसेवाओं व



नागरिक सुविधाओं से जुड़े निगम के कार्य सर्व-प्राथमिकता के साथ संपादित कराए जाएं ताकि आमजन को मूलभूत जरूरतों की पूर्ति सुगमता के साथ होती रहे, उन्हें अनावश्यक परेशानी न हों। बैठक में आयुक्त श्री पाण्डेय ने निदान, राजस्व वसूली, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न विषयों व निगम से संबंधित सेवाओं व सुविधाओं पर किए जा रहे कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए कार्यो में अपेक्षित कसावट लाने के निर्देश अधिकारियां को दिए। बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त द्वय बी.पी.त्रिवेदी व पवन वर्मा, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, विनोद शांडिल्य, प्रकाश चन्द्रा, , भूषण उरांव, राकेश मसीह, सुनील टांडे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# रजत जयंती थीम और लोगो लगेंगे पूजा पंडालों में

कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष में मनाया जा रहा है। इसलिए तय किया गया है कि शहर में स्थापित विभिन्न पूजा पण्डालों में रजत जयंती वर्ष के लोगो व थीम को जरूरी किया जाएगा। इसके आधार पर रंगोली प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी व छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम किए जाएंगे।

मंगलवार को आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शहर की पूजा उत्सव समितियों की बैठक ली। उनसे इसी हिसाब से आयोजन किए जाने का आग्रह किया। समितियों से कहा गया कि पूजा पण्डालों में रजत जयंती थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता करें।

आयुक्त ने बैठक के दौरान पण्डालों, अस्थाई संरचनाओं, धरना, जुलूस, सभा, रैली आदि के आयोजन के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित मानदण्डों की जानकारी दी।

साथ ही शासन के दिशा निर्देशों की प्रति उपलबध कराई। इसके साथ ही उन्होने पण्डालों की स्थापना के दौरान पार्किंग व्यवस्था का ध्यान रखने, समिति के स्वयं के वालेनटियर नियुक्त करने, परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था रखने आदि के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश समितियों को दिए। उन्होने कहा कि पण्डालों का स्ट्रक्चर मानदण्डों के अनुरूप व प्रमाणित हो, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहें।

## सार-संक्षेप

### पंचायत की महिलाओं को मिला सशक्तिकरण का संदेश



**एमसीबी,** 02 सितबर (देशबन्धु)। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में ग्राम पंचायत पिपरिया में मिशन शक्ति (हब) के अंतर्गत विशेष जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार की महिला केंद्रित योजनाओं, नीतियों तथा अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके कौशल एवं क्षमता निर्माण के लिए प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा (मिशन शक्ति-हब) द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया, हब के कर्मचारियों ने उपस्थित महिलाओं को योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं और उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया।

शिविर में मिशन शक्ति और सखी वन-स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से भागीदारी निभाते हुए महिलाओं को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और डिजिटल सशक्तिकरण से जोड़ते हुए यह संदेश दिया कि शासन की हर योजना का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया गया बल्कि उनमें आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का संचार भी किया। इस पहल ने पिपरिया ग्राम पंचायत की महिलाओं को यह भरोसा दिलाया कि शासन की योजनाएं उनके लिए हैं और उनका सही उपयोग करके वे अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकती हैं।

### जनदर्शन के आवेदनों को समय-सीमा पर करें निराकरण- कलेक्टर

**एमसीबी,** 02 सितबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में आवेदक किशोरी मिश्रा निवासी मनेन्द्रगढ़ कलेक्टर दर से वेतन भुगतान किये जाने के संबंध में, चिरौंजिया निवासी खोंगापानी दिये गये पैसा को वापस नहीं किये जाने के संबंध में, देवी प्रसाद निवासी मंगौरा भूमि के संबंध में, रिभान्शू निवासी हर्रा किसान आईडी दुरूस्त करने के संबंध में, समस्त ग्रामवासी केंवटी पृथक ग्राम सभा गठन के संबंध में, मनीष सिंह निवासी खोंगापानी पुनः गुणवत्तापूर्ण सी.सी.रोड निर्माण के संबंध में, उर्मिला जायसवाल निवासी मनेन्द्रगढ़ आंगनबाड़ी भवन निर्माण करवाये जाने के संबंध में, सुरजीत सिंह निवासी मनेन्द्रगढ़ सूचना के अधिकार के अधिनियम 2005 के साथ खिलवाड़ करने के संबंध में एवं निर्मित दुकानों के जांच में अनावश्यक देरी के संबंध में, रामकली निवासी चिरमिरी मुआवजा दिलाये जाने के संबंध में, रामदेव निवासी ठिहाई रिक्त कोटवार पद पर पदस्थापना के संबंध में, मुनौवर फारूक अंसारी निवासी मनेन्द्रगढ़ एसडीएम कार्यालय में पदस्थ शम्भू दयाल की शिकायत के संबंध में, हुकुमचन्द, इन्दर साय, कुंवार साय, लुन्दनराम निवासी पाराडोल भूमि के संबंध में, जग साय निवासी खैरबना पट्टा के भूमि में मेरा नाम दर्ज कराने के संबंध में, दीपक निवासी पसौरी प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जी सत्यापन किए जाने के संबंध में, शिकायत लेकर उपस्थित हुए थे। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### डबरीपारा के सैकड़ों ग्रामीणों ने जनदर्शन में सरपंच सचिव की शिकायत की



**कोरिया,** 02 सितबर (देशबन्धु)। 15वें वित्त आयोग की राशि में गबन और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायत डबरीपारा के सैकड़ों ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम पहुंचे। महिलाओं और पुरुषों ने संयुक्त रूप से कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपी और पंचायत प्रतिनिधियों पर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में बिना प्रस्ताव पारित किए फर्जी बिल और वाउचर तैयार कर लाखों रुपये की राशि का आहरण कर लिया गया है।

सड़क निर्माण, मरम्मत कार्य, थाली वितरण और सामग्री खरीदी जैसे कई विकास कार्यों को सिर्फ कागजों पर दर्शाया गया है, जबकि वास्तविकता में कोई काम नजर नहीं आता। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच, सचिव और सरपंच पति ने मिलीभगत कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया है। गांव की महिलाओं ने बताया कि थाली वितरण योजना के अंतर्गत किसी को लाभ नहीं मिला। कई गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सामग्री तक नहीं दी गई। इसी तरह, सड़क और नाली निर्माण के नाम पर बड़ी राशि खर्च दिखा दी गई, लेकिन गांव की हालत जस की तस बनी हुई है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि जब उन्होंने पंचायत में हुए खर्चों की जानकारी चाही तो उन्हें टालमटोल किया गया। अंततः सूचना का अधिकार के तहत दस्तावेज निकलवाने पर गबन का मामला सामने आया। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच पति ने सचिव के साथ मिलकर पूरे प्रकरण को अंजाम दिया और गांव के विकास के नाम पर धनराशि हड़प ली। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि दोषियों से गबन की गई राशि वसूल कर वास्तविक विकास कार्य कराए जाएं। ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में आई हर शिकायत की निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों पर नियमानुसार कठोर कदम उठाए जाएंगे।

### जलते हुए दिए के साथ कठिन योग का प्रदर्शन

मनेंद्रगढ़, 02 सितबर (देशबन्धु)। एमसीबी योग सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित दीप- योग,का प्रदर्शन, सरस्वती शिशु मंदिर के खेल प्रांगण में किया गया।

योग की कठिन विधाओ के सिद्धहस्त, छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के युवा प्रशिक्षक विवेक कुमार तिवारी ने जलते हुए दिए के साथ अद्भुत संतुलन एवं ध्यान के साथ, योग के कई कठिन आसनों का शानदार प्रदर्शन किया।

# रूमकेरा में सरपंच की दबंगई, परिवार का 'हुक्का-पानी बंद' कर कराया सामाजिक बहिष्कार

## पीड़ित ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

## मानसिक प्रताड़ना झेल रहा परिवार

रायगढ़ 02 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखण्ड घरघोड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रूमकेरा के सरपंच की दबंगई और तानाशाही रवैये ने लोकतंत्र और सामाजिक न्याय पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। सरपंच ने एक परिवार को न केवल झूठे आरोपों में फंसाने की कोशिश की बल्कि खुलेआम गांव में मुनादी कराकर उनका 'हुक्का-पानी बंद' और सामाजिक बहिष्कार भी करवा दिया। इससे पीड़ित परिवार सामाजिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और आर्थिक संकट से भी गुजर रहा है।

सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहे पीड़ित परिवार द्वारा एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सरपंच ग्राम पंचायत रूमकेरा द्वारा मेरे घर के सामने सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसके कारण मेरे घर आने-जाने का रास्ता बंद हो जा रहा है कहि से रास्ता ना होने के कारण मेरे द्वारा उक्त निर्माण के विरुद्ध हाई कोट से स्थगन आदेश लाने के कारण सरपंच द्वारा मेरे और मेरे परिवार के प्रति दुर्भावना रखा जाने लगा जिसके परिणाम स्वरूप सरपंच द्वारा मेरे खिलाफ में थाने में पंप चोरी कि झूठी शिकायत का आवेदन दिया गाया है, एवं सरपंच के द्वारा 30 अगस्त



को गांव में हमारा हुक्का पानी एवं सामाजिक बहिसकार के साथ गांव का कोई भी व्यक्ति सबंध रखेगा। उसके ऊपर 10000 रु. का जुर्माना लगाया जायेगा कह कर मुनादी करवाया गया है, जिसके बाद गांव का कोई भी आदमी हमसे बातचीत नहीं कर रहा है, एवं पूर्ण रूप से गांव से बहिष्कृत कर दिया गया है। जिसके कारण मै एवं मेरा पूरा परिवार मानसिक प्रताड़ना झेल रहे है, एवं हमारा जीवन यापन दूभर हो गया है। अतः महोदय से निवेदन है कि इस सबंध में उचित कार्यवाही करे जिससे में एवं मेरा परिवार सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर सके। गांव में इस तरह का 'हुका-पानी बंद' कर सामाजिक बहिष्कार थोपना न सिर्फ काला अध्याय है बल्कि संविधान और कानून दोनों के खिलाफ है। सवाल यह है कि जब लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम नागरिक को आवाज उठाने का हक है तो पंचायत स्तर पर तानाशाही की यह काली छाया क्यों कायम है? बहरहाल जहां लोकतंत्र की चैपाल सजनी चाहिए, वहां आज भी सामंती फरमानों की गूंज सुनाई दे रही है। सवाल सिर्फ एक परिवार का नहीं, बल्कि इंसाफ और इंसानियत की लाज का है। अब यह देखना बाकी है कि प्रशासन इस मामले में क्या पहल करता है।

# कलेक्टर के न्यायालय कक्ष में एसी कंप्रेसर फटने से लगी आग



रायगढ़ 02 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट में कल उस समय सनसनी फैल गई और अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब कलेक्टर के न्यायालय कक्ष में शार्ट सर्किट के चलते एसी का कंप्रेसर फट गया और आग लग गई. जिसके चलते न्यायालय कक्ष में धुआं भर गया और वहां से धुआं कलेक्टोरेट बिल्डिंग में फैलने लग गया। और घबराये कर्मचारी बाहर निकल आये। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम कलेक्टोरेट पहुंच गई और फिर कुछ ही मिनटों में आग को बुझा लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पूर्वान्ह कलेक्टोरेट में आम दिनों की तरह ही सरकारी कर्मचारियों के आने का सिलसिला जारी था, कर्मचारी अभी अपने अपने ऑफिस में आकर बैठे ही थे कि तभी अचानक से पूरे कलेक्टोरेट परिसर में धुआं फैलने लगा। जिसके चलते अफरा तफरी सी मच गई, कर्मचारियों को यह समझते देर नहीं लगी कि कलेक्टोरेट बिल्डिंग में आग लग गई है, फिर क्या था कर्मचारियों में खलबली सी मच गई और खुद को बचाने के लिए वे अपने अपने ऑफिस से निकल कर बाहर निकल आये.

इस बीच पता चला कि कलेक्टर के न्यायालय कक्ष में आग लगी है और एसी का कंप्रेसर फटने की वजह से ये स्थिति निर्मित हुई है, ऐसे में तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई, चूंकि घटना कलेक्टर न्यायालय की थी ऐसे में फायर ब्रिगेड की टीम भी, सूचना मिलने के दस मिनट के अंदर ही कलेक्टोरेट पहुंच गई और कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया।

### पापा, मैं ठीक हो जाऊंगी ना

# दिल की बीमारी से जूझ रही मासूम शांभवी गुरला का सवाल

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भोपालपटनम से आए परिवार को दिया संपूर्ण इलाज का भरोसा

## रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में होगा रियूमेटिक हार्ट डिजीज (आरएचडी) का इलाज

**कोरिया,** 02 सितबर (देशबन्धु)। बीजापुर जिले भोपालपटनम ब्लॉक के वरदली गांव की 7वीं कक्षा में पढ़ने वाली 11 वर्षीय शांभवी गुरला की मासूम आंखों में एक ही सवाल था— पापा, मुझे क्या हुआ है, मैं ठीक हो जाऊंगी ना?




खेती-किसानी कर परिवार का गुजारा करने वाले उसके पिता इस सवाल पर अक्सर चुप हो जाते थे। तीन महीने पहले जिला अस्पताल बीजापुर में जब डॉक्टरों ने बताया कि शांभवी को रियूमेटिक हार्ट डिजीज है, तो पिता के पांव तले जमीन खिसक गई। डॉक्टरों ने रायपुर में इलाज कराने की बात कही, लेकिन परिवार को लगा कि रायपुर में इलाज में तो बहुत ज्यादा खर्च लगता होगा, ये सोच कर परिवार की उम्मीदें टूटने लगीं। घर में हर रोज यही चर्चा होती—अब क्या होगा? हम अपनी बेटी का इलाज कैसे कराएंगे? मां रोती और शांभवी को सीने से लगाकर कहती—बेटा, सब ठीक होगा। लेकिन उसके पिता की आंखों में चिंता साफ झलकती थी। आखिरकार उन्होंने हिम्मत जुटाई और बेटी को लेकर सीधे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के पास पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री ने बच्ची से मुलाकात की और तुरंत ही रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में डॉ. स्मित श्रीवास्तव से बात की। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज तुरंत शुरू किया जाए। खर्च की चिंता मत करें, सरकार पूरी जिम्मेदारी लेगी। स्वास्थ्य मंत्री की यह बात सुनते ही शांभवी की मां की आंखों से आंसू बह निकले। उन्होंने कांपती आवाज़ में कहा— मंत्री, आप हमारी बेटी को नया जीवन दे रहे हैं। आप हमारे लिए किसी डाक्टर से कम नहीं। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर शांभवी को इलाज के लिए एसीआई रायपुर में लाया गया है। यहां डॉक्टरों की टीम उसकी जांच करेगी और उसका इलाज शुरू करेगी। गौरतलब है कि सरकार का यह कदम सिर्फ एक बच्ची के लिए नहीं, बल्कि राज्य के हर एक गरीब परिवार के लिए भरोसे का संदेश है। अब माता पिता के चेहरे पर खुशी के भाव देखकर आज शांभवी भी मुस्कुरा रही है और पिता से बार-बार पूछती है— पापा, मैं जल्दी खेल पाऊंगी ना? और इस बार पिता की आंखों में आंसू नहीं, बल्कि उम्मीद की चमक है।

# ट्रक में लकड़ी पकड़े जाने पर मचा हड़कंप

## जांच में निकली विभागीय लकड़ी

**नागपुर,** 02 सितबर (देशबन्धु)। बीते दिन गुरुवार देर रात नागपुर क्षेत्र में एक संदिग्ध ट्रक पकड़े जाने का मामला सामने आया। क्षेत्र के कुछ युवाओं ने पुलिस को सूचना दी थी कि ट्रक में लकड़ी का अवैध परिवहन हो रहा है। सूचना मिलते ही नागपुर हाइवे पुलिस चौकी प्रभारी ने कार्रवाई करते हुए रात करीब 1-30 बजे ट्रक को रोककर नागपुर चौकी परिसर में खड़ा कराया।

जांच पड़ताल के बाद स्थिति स्पष्ट हुई कि ट्रक में लदी लकड़ी वास्तव में वन विभाग द्वारा पंच की गई है। इस संबंध में चिरमिरी वन परिक्षेत्र अधिकारी सूर्यदेव सिंह ने जानकारी दी कि डिपो से मनेंद्रगढ़ लकड़ी भेजी जानी थी, जिसे सुबह रवाना करना तय था। लेकिन ट्रक चालक ने अपनी सुविधा के लिए रात में ही वाहन निकाल लिया। अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में उस समय विभागीय स्टाफ मौजूद नहीं था, जिसके कारण आवश्यक दस्तावेज ट्रक के साथ नहीं जा पाए। वन विभाग के प्रभारी रेंजर अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि ट्रक चालक ने मनेंद्रगढ़ की ओर जाने के बजाय गलती से बैकुंठपुर का रास्ता



पकड़ लिया जिसके कारण पुलिस को शक हुआ और वाहन को चौकी में खड़ा करा दिया गया। अधिकारी ने दावा किया कि लकड़ी पर विभागीय नंबर अंकित है और इसे सुरक्षित कस्टडी में रखा गया

इस बारे मे नागपुर चौकी प्रभारी शेषनारायण सिंह ने बताया कि संदिग्ध ट्रक को सूचना के आधार पर रोका गया था। बाद में मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई और सभी वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद ट्रक व लकड़ी को विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

### जिला क्रिकेट संघ के ट्रायल तिथियों की घोषणा

**मनेंद्रगढ़,** 01 सितबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के आदेशानुसार जिला क्रिकेट संघ कोरिया द्वारा खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल की नई तिथियां घोषित की गई हैं। संघ के अनुसार अंडर-14 और अंडर-19 वर्ग के ट्रायल संपन्न हो चुके हैं। वहीं, अंडर-16 वर्ग का ट्रायल जो पहले 14 सितंबर को प्रस्तावित था, अब 6 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।

### गौशाला चौक पर जाम और हादसों का संकट

रायगढ़ 02 सितंबर (देशबन्धु)। शहर का गौशाला चैक सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है। यहां पांच प्रमुख रास्ते मिलते हैं, जिसके चलते चैक पर दिनभर यातायात का दबाव बना रहता है। स्थिति यह है कि आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं और लंबे समय तक जाम लगा रहता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुरक्षा के लिए यहां केवल अस्थायी बेरिकेड्स लगाए जाते हैं। ये भी विशेष अवसरों जैसे चक्रधर समारोह के दौरान लगाए जाते हैं और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद हटा दिए जाते हैं। स्थायी समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि चौक से मात्र 300 मीटर की दूरी पर ट्रैफिक विभाग का कार्यालय मौजूद है, लेकिन इसके बावजूद यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए स्थायी उपाय नहीं किए गए हैं। इस मार्ग से स्टेशन और शहर की ओर जाने वाले वाहन तेज रफ्तार में गुजरते हैं, जिससे हादसों का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और ट्रैफिक विभाग से मांग की है कि गौशाला चैक पर जल्द से जल्द स्थायी बैरिकेड्स, ट्रैफिक सिग्नल और चौक सुधार की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को जाम और दुर्घटनाओं से राहत मिल सके।

# सामूहिक कन्या विवाह योजना में 21 लाख की वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत, पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की

**एमसीबी चिरमिरी,** 02 सितबर (देशबन्धु)। भरतपुर-सोनहत क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने सामूहिक कन्या विवाह योजना में भारी वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुख्य सचिव, सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग तथा कलेक्टर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को शिकायत पत्र प्रेषित किया है।



पूर्व विधायक ने अपने पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया है कि वर्ष 2024-25 में आयोजित सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में लगभग 21 लाख रुपये की राशि का नियम विरुद्ध व्यय किया गया। इस दौरान तत्कालीन जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि बंसल ने चयन समिति की स्वीकृति के बिना सामग्री खरीदी और सीधे भुगतान किया गया इस प्रकार कन्या विवाह कार्यक्रम में हुए हैं कई फर्जीवाड़े हुए, एक ही स्थान चिरमिरी के लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित विवाह कार्यक्रम में टेंट और कैटरिंग के नाम पर अलग-अलग परियोजनाओं से लाखों रुपये का भुगतान। कैटरिंग और टेंट सप्लायर को बिना जीएसटी नंबर और संदिग्ध बिलों के आधार पर भुगतान। एक ही फर्म को तीन अलग-अलग परियोजनाओं के नाम पर चेक जारी कर भुगतान। कैटरिंग बिल में 500ङ्क600 उपस्थित लोगों के बजाय लगभग 2000 लोगों का खर्च दर्शाया गया। स्थानीय स्तर पर सामग्री उपलब्ध होने के बावजूद सूरजपुर और सरगुजा जिले से फर्मों को काम सौंपा गया।

### भुगतान पर भी संदेह है

शुभ्रा केटर्स को लगभग 5.5 लाख रुपये का भुगतान। वेलकम टेंट हाउस नागपुर को 4.41 लाख रुपये का भुगतान। जेडीबिज सर्विस प्रा. लि. को श्रृंगार सामग्री हेतु 7.17 लाख रुपये का भुगतान। कई अन्य फर्मों को भी बिना कोटेशन व चयन समिति की स्वीकृति के लाखों रुपये की राशि दी गई। शिकायत पत्र में उल्लेख है कि यह समूचा कार्यक्रम महिला बाल विकास के जिला अधिकारी शुभम बंसल के मौखिक आदेश पर हुआ, लेकिन नियमानुसार चयन समिति से ना तो स्वीकृति ली गई और ना ही सामग्री का सत्यापन कराया गया। पूर्व विधायक गुलाब कमरो के अनुसार तत्कालीन जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने पद का दुरुपयोग कर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया है। पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई हो। श्री कमरों के अनुसार तत्कालीन जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने पद का दुरुपयोग कर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया है।

### 14 वर्षीय बालक की नाले में डूबने से मौत, शव बरामद

रायगढ़ 02 सितंबर (देशबन्धु)। जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहाँ कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने एक 14 वर्षीय बालक के शव को नाले से बरामद किया है। बताजा जा रहा है कि, किशोर बीते सुबह अपने तीन दोस्तों के साथ रायगढ़ के भेरारी नाला के पास खेलने गया था, जहां खेलते- खेलते अचानक वह नाले में डूब गया।

जिसके बाद किशोर के परिजनों ने इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस थाने में दर्ज करवाई। पुलिस ने तुरंत मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू किया, जिसके बाद आज डीडीआरएफ टीम की मदद से बालक के शव को बाहर निकाला गया है, फिलहाल बालक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और पुलिस आगे की करवाई में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार, पाराघाटी निवासी सूरज गोड़ रविवार को अपने 3-4 दोस्तों के साथ भेरारी नाला के पास खेलने गया था। खेलते समय अचानक वह नाले के गहरे पानी में डूब गया। सूरज के डूबने की खबर उसके दोस्तों ने तुरंत परिजनों को दी।

# 41 वीं मासिक निशान यात्रा एवं श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ

## दुसरे दिन बटेगा खीर,चुरमा,चांवल सब्जी, खिचडी का भोग

**खरसिया,** 02 सितबर (देशबन्धु)। नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ 03 सितम्बर 2025 को आयोजित हैं। 04 सितम्बर को अखण्ड ज्योत जलाई जाएगी एवं खीर,चूरमा, चांवल सब्जी, खिचड़ी का प्रसाद श्याम बिहारी मंदिर में भोग के रूप में लगाया जाएगा। नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा भादवा शुक्ल एकादशी 03 सितम्बर को प्रातः 06 बजे बिसनकुमार जी विकासकुमार (विनय पण्डा) के निवास स्थान गोपाल मिल परिसर, खरसिया से निशान यात्रा प्रारंभ होकर 7:30 बजे मंदिर पहुचने के पश्चात आरती की जावेगी।

श्री श्याम कुटुंब के संस्थापक मुकेश मित्तल ने जानकारी देते बताया कि संस्था द्वारा नगर के श्याम प्रेमियों के घर घर से बाबा श्याम के पूजन करने के पश्चात शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन निशान यात्रा प्रारंभ की जावेगी बाबा श्याम को निशान अर्पण करने का एक विशेष महत्व है एवं बाबा श्याम के प्रेमियों के लिए शुक्ल पक्ष की ग्यारस के पावन दिन के अवसर पर प्रत्येक शुक्ल पक्ष की ग्यारस को घर घर से निशान यात्रा प्रारंभ करने का बीड़ा उठाया है मासिक निशान यात्रा नगर के श्याम प्रेमियों के निवास स्थान से प्रारंभ कर श्री श्याम बिहारी मंदिर प्रत्येक शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन निकाली जावेगी नगर के जो भी भक्त अपने निवास से निशान यात्रा के लिए नाम आरक्षित करा सकते हैं । दोप. 1 बजे से श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ एवं दुसरे दिन प्रातः 7:30 बजे बाबा की ज्योत एवं उसके पश्चात दोपहर 12:30 बजे चांवल सब्जी एवं रात्रि 7:30 बजे बाबा के आरती के पश्चात खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा। श्याम कुटुम्ब के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि श्याम कुटुम्ब द्वारा विगत 15 वर्षो से प्रत्येक शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा किया जाता रहा हैं। जिसके तहत 03 सितम्बर 2025, शुक्ल पक्ष की ग्यारस को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ श्री श्याम बिहारी मंदिर में दोप. 1 बजे से प्रारंभ किया जाएगा।



जिसके मुख्य जजमान महावीरप्रसाद संयजकुमार शर्मा, खरसिया होंगे। श्याम बिहारी मंदिर में गुब्बारों एवं रंग बिरंगी झालरों से मंदिर को सजाया गया है। श्याम पाठ में बाबा के जन्म के पश्चात सभी भक्तों को बधाईया बांटी जायेगी। दुसरे दिन 04 सितम्बर को सुबह प्रातः 7:30 बजे बाबा की ज्योत प्रज्वलित की जाएगी एवं आरती कर खीर,चुरमा का प्रसाद लगाया जाएगा। रात्रि 07:30 बजे बाबा की आरती कर खीचड़ी का भोग लगाया जायेगा। शुक्ल पक्ष बारस के पावन अवसर पर 04 सितंबर को श्री श्याम बिहारी मंदिर में प्रातः 07:25 पर बाबा की ज्योति प्रज्जवलीत कर आरती करने के पश्चात खीर चुरमा का प्रसाद बाबा को अर्पण कर भक्तों के बीच वितरण किया जावेगा। शुक्ल पक्ष की प्रत्येक बारस को दोपहर 12:30 बजे आरती के पश्चात चांवल सब्जी का वितरण प्रत्येक माह में किया जाना है जिसके तहत संस्था द्वारा शुक्ल बारस 04 सितम्बर को दोपहर 12:00 बजे बाबा श्याम की भोग आरती के पश्चात भक्तों को सब्जी चांवल का महा प्रसाद वितरण एवं रात्रि 07:30 बजे बाबा श्याम को खिचड़ी का भोग संध्या 07:30 बजे बाबा श्याम की आरती के पश्चात श्री गुलाबचंद जी मुकेशकुमार जी मित्तल, खरसिया द्वारा सभी भक्तों को खिचड़ी का प्रसाद बाटा जावेगा।

# खरसिया अंचल में खाद की कमी से जूझ रहे किसान



रायगढ़ 02 सितंबर (देशबन्धु)। खरसिया विधायक उमेश पटेल के नेतृत्व में आज ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुमार गबेल के द्वारा सैकड़ो किसानों की उपस्थिति में खरसिया एसडीएम को ज्ञापन सौपते हुए किसानों को खाद दिलाये जाने की मांग की गई। मांग पूरी नही होनें से आगामी दिनों में तहसील कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को खरसिया विधायक उमेश पटेल के नेतृत्व में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तकरीबन 40 गांव के दो सौ से अधिक किसानों की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी खरसिया के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में किसानो का खेती किसानी करने का समय चल रहा है किन्तु शासन के द्वारा किसानो को खेती करने के लिए आज पर्यन्त तक डी.ए. पी. एवं यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति नहीं कराया गया है, जबकि पूर्व में भी कई बार मौखिक रूप से खाद आपूर्ति के संबंध में निवेदन किया जा चुका है। किन्तु आज तक खरसिया क्षेत्र के 81 पंचायत के किसानों को खाद नही मिल पा रहा है। जिसके कारण किसानो को खरीफ फसल (धान) के उत्पादन में भारी कमी होने की संभावना है। जबकि दूसरी ओर महंगे दाम पर ब्लैक में खाद खरीदकर किसान कर्ज के बोझ तले दब जायेंगे। खरसिया एसडीएम के नाम सौंपे गए ज्ञापन में किसानों को जल्द ही खाद नही मिल पाने की स्थिति में आगामी 4 सितंबर को खरसिया विधायक उमेश पटेल के नेतृत्व में ब्लाक कांग्रेस कमेटी हजारों किसानों की उपस्थिति में तहसील आफिस खरसिया का घेराव करने वाली है जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## सार-संक्षेप

### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए



**सारंगढ़ ,** 02 सितबर (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने समय सीमा का बैठक लिया। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर कार्यालय को समय सीमा, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, सांसद, विधायक, पीजीएन पोर्टल और विभिन्न माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का समीक्षा कर समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से निराकरण करने तथा की गई कार्रवाई से संबंधित आवेदकों को सूचित करने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए।आगामी धान खरीदी के मद्देनजर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कृषि अधिकारी, एसडीएम और तहसीलदार को जिले में किसान पंजीयन के लिए शेष 7440 किसानों का 30 सितंबर तक 100 प्रतिशत पंजीयन कर फार्मरआईडी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही आश्रम छात्रावास में बालिकाओं का स्वास्थ्य अमला द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं एनीमिया जांच कराने के निर्देश दिए। जिन बालिकाओं के शरीर में रक्त की मात्रा हीमोग्लोबिन 7 या 8 प्रतिशत है, उन्हें डॉक्टर के द्वारा स्पेशल डाइट चार्ट, आयरन और फोरिक एसिड आदि दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शेष हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में कुष्ठ, टीबी तथा फाइलेरिया के चिन्हांकित मरीजों का इलाज करने और उसका समय समय पर लगातार फॉलोअप इलाज करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण कर कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के बिलाईगढ़ डिविजन के मुआवजा प्रकरणों, जिसके लिए कई वर्षों से किसान भटक रहे हैं ऐसे दर्ज कोर्ट प्रकरण का भूअर्जन प्रकरण बनाने के निर्देश दिए ताकि किसानों, हितग्राहियों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जिला स्तर के अधिकारियों को अपनी योजनाओं का समीक्षा कर सतत रूप से फील्ड में निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कहा कि अपने विभागीय कार्यों को अच्छे से करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर कठोर कार्रवाई की जावेगी। बैठक में अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, एस के टंडन, सीईओ जिला पंचायत इंद्रजीत बर्मन सहित जिले के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय अजा मोर्चा के बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े के साथ हुए शामिल

**सारंगढ,** 02 सितबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश स्तरीय बैठक जो की रायपुर के एकात्म परिषद मे संपन्न हुआ में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े पूर्व विधायक के साथ शामिल हुए बैठक में प्रदेश स्तरीय मोर्चा के विभिन्न किया कलापो व योजनाओं पर चर्चा किया गया।

### नि:शुल्क आई कैंप डभरा में दो सौ नेत्र पीड़ित लाभान्वित




**डभरा,** 02 सितबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सक्ती के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी हाईकोर्ट अधिवक्ता कमल किशोर पटेल द्वारा 2 सितंबर को नगर पंचायत डभरा में अपने निवास स्थान में नि:शुल्क आई कैंप लगाकर जनता को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का एक सराहनीय कार्य किया जा रहा है उनके द्वारा चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत डभरा में आई कैंप लगाकर नेत्रों रोग से पीड़ित आम जनता को सहायता पहुंचाने के लिए शिविर आयोजित किया गया इस शिविर में लगभग 200 से अधिक मरीज को लाभ मिला। वहीं लगभग 40 नेत्र पीड़ित मरीजों को आंख रोग के बेहतर इलाज के लिए एमजीएम हास्पिटल रायपुर बस द्वारा भेजा गया। जिनका नि:शुल्क इलाज एमजीएम हास्पिटल में लगातार नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लोगों कि इलाज करा रहे है। जिससे जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल रहा है। साथ ही इलाज के लिए शिविर में आए लोगो के लिए भजन की भी व्यस्था कराया जाता है क्षेत्र के गरीब वर्ग के लोगो के लिए यह नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर वरदान साबित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश लोग पैसे के अभाव के कारण अपना ईलाज नही करा पाते है। इस लिए इस प्रकार का शिविर लोगो के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है। नि:शुल्क नेत्र मोतियाबिंद जांच एवं निदान शिविर के आयोजक समाजसेवी हाईकोर्ट अधिवक्ता एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल ने कहा कि मैं पेशे से वकील हूं और जिला पंचायत सक्ती के उपाध्यक्ष पद पर हूं। मेरा प्रमुख उद्देश्य लोगों कि सेवा करना है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग नेत्र जांच महंगी ईलाज के कारण बड़े अस्पतालों में ईलाज के लिए नहीं पहुंच पाते है। उनके सुविधा के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाकर लोगों को लाभ दिलाना ही मेरा पहला लक्ष्य है। आज लोग नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा रहे है।

### जरुरत मंद बच्चों सामग्री वितरित

**डभरा,** 02 सितबर (देशबन्धु)। कार्यालय विकास खंड स्त्रोत केंद्र समग्र शिक्षा डभरा द्वारा समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विकास खंड क्षेत्र के स्कूलों से 50 जरूरत मंद बच्चों को सामग्री वितरण किया गया ।जिसमें बौद्धिक निशक्तता 15 लर्निंग मैटेरियल ब्रेन लिपि ब्रेन स्लेट श्रवण बाधित हियरिंग एड मशीन विलचेयर ट्रायसिकल सहित सामग्री दिया गया।ताकि छत्तीसगढ़ सरकार योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल में पढ़ाई कर रहे जरूरत मंद बच्चों को सामग्री वितरण किया गया। स्कूल आने जाने में बच्चों को परेशानी नहीं होगी। वही सामग्री मिलने पर बच्चे खुश नजर आए।इस अवसर पर जनपद पंचायत डभरा के उपाध्यक्ष अंजू संजू पटेल संजू पटेल श्याम लाल बारे विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्रमेश कुमार पटेल विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक रजनी पटेल व्याख्याता सुखदा कमलेश कुमार घृतलहरे कल्पना कौशिककविता मिंज छोटे लाल की उपस्थिति में वितरण किया गया है



# सबरिया समाज ने छोड़ी अवैध शराब की राह, अपना रहे स्वावलंबन

## पुलिस अधीक्षक की पहल ला रही सकारात्मक बदलाव

जांजगीर, 02 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में सामाजिक पुलिसिंग की दिशा में एक अनुकरणीय पहल सामने आई है। पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पाण्डेय की दूरदर्शी सोच और ठोस कार्ययोजना के तहत अब सबरिया समाज के लोग अवैध शराब निर्माण और बिक्री जैसे गैरकानूनी कार्यों से दूरी बना रहे हैं। समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से इस अपराध से तौबा कर स्वावलंबन की ओर कदम बढ़ा दिए हैं।

पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में न सिर्फ समाज के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए स्वरोजगार, कौशल विकास और प्रशिक्षण जैसी योजनाएं भी लागू की गई हैं। विशेष रूप से महिलाओं को बिहान समूहों से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

इसी कड़ी में बीते 01 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पामगढ़ के ग्राम कमरीद से आए सबरिया समाज के लोगों ने ग्राम खोखसा में मानिकपुरी समाज की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे साबुन, फिनाइल, डिटर्जेंट एवं अगरबत्ती निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। यह दौरा न केवल प्रेरणादायक रहा, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव भी मजबूत हुई।




### अन्य वर्गों में भी जागरूकता -एसपी

पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पाण्डेय का कहना है कि समाज का यदि कोई भी कमजोर वर्ग आत्मनिर्भर बनता है, तो वह स्वाभाविक रूप से अवैध गतिविधियों से दूर होता है।

पुलिस का यह कदम अब जिले के लिए एक नई मिसाल बनता जा रहा है, जिससे अन्य वर्गों में भी जागरूकता और प्रेरणा फैल रही है।

### पुलिस की जन अपील

अवैध शराब की बिक्री एक गंभीर अपराध है, जिससे सामाजिक और पारिवारिक तंत्र प्रभावित होता है। सभी नागरिकों से अपील है कि वे ऐसे अपराधों की रोकथाम में पुलिस का सहयोग करें।

यदि किसी क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण या बिक्री की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## नाले में युवक की लाश मिलने से सनसनी



जांजगीर, 02 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मेंऊ में मंगलवार तड़के सुबह एक युवक की लाश नाले में तैरती हुई मिली। शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान वीरेंद्र यादव पिता अमृत यादव उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी मेंऊ के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने नाले में शव देखकर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पामगढ़ पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक देर रात तक गांव में ही मौजूद था, लेकिन सुबह उसकी लाश नाले में तैरती हुई मिली। इससे गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## आंगनबाड़ी सहायिका के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित

जांजगीर, 02 सितम्बर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ अंतर्गत जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुड़पार के आंगनबाड़ी केन्द्र 01 में सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था।

परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ ने बताया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर भर्ती हेतु प्रथम मूल्यांकन सूची जारी किया गया है, जिसमें किसी भी अभ्यर्थियों द्वारा आंगनबड़ी सहायिका पद में दावा आपत्ति करना हो तो 11 सितम्बर तक कार्यालयीन समयावधि मे दावा आपत्ति जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि व समय उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा दावा आपत्ति करने के समय मूल आवेदन मे जोडने हेतु नवीन दस्तावेज मान्य नहीं किये जायेंगे।

# त्रुटि सुधार प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें- कलेक्टर

### धान खरीदी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

### कलेक्टर ने ली राजस्व एवं कृषि विभाग की बैठक

जांजगीर, 02 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में राजस्व, कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को एग्रीस्टैक पंजीयन अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री में शेष कृषकों का शत प्रतिशत पंजीयन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के किसानों का मिशन मोड में कार्य करते हुए एग्रीस्टैक में पंजीकृत करने, लक्ष्य अनुरूप फार्मर रजिस्ट्री और अप्रूवल हेतु लंबित प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने एग्रीस्टैक पंजीयन अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों का निरीक्षण करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि त्रुटि सुधार से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने खाद की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि किसानों को समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए। इस संबंध में किसी भी प्रकार की कमी या अनियमितता नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने नैनो यूरिया को किसानों तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि कृषि कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसके लिए प्रचार प्रसार करने के निर्देश कृषि विभाग अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पुराने बारदानों को सुरक्षित रखा जाए ताकि आगामी धान खरीदी में बारदाने की समस्या ना हो। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि तहसीलदार नियमित रूप से बैठक ले तथा पटवारियों से राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि ऋण पुस्तिका संबंधी कार्यों को लेकर किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी सजगता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को ई-कोर्ट के माध्यम से संचालित न्यायालयीन प्रकरणों की स्थिति की सिलसिलेवार समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने सभी एसडीएम को पटवारी के कार्यों में कसावट लाते हुए नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को हर महीने न्यूनतम एक राजस्व शिविर लगाने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने वसूली पत्रक अंतर्गत भू-राजस्व कर, नजूल भूमि से प्राप्त भू-भाटक तथा आरआरसी की समीक्षा की।

आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए सभी प्रकरणों में विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर आरके तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की तारीख तीन दिन आगे बढ़ी

### 1 लाख 19 हजार किसानों का पंजीयन का लक्ष्य

जांजगीर, 02 सितम्बर (देशबन्धु)। समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों के लिए राहत की खबर है। राज्य सरकार ने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब किसान 5 सितंबर तक पंजीयन करा सकेंगे। पहले इसके लिए अंतिम तिथि 31 अगस्त तय की गई थी, लेकिन जिले सहित प्रदेश में हजारों किसानों का पंजीयन अधूरा रह जाने के कारण समय सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

अधीक्षक भू-अभिलेख विनय पटेल ने बताया कि जिले में कुल 1 लाख 19 हजार किसानों का पंजीयन लक्ष्य रखा गया है। इनमें से अब तक करीब 1 लाख 7 हजार किसानों का पंजीयन हो चुका है। हजारों किसान अभी भी पोर्टल पर जुड़ना बाकी हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए तिथि 5 दिन बढ़ाई गई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे में शामिल जिले के 366 गांव

धान खरीदी में पारदर्शिता और गड़बड़ी रोकने के लिए इस बार डिजिटल क्रॉप सर्वे की शुरुआत की गई है। जांजगीर-चांपा जिले को इसमें 13वां स्थान मिला है। जिले के 366 गांव सर्वे में शामिल किए गए हैं, जहां करीब 4 लाख 75 हजार 73 प्लांट का सर्वे होगा।

सर्वेयर मौके पर पहुंचकर जीपीएस ट्रैकिंग करेंगे और तीन बार फोटो लेकर भुईया पोर्टल पर अपलोड करेंगे। इसके बाद पटवारी और तहसीलदार की ओर से सत्यापन एवं स्वीकृति दी जाएगी। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित होगा कि किसान जितने रकबे में धान की फसल बोएंगे, उतना ही धान समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे। एक डिसिमल भी अधिक धान बेचना संभव नहीं होगा।

### योजनाओं का लाभ पाने पंजीयन जरूरी

एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने वाले किसानों को न केवल समर्थन मूल्य पर धान बेचने की अनुमति होगी, बल्कि उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की कई योजनाओं का लाभ भी मिलेगा।

### प्रमुख योजना

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कृषि अवसंरचना निधि (एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड),किसान क्रेडिट कार्ड,उर्वरक अनुदान,प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना,मृदा स्वास्थ्य कार्ड,मुख्यमंत्री किसान सहायता योजना।

### सबसे अधिक धान खरीदी जांजगीर-चांपा और सक्ती में

जांजगीर-चांपा और सक्ती जिलों को प्रदेश का सबसे बड़ा धान उत्पादन व खरीदी क्षेत्र माना जाता है। यहां के 90 प्रतिशत खेत सिंचित हैं, जहां नहरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जाता है। यही कारण है कि इन जिलों से प्रदेश में सर्वाधिक धान की खरीदी होती है।

## डीजे साउंड जब्त, संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

जांजगीर, 02 सितम्बर (देशबन्धु)। चौकी पंतोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बक्सरा में गणेश विसर्जन के दौरान तय सीमा से अधिक तीव्र आवाज में डीजे साउंड बजाने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डीजे सिस्टम को जब्त कर लिया। डीजे संचालक के विरुद्ध कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बलौदा पुलिस ने 09 वारंटियों को किया गिरफ्तार



जांजगीर, 02 सितम्बर (देशबन्धु)। गणेश उत्सव एवं आगामी नवरात्रि पर्व के मद्देनज़र बलौदा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे एक निगरानी बदमाश सहित कुल 09 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना बलौदा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से इन अपराधियों को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न अपराधिक प्रकरणों में 1 स्थायी गिरफ्तारी वारंट एवं 08 अन्य गिरफ्तारी वारंट लंबित थे। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में श्रीलाल लहरे (उम्र 37 वर्ष) निवासी खिसोरा,निरंजन कुमार टण्डन (उम्र 35 वर्ष) निवासी खमदाईपारा खिसोरा, राजू कश्यप (उम्र 34 वर्ष) निवासी बैजलपुर, श्यामलाल रोहिदास (उम्र 52 वर्ष) निवासी पहरिया,गोपी पाटले (उम्र 25 वर्ष) निवासी बुचीहरदी,कृष्णा यादव (उम्र 30 वर्ष) निवासी हरदी महामाया,छोटू देवार (उम्र 23 वर्ष) निवासी देवारपारा बलौदा, गणेशू देवार (उम्र 24 वर्ष) निवासी देवारपारा बलौदा,मुकेश विश्वकर्मा निवासी खिसोरा (थाना बलौदा)शामिल है। इस कार्रवाई में प्र.आर. सहेत्तर पाटले, आरक्षक ईश्वरी राठौर, रूपेश डहरिया एवं सुमित श्रीवास का योगदान रहा।

## अकलतरा थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना, युवक घायल



जांजगीर, 02 सितम्बर (देशबन्धु)। अकलतरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दारू भट्ठी के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा चाकूबाजी की घटना सामने आई है। हमले में ई महेश (34 वर्ष), पिता ई कृष्ण गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार ई महेश मूल रूप से गुरु घांसी मोहल्ला का रहने वाला है और वर्धा पावर प्लांट में कार्य करता है। घटना के बाद उसे उपचार हेतु अस्पताल लाया गया, जहाँ डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश जारी है।

# लाखों की लागत से बने शौचालय का नहीं हो पा रहा सदुपयोग

### असामाजिक तत्वों द्वारा की जाती है तोड़फोड़

जांजगीर, 02 सितम्बर (देशबन्धु)। नवागढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मिसदा मे शौचालय भवन शो पीस बना हुआ है

स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्माण शौचालय भवन पूर्व सरपंच द्वारा लाखों की लागत से तैयार किया गया था लेकिन नए सरपंच द्वारा शौचालय भवन की ना तो साफ सफाई की जाती है ना ही उसे उपयोग में लाया जा रहा जिसके कारण लाखों की लागत से बने शौचालय जर्जर होते जा रहा है। बिजली पानी एवं रखरखाव के अभाव साफ-साफ दिखाई दे रहा है ग्रामीणों के अनुसार जब से शौचालय तैयार हुआ है तब से लेकर आज तक किसी ने भी इसका सदुपयोग नहीं कर पाया क्योंकि प्रतिदिन शौचालय के दरवाजे पर ताला लगा रहता है। शौचालय के आसपास कचरे का साफ सफाई भी नहीं किया गया है जिस पर नवनिर्वाचित सरपंच भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके चलते लाखों की लागत से तैयार शौचालय जर्जर होते जा रहा है। इधर शौचालय में ताला लगे रहने के कारण आस पास के लोगों को खुले मे शौच करने जाना पड़ता है जिससे ग्रामीण एवं स्थानीय रह वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है



### चाबी मुझे नहीं मिला है

पूर्व सरपंच द्वारा शौचालय निर्माण किया गया था अभी तक उसका चाबी मुझे नहीं मिला है और वैसे भी गांव से बाहर शौचालय बने होने के कारण असामाजिक लोगों द्वारा उपद्रव करते हुए कुछ सामानों को तोड़ दिया जाता है।

**सागर कुर्रे सरपंच ग्राम पंचायत मिसदा**

# राष्ट्रीय खेल दिवस में हुआ हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

### जिला हॉकी अकादमी की टीम ने खेलो इंडिया हॉकी सेंटर को 3-2 के रोमांचक मुकाबले में पराजित किया

जांजगीर, 02 सितम्बर (देशबन्धु)। मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद खेल महोत्सव में 3 दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन ठाकुर छेदीलाल शासकीय महाविद्यालय जांजगीर के खेल मैदान खेलो इंडिया हॉकी सेंटर में किया गया। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग के अलग अलग वर्ग में खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाइनल में जिला हॉकी अकादमी की टीम ने खेलो इंडिया हॉकी सेंटर जांजगीर की टीम को 3-2 के रोमांचक संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित किया। जिला हॉकी अकादमी की ओर से पुष्पेंद्र गढ़वाल राज कटकवार सोमदेव कुमार पप्पू सारथी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रियांशु गढ़वाल समीर कुमार रितेश बर्मन ने उत्कृष्ट खेल दिखाया। बालक वर्ग मिनी में खेलो इंडिया हॉकी सेंटर जांजगीर ने ध्यानचंद अकादमी को 2-0 से पराजित किया। युवराज कहरा शौर्य गढ़वाल भुवनेश्वर कुमार ने बेहतर खेल दिखाया। बालिका वर्ग में जिला हॉकी संघ जांजगीर चांपा की टीम ने ठाकुर छेदीलाल शासकीय महाविद्यालय की टीम को 1-0 से पराजित किया। संजना साहू सोनाली यादव खुशबू साहू का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। सभी मैच के एम्पायर अमित कुमार संजना साहू राकेश गढ़वाल खुशबू साहू थे। सभी खिलाड़ियों को शानदार खेल के लिए बधाई देते हुए मेजर ध्यानचंद के बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। सभी विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ हॉकी के ज्वाइंट सेक्रेटरी जिला हॉकी संघ जांजगीर चांपा अध्यक्ष गोपेश्वर कहरा ने किया ।



आभार प्रदर्शन राजीव ठाकुर संयोजक जिला हॉकी संघ जांजगीर चांपा ने किया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में जिला हॉकी संघ के सचिव राकेश गढ़वाल उपाध्यक्ष अजीत गढ़वाल देवा गढ़वाल चंद्रजीत सोनवान दीपक खरसन पवन कहरा छबिलाल अमित कुमार बादल गढ़वाल प्रदीप कुमार अक्षय धीवर रवि कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# देश विदेश

## दक्षिण कोरिया में कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल के पक्ष में डाले वोट

**सियोल,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में इस महीने के अंत में वेतन वृद्धि और सप्ताह में 4.5 दिन काम की मांग को लेकर मंगलवार को केंद्रीय वित्तीय कर्मचारियों ने एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के पक्ष में मतदान किया। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कोरियाई वित्तीय उद्योग संघ (केएफआईयू) ने कहा कि उसके लगभग 95 प्रतिशत सदस्यों ने 26 सितंबर को होने वाली हड़ताल के पक्ष में मतदान किया। कोरियाई ट्रेड यूनियनों के महासंघ से जुड़े केएफआईयू दक्षिण कोरिया के मुख्यधारा के निजी और सरकारी बैंकों तथा अन्य वित्तीय संस्थानों को कवर करता है। संघ ने नियुक्तियां बढ़ाने और सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने का भी आह्वान किया।

### अवामी लीग ने हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा उठाया, कहा

# गंभीर संकट का सामना कर रहा बांग्लादेश

- देश को स्थिरता प्रदान करने में विफल रही अंतरिम सरकार
- चरमपंथी समूहों में बढ़ रही युवाओं की भर्ती



**बांग्लादेश में संकट से उबरने का एकमात्र व्यावहारिक तरीका स्वतंत्र, निष्पक्ष व समावेशी राष्ट्रीय चुनाव सुनिश्चित करना है : अवामी लीग**

**ढाका,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। अवामी लीग ने मंगलवार को मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर जुबानी हमला किया। पार्टी ने कहा कि इस सरकार के तहत इस्लामी उग्रवाद, आर्थिक पतन, बेरोजगारी, बिगड़ी कानून व्यवस्था के कारण बांग्लादेश एक दशक से भी अधिक समय में अपने सबसे गंभीर संकट का सामना कर रहा है।

अवामी लीग ने कहा कि बांग्लादेश में संकट से उबरने का एकमात्र व्यावहारिक तरीका स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी राष्ट्रीय चुनाव सुनिश्चित करना है, जिसमें सभी प्रमुख राजनीतिक दल एक तटस्थ कार्यवाहक व्यवस्था के तहत शामिल हों।

पार्टी ने बांग्लादेश का संकट 2025 में गहराएगा: राष्ट्र पतन की ओर अग्रसर: शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की जगह लेने वाली सैन्य समर्थित अंतरिम सरकार देश को स्थिरता प्रदान करने में विफल रही है, जिससे अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और लोकतांत्रिक व्यवस्था में भारी गिरावट आई है।

बांग्लादेश में बढ़ते इस्लामी आतंकवाद और उग्रवाद पर प्रकाश डालते हुए अवामी लीग ने कहा कि अक्टूबर 2024 से कम से कम 15 इस्लामी हमले हुए हैं। खुफिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए पार्टी ने कहा कि चरमपंथी समूहों में युवाओं की भर्ती बढ़ रही है और ऑनलाइन हजारों लोगों को कट्टरपंथी बनाया जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 2025 की पहली छमाही में ही अल्पसंख्यकों के खिलाफ चरमपंथियों की हिंसा की कम से कम 40 घटनाएं हुईं। इसके अलावा, अल्पसंख्यकों पर हमले दोगुने हो गए हैं। हिंदू मंदिरों और ईसाई संस्थानों में अक्सर तोड़फोड़ की जाती है। अवामी लीग ने कहा कि बांग्लादेशी पुलिस अक्सर हस्तक्षेप करने में विफल रहती है। पार्टी का कहना है कि पुलिस की जांच या तो धीमी होती है या होती ही नहीं है, जिसकी वजह से चरमपंथी किसी परिणाम से डरे बिना अपना काम करते रहते हैं।

## बांग्लादेश में फैक्ट्री बंद किए जाने पर हंगामा, सुरक्षाबलों से भिड़े श्रमिक



**ढाका।** उत्तरी बांग्लादेश में फैक्ट्री बंदी और छंटनी के विरोध में मंगलवार को श्रमिकों और कानून प्रवर्तन कर्मियों के बीच झड़प में एक श्रमिक की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, रंगपुर संभाग के निलफामारी जिले स्थित निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (ईपीजेड) में मजदूर इकट्ठा हुए थे, जहां उनकी सुरक्षा अधिकारियों से झड़प हो गई। प्रमुख बांग्लादेशी दैनिक, 'प्रोथोम आलो' की रिपोर्ट के अनुसार, मृतक की पहचान 20 वर्षीय हबीबुर रहमान के रूप में हुई है, जो एवू इंटरनेशनल नामक एक बुनाई कारखाने में काम करता था। मृतक के बड़े भाई, आशिकुर रहमान ने कहा कि हबीबुर अपनी फैक्ट्री में रात की ड्यूटी पर था। आज सुबह काम खत्म करने के बाद, ईपीजेड से निकलते समय उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रोथोम आलो से बात करते हुए, निलफामारी सदर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी (ओसी) एमआर सईद ने कहा कि हम अभी भी सड़क पर हैं। हमें लोगों से खबर मिल रही है कि एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

## ट्रंप की 'अमेरिका पहले' की नीति दुनिया के लिए परेशानी का कारण बना : जिनपिंग



**तियानजिन,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अप्रत्यक्ष तौर पर अमेरिका पर निशाना साधते हुए उसे 'दूसरों को परेशान करने वाला' तथा खुद को नया वैश्विक नेता बताया और श्री डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका पहले' की नीति दुनिया के अन्य देशों के लिए परेशानी का कारण बन गया है।

श्री जिनपिंग ने एससीओ सम्मेलन में कहा कि अपने घर के नियम दूसरों पर लागू नहीं किया जाता। हमें दीवारों को तोड़ने की जरूरत है, न कि और खड़ी करने की। मैं एक न्यायपूर्ण और समानतापूर्ण दुनिया के लिए सभी देशों के साथ मिल कर काम करना चाहता हूं। चीनी राष्ट्रपति ने चीन के तियानजिन शहर में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में एससीओ के सदस्य देशों को आने वाले एक वर्ष में दो अरब युवान अनुदान के रूप में देने की घोषणा की और अगले तीन सालों में 10 अरब युवान एससीओ बैंक के माध्यम से ऋण के तौर पर देने की घोषणा की। इसके साथ ही श्री जिनपिंग ने वैश्विक स्वशासन पहल की घोषणा करते हुए शिखर सम्मेलन में शामिल नेताओं से एक न्यायपूर्ण और समानतापूर्ण विश्व के निर्माण के लिए साथ मिलकर काम करने का अह्वान किया।

## सुडोकू 7023

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | 4 | | 8 | |
| 6 | | | | | | | | |
| 1 | 8 | | | 4 | | | 5 | |
| 2 | | | 1 | | 5 | | | 6 |
| | 9 | | | 8 | | | 2 | 3 |
| | | | | | | | | 2 |
| | 1 | | 4 | 5 | | | | 9 |
| | | | | | 7 | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7023

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. विभिन्न राष्ट्रों का एक समूह
३. तलवार के कब्जे में होने वाला सोने आदि का काम (उर्दू)
५. एक विषैला पौधा या उसका फल
६. जल्दबाजी करना
७. निर्बल
९. दफ़न करना
१०. आकारहीन
१२. पीड़ित, बीमार, अशक्त, उत्सुक, अधीर
१३. जानने की इच्छा
१४. परिवर्तित करना
१६. स्वाद लेना
१८. स्वदेश, मातृभूमि (उर्दू)
२२. जिसका दमन करना कठिन हो
२१. कपटी, मक्कार
२३. कपोलकल्पित

**ऊपर से नीचे:-**

१. राजा की जिद
२. पुस्तकालय (उर्दू)
३. काट पीट कर सुडौल बनाना
४. ममता रहित, निष्ठुर
५. कोषालय
८. नगरवासी
१०. संख्या, अंक (उर्दू)
११. टुकड़े करना, व्यतीत करना
१२. लक्षण (उर्दू)
१३. अपमानित, बेइज्जती, दुर्गति (उर्दू)
१४. वीर (उर्दू)
१५. सबसे छोटा
१७. सारा, समस्त
१८. माह, साल का एक भाग
१९. झुका हुआ
२२. मेरूदंड

### वर्ग पहेली-7022

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नौ | ज | २ ला | ध्य | ३ क्ष | ■ | ४ पा | की | ५ ज | गी |
| नि | ■ | व | ■ | ६ मा | हि | र | ■ | रू | ■ |
| ७ हा | सि | ल | ■ | या | ■ | ८ प | धा | र | ९ ना |
| ल | ■ | श्क | ■ | १० च | रि | त्र | ■ | ■ | व |
| ■ | ११ ब | र | १२ स | ना | ■ | ■ | १३ उ | त्क | च |
| ■ | चा | ■ | चे | ■ | १४ सं | जी | दा | ■ | ला |
| १५ न | व | १६ जा | त | ■ | प | ■ | १७ र | १८ ह | ना |
| व | ■ | दू | ■ | १९ खि | न्न | २० ता | ■ | सी | ■ |
| २१ ल | वं | ग | ■ | ल | ■ | २२ म | द | ना | २३ र |
| ता | ■ | २४ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 7023 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 3 सितम्बर, 2025 भादो शुक्ल पक्ष 11**

### राशिफल

मेष - आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की सलाह दी जाती है। क्रोध के कारण आपके काम और संबंधों के बिगड़ने की आशंका है। मानसिक रूप से व्यग्रता और बेचैनी के कारण किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा।

वृषभ - शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहने तथा कार्य सफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आपको निराशा हो सकती है। आज किसी नए काम का आरंभ न करें। खान-पान में उचित अनुचित का ध्यान रखें।

मिथुन - आप का दिन आनंद-प्रमोद तथा भोग-विलास में गुजरेगा। दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन सुख मिलेगा। नए वस्त्र की खरीदी और उसे पहनने के अवसर प्राप्त होंगे।

कर्क - आप का दिन अच्छी तरह से गुजरने वाला है। घर में शांति तथा आनंद का वातावरण रहेगा। सुखमय प्रसंग बनेंगे। आप जो भी काम करेंगे, उसमें यश प्राप्त होगा। आरोग्य अच्छा रहेगा।

सिंह - आज का दिन आनंद से गुजरने वाला है। आज आप अधिक कल्पनाशील बने रहेंगे। साहित्य-सृजन के तहत मौलिक रूप से काव्य रचना की प्रेरणा होगी। किसी प्रिय मित्र के साथ हुई भेंट शुभ फलदायी होगी।

कन्या - आज का दिन आपके लिए अच्छा नहीं है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। कई परेशानियों के कारण मन व्याकुल रहेगा। स्फूर्ति का अभाव होगा। स्वजनों के साथ अनबन रहेगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी।

तुला - आप का दिन शुभ फलदायी होगा। बंधुओं के साथ अच्छे संबंध रहेंगे। उनके साथ बैठकर घर की समस्या पर चर्चा होगी। किसी छोटे धार्मिक स्थल पर जाने का सफल आयोजन होगा। धन लाभ का योग हैं।

वृश्चिक - आज साधारण लाभ का दिन है। व्यर्थ के खर्च पर रोक लगानी होगी। परिवार में झगड़े न हों, इसके लिए अपनी वाणी पर कंट्रोल रखें। कुटुंब के सदस्यों के बीच की गलतफहमी को दूर रखें।

धनु - आज का दिन काम और पढ़ाई में सफलता के लिए समय बहुत अनुकूल है। विदेश-व्यापार से लाभ हो सकता है। आप धार्मिक और शुभ काम कर सकेंगे। सम्बंधियों और मित्रों से मिलकर आप खुश होंगे। वित्तीय लाभ हो सकता है।


मकर - आपको स्वास्थ्य सम्बंधी शिकायत रहेगी। मानसिक भय हो सकता है। व्यवसाय में दूसरों की दखलंदाजी परेशान करेगी। धर्म और समाज से सम्बंधित कामों के पीछे पैसे खर्च हो सकते हैं।

कुंभ - आज का दिन शुभ मंगलकारी काम के लिए अच्छा है। अविवाहितों के लिए वैवाहिक योग है। संतान और पत्नी की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। पारिवारिक और दांपत्य जीवन में आनंद और संतोष प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। भाग्य आपके साथ है। व्यवसाय में पदोन्नति या वृद्धि हो सकती है। व्यापार में आपको रुके हुए पैसे मिलेंगे। पिता तथा बुजुर्गों की तरफ से लाभ हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# भारत के साथ दशकों की साझेदारी को ट्रंप ने किया तहस-नहस : बोल्टन



- ट्रंप पर भारत को रूस व चीन के करीब जाने के लिए मजबूर करने का लगाया आरोप

**वाशिंगटन,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप की पहली सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन ने भारत के प्रति ट्रंप प्रशासन की नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने भारत के साथ दशकों से चली आ रही साझेदारी को तहस-नहस कर दिया।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने स्काई न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के हफ्तों में भारत के साथ दशकों की साझेदारी को बिगाड़ दिया है। ट्रंप ने भारत को रूस और चीन के करीब जाने के लिए मजबूर किया है। उन्होंने बताया कि ट्रंप 2.0 से पहले, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ और चीन के साथ उसके लगाव से दूर करने की कोशिश की थी।

उन्होंने आगे कहा कि पश्चिमी देश, खासकर अमेरिका, दशकों से भारत को सोवियत संघ और रूस से पुराने रिश्तों, खासकर हथियारों की खरीद, से दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने भारत को चीन के खतरे के बारे में चेतावनी दी, जिसका प्रतीक एशियाई सुरक्षा चतुर्भुज (जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका) है। बोल्टन ने यह भी बताया कि ट्रंप प्रशासन ने कई कदम उठाए, जैसे व्यापार वार्ताओं को अचानक रोकना, जिससे भारत नाराज हुआ।

## अमेरिका के विशेषज्ञ ने की ट्रंप की भारत से जुड़ी रणनीति की आलोचना



**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संबंध विशेषज्ञ और शिकागो विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर जॉन मियर्सहाइमर ने ट्रंप प्रशासन की भारत नीति को एक भारी भूल करार दिया है। उन्होंने कहा कि रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर सेकेंडरी टैरिफ लगाना काम नहीं करेगा। उन्होंने पॉडकास्ट प्लेटफॉर्म 'डैनियल डेविस डीप डाइव' को बताया कि यह हमारी ओर से एक बहुत बड़ी भूल है। यकीन करना मुश्किल है, लेकिन यहां क्या हो रहा है? ये सेकेंडरी टैरिफ भारत के साथ काम नहीं करेंगे। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वे रूस से तेल का आयात बंद नहीं करेंगे। भारतीय झुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने ट्रंप पर भारत के साथ शानदार संबंधों को जहरीला करने का भी आरोप लगाया।

## कीव ने एससीओ समिट में रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र न होने पर जताई नाराजगी



**एससीओ समिट के बयान में रूस-यूक्रेन युद्ध का उल्लेख न होना, मास्को के कूटनीतिक प्रयासों की असफलता का परिचायक है : जेलेंस्की**

**कीव,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने तियानजिन में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के परिणामों को ध्यान में रखते हुए कहा कि इस सम्मेलन के मुख्य दस्तावेज, 20 पेज के तियानजिन घोषणा पत्र में रूस के यूक्रेन पर युद्ध का जिक्र न होना बहुत ही आश्चर्यजनक और नकारात्मक संकेत है। यूक्रेन ने कहा कि यह यूरोप में हुई सबसे बड़ी आक्रामकता है, जो विश्व युद्ध 2 के बाद सबसे गंभीर मानी जाती है, और इतने महत्वपूर्ण दस्तावेज में इसका उल्लेख न होना काफी हैरान करने वाला है। जबकि घोषणा पत्र में कई अन्य युद्धों, आतंकवादी हमलों और विश्व के घटनाक्रम का जिक्र है, रूस-यूक्रेन युद्ध की चुप्पी साफ तौर पर एक बड़ी चूक है।

यूक्रेन का कहना है कि बिना रूस की आक्रामकता का न्यायसंगत अंत किए, हम वैश्विक विकास, अंतरराष्ट्रीय शांति-सुरक्षा, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का पालन और विश्व के विभिन्न क्षेत्रों के बीच व्यापारिक संबंधों के स्थिर विकास की बात नहीं कर सकते।

यूक्रेन ने इस बात पर जोर दिया है कि एससीओ समिट के बयान में रूस-यूक्रेन युद्ध का उल्लेख न होना, मास्को के कूटनीतिक प्रयासों की असफलता का परिचायक है।

## ऑस्ट्रेलियाई सरकार ऑनलाइन स्टॉकिंग टूल्स व एआई एप्स पर लगाएगी प्रतिबंध



**कैनबरा,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि वह एब्युसिव टेक्नोलॉजी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करेगा। इसमें न्यूड डीपफेक एआई टूल्स भी शामिल हैं। जो कृत्रिम तरीके से किसी की भी अपमानजनक तस्वीर बनाने में पारंगत है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, संचार मंत्री अनिका वेल्स ने मंगलवार को कहा कि सरकार तकनीकी उद्योग के साथ मिलकर काम करेगी ताकि पता न चलने वाले ऑनलाइन स्टॉकिंग टूल्स और एआई ऐप्स तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सके, जो डीपफेक सामग्री उत्पन्न कर सकते हैं। वेल्स ने एक बयान में कहा कि ऑस्ट्रेलिया में एआई और वैध ट्रैकिंग तकनीक की जगह है, लेकिन ऐसे ऐप्स और तकनीकों के लिए कोई जगह नहीं है जिनका इस्तेमाल केवल लोगों, खासकर हमारे बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, अपमान और नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाता है।

## आज का इतिहास

1189-हेनरी द्वितीय के बाद रिचर्ड को इंग्लैंड का राजा बनाया गया।
1783-अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ क्रांतिकारी युद्ध समाप्त हो गया।
1833-अमेरिका में पहला सफल समाचार पत्र %न्यूयार्क सन% बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया था।
1923-जाने-माने तबला वादक पंडित किशन महाराज का जन्म।
1939-ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविले चेम्बरलिन द्वारा एक रेडियो प्रसारण पर ब्रिटेन और फ्रांस का जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ।
1943-दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने इटली पर हमला किया।
1971-कतर एक स्वतंत्र राष्ट्र बना।
1976-भारतीय अभिनेता विवेक ओबेराय का जन्म।
1984-दक्षिण फिलिपीन्स में आये एक भयानक तूफान की वजह से करीब 1300 मारे गए और सैकड़ों घायल हुए।
1992-भारत की प्रसिद्ध महिला पहलवान साक्षी मलिक का जन्म।
1998-नेल्सन मंडेला द्वारा गुट निरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में कश्मीर का मुद्दा उठाये जाने पर प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की।
2003-पाकिस्तान सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने का निर्णय।
2004-रुसी सैनिकों ने अपहरणकर्ताओं के कब्जे से स्कूल मुक्त कराया।
2006-यूरोप का पहला त्रिवर्षीय चंद्र मिशन समाप्त। भारतीय मूल के भरत जगदेव ने गुयाना के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
2007-चीन के झिंगजियांग प्रान्त में चीनी व जर्मन विशेषज्ञों ने लगभग 16 करोड़ साल पुराने जीव के 17 दांत खोजने का दावा किया।

**चिंताजनक** *एक दशक से भी अधिक समय में सबसे घातक महीना रहा अगस्त*

# कबायली जिलों में देखी गई हिंसा में खतरनाक वृद्धि

**इस्लामाबाद, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में अगस्त के महीने में आतंकवादी हिंसा में खतरनाक वृद्धि देखी गई है। जुलाई की तुलना में यहां 74 प्रतिशत ज्यादा हमले दर्ज किए गए। इस्लामाबाद स्थित एक थिंक टैंक के मुताबिक हमलों के लिहाज से यह अगस्त एक दशक से भी अधिक समय में सबसे घातक महीना रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि पीआईसीएसएस मिलिटेंसी डेटाबेस के अनुसार, अगस्त में 143 आतंकवादी हमले हुए। फरवरी 2014 के बाद से सभी मासिक आंकड़ों को पीछे छोड़ते हुए अगस्त एक दशक से भी अधिक समय में सबसे घातक महीना बन गया है।**

पीआईसीएसएस के अनुसार, इन हमलों में 194 लोग मारे गए, जिनमें 73 सुरक्षाबल के जवान, 62 नागरिक, 58 आतंकवादी और एक सरकार समर्थक शांति समिति सदस्य शामिल है। इसके अलावा 231 अन्य लोग घायल हुए, जिनमें 129 सुरक्षाकर्मी, 92 नागरिक, आठ आतंकवादी और शांति समिति के दो सदस्य शामिल हैं।

पीआईसीएसएस ने कहा कि आतंकवादियों ने इस महीने कम से कम 10 लोगों का अपहरण किया। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई तेज की, जिसमें देशभर में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए और 31 गिरफ्तार किए गए। हालांकि इन कार्रवाइयों में तीन नागरिकों और एक सुरक्षाकर्मी की भी मौत हो गई।



- फरवरी 2014 के बाद से सभी मासिक आंकड़ों को पीछे छोड़ा अगस्त

रिपोर्ट में बताया गया है कि अगस्त में आतंकवादी हमलों और उसके बाद के सुरक्षा अभियानों में करीब 298 लोगों की जान गई, जिनमें 158 आतंकवादी, 74 सुरक्षाकर्मी, 65 नागरिक और एक शांति समिति सदस्य शामिल है।

वहीं घायलों की कुल संख्या भी बढ़कर 250 हो गई, जिनमें 137 सुरक्षाकर्मी, 100 नागरिक, 11 आतंकवादी और दो शांति समिति सदस्य शामिल हैं।

रिपोर्ट में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत खासकर कबायली जिलों में हिंसा में खतरनाक वृद्धि देखी गई, जहां 51 आतंकवादी हमले हुए। इसमें 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और 74 मौतें हुईं। दूसरी ओर, बलूचिस्तान में 28 आतंकवादी हमलों में 52 लोग मारे गए, जिनमें 23 सुरक्षाकर्मी, 21 नागरिक और आठ आतंकवादी शामिल हैं, जबकि 23 सुरक्षाकर्मी और 22 नागरिक घायल हुए।

पीआईसीएसएस के अनुसार, सुरक्षा बलों ने प्रांत में 50 आतंकवादियों को मार गिराया। जून 2015 के बाद से हुए अभियानों में आतंकवादियों की मौत की यह सबसे बड़ी संख्या है। उस समय 60 आतंकवादी मारे गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, सिंध प्रांत में छह हमले हुए, जिनमें आठ लोग (छह नागरिक और दो सुरक्षाकर्मी) मारे गए।

## दुनिया को जानें

### ब्रह्मांड की प्रारंभिक आवाजों को सुनने में एक छोटा कंप्यूटर निभाएगा बड़ी भूमिका

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रह्माण्ड की प्रारंभिक आवाजें सुनने में एक छोटा कंप्यूटर बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। यह क्रेडिट कार्ड के आकार के एक कॉम्पैक्ट सिंगल-बोर्ड कंप्यूटर (एसबीसी) पर आधारित छोटा डिजिटल रिसीवर सिस्टम है।

यह डिवाइस अब हमें कॉस्मिक डॉन के रहस्यों को जानने में मदद कर सकता है। यह वह समय है जब सबसे पहले तारों में जीवन की झलक दिखी थी। कॉस्मिक डॉन वह समय है जब ब्रह्मांड में पहली बार तारों और आकाशगंगाओं का निर्माण हुआ, जिससे इसके विकास की दिशा में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह रहस्यमय युग ब्रह्मांड को समझने की कुंजी है। यह खोज के लिए एक अनूठा क्षेत्र भी है। हालांकि सटीक अवलोकनों की कमी के कारण इस काल के बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) की एक टीम द्वारा प्रस्तावित अपनी तरह का पहला अंतरिक्ष पेलोड, प्रतुश इस रहस्य को उजागर करने के लिए डिजाइन किया गया है। रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित एक स्वायत्त संस्थान है।

# खेल जगत

## मैं अपने आपको बड़े मैच का खिलाड़ी मानता हूं : नीतीश



**नई दिल्ली।** नीतीश राणा के लिए साल 2024 कुछ ख़ास नहीं रहा था। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिताबी जीत अभियान में पहले चोट और फिर टीम कॉम्बिनेशन के कारण उन्हें सिर्फ़ दो मैचों में खेलने का मौका मिला। इसके बाद जब घरेलू सीजन आया तो रणजी ट्रॉफ़ी के शुरूआती चार मैचों की छह पारियों में सिर्फ़ एक अर्धशतक आने के कारण उन्हें उत्तर प्रदेश की रणजी टीम से बाहर कर दिया गया। इसके बाद वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी के नौ मैच जरूर खेले, लेकिन उसमें भी उनका औसत सिर्फ़ 13.88 और स्ट्राइक रेट 114.43 का रहा। विजय हजारे ट्रॉफ़ी में भी एक मैच के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया और जब रणजी ट्रॉफ़ी का दूसरा चरण शुरू हुआ, तब भी वह टीम में नहीं थे। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए उनके नाम दो अर्द्धशतक जरूर थे, लेकिन 11 में से आधा दर्जन पारियों में वह दहाई के अंक को भी नहीं छू पाए थे।

# भारत का मकसद तीनों मैच जीतकर शीर्ष पर पहुंचना

## हमारी कोशिश हर मैच में गोल के हर मौके को भुनाने की होगी : हरमनप्रीत सिंह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**राजगीर (बिहार),** 2 सितम्बर (देशबन्धु) कप्तान ड्रैग फिलकर हरमनप्रीत सिंह के अनुकरणीय खेल और उनके सात गोल की बदौलत सधे कदमों से अपने तीनों मैच जीत भारत ने पूल ए में शीर्ष पर रह कर 12 वें पुरुष हॉकी एशिया कप में स्थान पाने के पहले मकसद को हासिल किया। भारत के लिए एक बात यह रही है कि कजाकिस्तान के खिलााफ आखिरी पूल मैच में उसके तुरुप के स्ट्राइकर अभिषेक चार और सुखजीत हैट्रिक जमा और गोल करने के लिए जूझते दिलप्रीत भी रंग में आ गए। भारत का मकसद अब सुपर 4 में भी अपने तीनों मैच जीत फाइनल में स्थान बनाना है। हालांकि सुपर 4 में शीर्ष दो रहने वाली टीमें फाइनल में खेलेंगी लेकिन किसी भी तरह की अगर मगर को दरकिनार करने के लिए भारत की कोशिश तीनों मैच जीत शीर्ष पर रहने की होगी।


**जवाबी हमलों में यकीन रखने वाली द. कोरिया के खिलाफ चौकस हो उतरेगा भारत**

दुनिया की सातवें और एशिया की नंबर एक तीन बार खिताब जीतने वाला भारत अब बुधवार को अपने पहले सुपर 4 मैच में सबसे ज्यादा पांच बार खिताब जीतने वाली और मौजूदा चैंपियन जवाबी हमलों से प्रतिद्वंद्वी को चौंकाने में यकीन रखने वाली मलयेशिया से हार 1–4 से हार पूल बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली दक्षिण कोरिया से पूरी तरह चौकस होकर उतरेगा। भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने सुपर 4 मैचों की बाबत कहा कि आज के जमाने की तेज हॉकी में आप किसी भी टीम को हल्के नहीं ले सकते इसलिए हम हर मैच में पूरी तरह चौकस रहने की जरूरत है और हम कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे और टीम के खिलाफ अपने स्ट्रक्चर पर काबिज रह कर खेलने उतरेंगे।

वहीं भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हमारी कोशिश हर मैच में गोल के हर मौके को भुनाने की होगी। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि उसके मध्यपंक्ति में खासतौर हार्दिक सिंह, राज कुमार पाल और विवेक सागर प्रसाद के साथ अनुभवी मनप्रीत सिंह अच्छे तालमेल के साथ खेल रहे और धीरे धीरे ही सही अग्रिम पंक्ति में मनदीप सिंह के साथ अभिषेक और सुखजीत सिंह ने रंगत पा ली है। बेशक दिलप्रीत सिंह ने कजाकिस्तान के खिलाफ एक गोल किया लेकिन वह डी में पहुंच अभी भी हड़बड़ी में गड़बड़ी के मौके चूक रहे और इससे उन्हें बचने की जरूरत है। दक्षिण कोरिया के सबसे ज्यादा तीन गोल करने वाले ड्रैग फ्लिकर जिहुन यांग और दो गोल करने वाले सिहोंग यू से भारत को चौकस रहने की जरूरत होगी।


मौजूदा फॉर्म के आधार पर भारत की टीम दक्षिण कोरिया से बेहतर नजर आती है। खासतौर पर भारत के गोलरक्षक कृष्ण बहादुर पाठक ने जिस तरह चीन के जवाबी हमलों पर जिस तरह तीनों गोल खाए उससे उन्हें जरा सी भी ढील से बचने की जरूरत है।

### स्ट्राइकरों का रंग में आना सुखद : फुल्टन



भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा,'सुपर 4 से पहले अपने स्ट्राइकर अभिषेक व सुखजीत व दिलप्रीत का रंग मे आना सुखद है। अच्छी बात यह है कि रिकवरी के लिए मंगलवार का दिन मिला हम दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपना सुपर 4 मैच शाम को खेलेंगे और इससे उमस से जरूर कुछ राहत मिलेगी। सुपर 4 के तीनों मैच में जरा भी ढील की गुंजाइश नहीं है। बतौर टीम हमें क्षमता पर भरोसा है। कजाकिस्तान के खिलाफ आखिरी पूल मैच मुश्किल रहा क्योकि हम इससे पहले ही सुपर 4 में स्थान बना चुके थे। हमारे लिए चीन और जापान के खिलाफ शुरू के दोनो पूल मैच खासे संघर्षपूर्ण रहे थे। अच्छी बात यह है कि सुपर 4 से पहले हमारे सभी खिलाड़ी फिट है और किसी को किसी तरह की चोट नहीं है। हमे तीनो सुपर 4 मैच लगातार तीन दिन में खेलने हैं और यह आसान नहीं होता। हम एफआईएच प्रो लीग में एक के बाद एक लगातार तीन मैच खेले थे। हम इसका अभ्यास भी कर रहे हैं। हमें रात के मैच खेलना पसंद है।'

### सुपर-4 में मेरी कोशिश ज्यादा से ज्यादा गोल करने की : अभिषेक




कजाकिस्तान के खिलाफ हैट्रिक सहित चार गोल करने वाले भारत के तुरुप के स्ट्राइकर अभिषेक ने कहा, 'शुरू के दो मैचों में पूरी कोशिश और मैन टू मैन मार्किंग के बीच जब गोल नहीं कर पाया तो खुद पर झुंझलाहट हुई। शुरू के दो मैचों में मैं गेद को लेकर डी के भीतर पहुंचा भी हिट भी लगाए लेकिन गेंद गोल में नहीं गई। मेरा शुरू के दो मैचों में गोल न कर पाना मानसिक ज्यादा था तकनीक में कोई खामी नहीं थी। अब खुशी हूं कि मैंने आखिर रंगत पा ली। हम सुपर 4 में मेरी कोशिश ज्यादा से ज्यादा गोल करने की होगी।

## अभिषेक के चार गोल से भारत गोल की बारिश कर कजाकिस्तान को धो पूल ए में शीर्ष पर रहा

**राजगीर (बिहार)।** भारत अपने शुरू के दो मैचों में पहले चीन और जापान पर संघर्षपूर्ण जीत के साथ पहले ही 12 वें पुरुष हॉकी एशिया कप में सोमवार को सुपर 4 में स्थान पक्का कर चुका था। भारत के कजाकिस्तान के खिलाफ अपने अंतिम पूल मैच में हॉकी प्रेमी अपने स्ट्राइकर अभिषेक के चार, सुखजीत सिंह व मनदीप सिंह से गोल की बारिश देखने आए थे और उन्हें निराश नहीं होना पड़ा। अभिषेक के चार, सुखजीत सिंह व जुगराज सिंह की इस टूर्नामेंट की अपनी अपनी हैट्रिक ,तथा कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास,राजिंदर, सजय और दिलप्रीत सिंह के एक एक गोल की बदौलत भारत ने कजाकिस्तान यहा 15–0 से हराकर अपनी और टूर्नामेंट की सबसे बड़ी और लगातार तीसरी जीत के साथ पूल ए में शीर्ष स्थान पाया। कजाकिसतान ने स्कूप कर गेंद को अपनी डी से बाहर करने की रणनीति अपनराई लेकिन गेंद ज्यादा दूर तक जा ही नहीं पाई और भारतीय स्ट्राइकरों ने बीच में ही गेंद उन्हें आगे निकलने न देकर जवाबी हमले बोल दनादन गोल दागे। अभिषेक ने शुरू के आठ में दो मैदानी गोल दागने के बाद 20 वे अपना तीसरा गोल कर अपनी इस टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक पूरी की। अभिषेक ने तेज आगाज किया मैच के शुरू के आठ मिनट में दो बेहतरीन गोल कर अपना भारत को 2–0 से आगे कर दिया और पहला क्वॉर्टर खत्म होन से दो मिनट पहले अभिषेक के पास पर सुखजीत सिंह ने गोल कर भारत को 3–0 से आगे कर दिया। अभिषेक ने दूसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में अपना तीसरा गोल कर अपना तीसरा गोल हैट्रिक पूरी कर भारत की बढ़त 4–0 कर दी और चार मिनट बाद जुगराज सिंह ने तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल स्कोर 5–0 और दो मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर मैच का पहला गोल कर भारत को आधा दर्जन गोल की बढ़त दिला दी। अमित रोहिदास ने छठे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारत की बढ़त 7–0 कर दी।

## महाआर्यमन बने एमपीसीए के सबसे युवा अध्यक्ष



**इंदौर,** 2 सितम्बर (एजेंसियांस)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया ने मंगलवार को मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के अध्यक्ष का पदभार संभाला। इस मौके पर महाआर्यमन अपने पिता के साथ खजराना स्थित गणेश मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा–अर्चना की। अध्यक्ष संभालने के बाद महाआर्यमन सिंधिया ने कहा कि जैसा बीते वर्षों में एमपीसीए में एक टीम के रूप में काम किया गया है। मैं चाहता हूं कि वैसा ही व्यवहार आगे भी हो। हम एकजुट होकर काम करें। हम डिस्ट्रिक्ट और डिवीजन लेवल पर काम करना चाहते हैं, ताकि उनसे संबंध मजबूत हो सकें। हम युवा क्रिकेट को आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्हें और टूर्नामेंट खेलने का मौका देना चाहते हैं। महिलाओं को भी और मौका देना चाहते हैं। मैं एमपीसीए के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने यह जिम्मेदारी मुझे सौंपी है। यह मेरे लिए बेहद गर्व की बात है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बेटे के साथ गणेश मंदिर पहुंचे, जिसकी इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा कि इंदौर प्रवास का शुभारंभ खजराना गणेश मंदिर में सिद्धिविनायक प्रभु के दर्शन और पूजा–अर्चना के साथ किया। उन्होंने लिखा कि र शुभ कार्य से पूर्व प्रभु का आशीर्वाद लेना न केवल हमारी परंपरा, बल्कि मेरी पारिवारिक विरासत और व्यक्तिगत आस्था का भी अभिन्न हिस्सा है।

**जैसा बीते वर्षों में एमपीसीए में एक टीम के रूप में काम किया गया है। मैं चाहता हूं कि वैसा ही व्यवहार आगे भी हो : महाआर्यमन सिंधिया**

## बीसीसीआई ने टीम इंडिया के लीड स्पॉन्सर के लिए बोलियां आमंत्रित की

**मुंबई,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को ड्रीम11 की जगह टीम इंडिया के नए लीड स्पॉन्सर के लिए बोली आमंत्रित की है। लीड स्पॉन्सरशिप में सीनियर पुरुष और महिला टीमों के साथ–साथ सभी आयु वर्ग की पुरुष और महिला टीमों को भी शामिल किया जाएगा। बोर्ड ने इन्क्वायरी फॉर एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (आईईओआई) जारी करने की घोषणा की है, जिसमें बोली प्रस्तुत करने और उसके मूल्यांकन से जुड़ी विस्तृत शर्तें और नियम शामिल हैं। रियल मनी गेमिंग और क्रिप्टोकरेंसी में काम करने वाली कोई भी कंपनी आवेदन करने के योग्य नहीं है, क्योंकि सरकार ने ऐसी संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा रखा है। आईईओआई दस्तावेज खरीदने की अंतिम तारीख 12 सितंबर तय की गई है, जबकि बोली दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर होगी। बीसीसीआई ने कहा कि आईईओआई दस्तावेज 5 लाख रुपये की नॉन रिफंडेबल फीस के भुगतान पर उपलब्ध कराया जाएगा। ड्रीम 11 ने जुलाई 2023 में भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य प्रायोजक के रूप में एडटेक कंपनी बायजू की जगह लेने के लिए 358 करोड़ रुपये के तीन साल के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन पिछले महीने बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि बोर्ड की फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनी ड्रीम11 के साथ साझेदारी समाप्त हो गई है।यह कदम संसद में ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन और रेगुलेशन एक्ट 2025 के पारित होने के बाद उठाया गया। वर्तमान में बोर्ड नए लीड स्पॉन्सर की तलाश में है। बीसीसीआई ने बताया है कि वह बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर आईईओआई प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से होने जा रही है।



■ आईईओआई दस्तावेज खरीदने की अंतिम तारीख 12 सितंबर तय की गई है

## विलियम्स और टेलर की वापसी श्रीलंका के खिलाफ टी–20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे टीम की घोषणा

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। श्रीलंका के खिलाफ दो वनडे मैचों की घरेलू सीरीज गंवाने के बाद जिम्बाब्वे का अगला लक्ष्य तीन टी–20 सीरीज में मेहमान टीम को पटखनी देना है। टी–20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। सीनियर खिलाड़ी ब्रेंडन टेलर और सीन विलियम्स की टीम में वापसी हुई है। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने भ्रष्टाचार के आरोपों की वजह से लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहे अनुभवी बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर को टेस्ट और वनडे के बाद टी20 टीम में भी मौका दिया है। टेलर के आने से टी20 फॉर्मेट में जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। टेलर ने अपना आखिरी टी20 अप्रैल 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। सीन विलियम्स को भी टी20 टीम में जगह दी गई है। विलियम्स ने अपना आखिरी टी20 मई 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। टेलर और विलियम्स के अलावा तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज तदीवानाशे मारुमानी की टीम में वापसी हुई है। टीम की कमान सिकंदर रजा के हाथ में है। रजा ने वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। पहले वनडे में 92 रन बनाने वाले इस दिग्गज खिलाड़ी ने दूसरे वनडे में 55 गेंद पर नाबाद 59 रन की पारी खेली थी।

**टेलर ने अपना आखिरी टी-20 अप्रैल 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था**

## सार संक्षेप

### मैनुअल अकांजी मैनचेस्टर सिटी से इंटर मिलान में शामिल हुए

**नई दिल्ली।** मैनुअल अकांजी मैनचेस्टर सिटी से एक सीजन के लोन डील पर इतालवी क्लब इंटर मिलान में शामिल हो गए हैं। ब्लूज के लिए 136 मैच खेल चुका यह स्विस खिलाड़ी सितंबर 222 में बोरुसिया डॉर्टमुंड से मैनचेस्टर सिटी में आया था। अकांजी हाल ही में नियुक्त कोच क्रिश्चियन चिवु के नेतृत्व में सीरी-ए टीम इंटर के साथ जुड़ेंगे। अकांजी मंगलवार को सिटी से जाने वाले दूसरे हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी हैं, इससे पहले ब्राजील के गोलकीपर एडर्सन तुर्की की टीम फेनरबाचे में शामिल होने के लिए सिटी छोड़ चुके हैं। एडर्सन सिटी के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने पेप गार्डियोला के नेतृत्व में 18 प्रमुख सम्मान जीते हैं। मैनुअल अकांजी एतिहाद स्टेडियम में सात ट्रॉफियां जीत चुके हैं। उन्होंने अपने डेब्यू सीजन में टीम के ऐतिहासिक तिहरे खिताब में बड़ी भूमिका निभाई। इसके बाद अगले सीजन में लगातार चार लीग खिताब जीतने वाली पहली इंग्लिश पुरुष टीम के सदस्य बने।

### मैकमिलन बने न्यूजीलैंड महिला टीम के फुल टाइम असिस्टेंट कोच

**नई दिल्ली।** क्रेग मैकमिलन को न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम का फुल टाइम असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया है। वह न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और बल्लेबाजी कोच, बेन सॉयर और डीन ब्राउनली के साथ व्हाइट फर्न्स के बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण विभागों का जिम्मा संभालेंगे। उनकी नियुक्ति आधिकारिक तौर पर इसी सप्ताह से होगी। इस भूमिका के तहत मैकमिलन अपना पूरा समय न्यूजीलैंड महिला टीम और विमेंस प्लेयर्स ऑफ इंटरेस्ट कार्यक्रम को समर्पित करेंगे। इस बीच वह कमेंट्री और अन्य कोचिंग प्रतिबद्धताओं से कुछ समय के लिए दूर रहेंगे। क्रेग इससे ठीक एक साल पहले पार्ट-टाइम कॉन्ट्रैक्ट पर टीम से जुड़े थे। मैकमिलन 224 में यूएई में हुए आईसीसी टी2 विश्व कप खिताबी जीत के दौरान टीम के साथ थे। मैकमिलन यह जिम्मेदारी पूर्णकालिक रूप से संभालने पर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि व्हाइट फर्न्स के साथ इस भूमिका में होना मेरे लिए बेहद खास है।


### रायगढ़ में 4वीं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में चक्रधर समारोह के अंतर्गत आयोजित 4वीं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को राजामहल के सामने गरिमामय आयोजन के साथ हुआ।पारंपरिक गाजे-बाजे और शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण करते हुए देशभर से आए पहलवानों को गांधी प्रतिमा से लेकर कुश्ती अखाड़े तक लाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद कुंवर देवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। अध्यक्षता सांसद राधेश्याम राठिया ने की जबकि महापौर और सभापति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ राजा चक्रधर सिंह और महाबली बजरंगबली के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। पारंपरिक स्वागत के बीच पहलवानों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

## 2 अक्टूबर से शुरू होगी प्राइम वॉलीबॉल लीग, 26 अक्टूबर को फाइनल


**हैदराबाद,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। प्राइम वॉलीबॉल लीग के चौथे सीजन की शुरुआत 2 अक्टूबर से होने जा रही है। पहला मुकाबला मेजबान हैदराबाद ब्लैक हॉक्स और गत विजेता कालीकट हीरोज के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट का समापन 26 अक्टूबर को फाइनल मुकाबले के साथ होगा। प्राइम वॉलीबॉल लीग सीजन 4 में गोवा गार्डियंस के साथ 10 टीमें शामिल हैं, जो इसे अब तक का सबसे बड़ा संस्करण बनाता है। कुल टीमों को पांच–पांच के दो पूल में बांटा गया है।

पूल–ए में गोवा गार्डियंस, चेन्नई ब्लिट्ज, कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स, बेंगलुरु टॉरपीडोज और कोलकाता थंडरबोल्ट्स की टीमें शामिल हैं। वहीं, पूल–बी में हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, दिल्ली तूफान्स, अहमदाबाद डिफेंडर्स, मुंबई मेटियर्स और कालीकट हीरोज की टीमें हैं। टूर्नामेंट में कुल 38 मुकाबले खेले जाने हैं। लीग चरण में 35 मैच होंगे। प्रत्येक टीम अपने पूल की चार अन्य टीमों और दूसरे पूल की तीन टीमों से खेलेगी।लीग चरण के अंत में 10 में से शीर्ष 4 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। स्केपिया की ओर से संचालित प्राइम वॉलीबॉल लीग के सीईओ जॉय ने कहा कि शेड्यूल को रोमांचक बनाने के लिए तैयार किया गया है। डबल हेडर, अहम मुकाबले और छोटे प्लेऑफ विंडो का मतलब है कि फैंस को रोजाना रोमांचक एक्शन देखने को मिलेगा। भारत में वॉलीबॉल को हमेशा जोशीला सपोर्ट मिला है।




■ प्राइम वॉलीबॉल लीग सीजन 4 में गोवा गार्डियंस के साथ 10 टीमें शामिल हैं

## भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर कमिंस



**मेलबर्न,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि एशेज से पहले पैट कमिंस के पूरी तरह से फिट होने के लिए उनके रिहैबिलिटेशन का सावधानीपूर्वक प्रबंधन किया जा रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा कि कमिंस को भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज के लिए नहीं चुना जाएगा। वह रिहैब जारी रखेंगे और एशेज की तैयारी के तहत गेंदबाजी में वापसी करेंगे। इस जुलाई में पैट कमिंस आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में नजर आए थे। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। इस सीरीज में उनका गेंदबाजी कार्यभार काफी कम हो गया था। इसके बाद पैट कमिंस वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबलों से बाहर रहे। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद से ही पैट कमिंस के लिए आराम का प्लान बनाया गया था। कमिंस ने बताया कि उन्हें लगातार पीठ में हल्का दर्द महसूस हो रहा है। स्कैन में पता चला कि कमर की हड्डी में थोड़ा स्ट्रेस है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पैट कमिंस का फोकस हमेशा से एशेज सीरीज की तैयारी ही रहा है और आगे भी वही रहेगा।

### आसिफ ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी बल्लेबाज आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह घरेलू क्रिकेट खेलते रहेंगे। पाकिस्तान के मध्यक्रम बल्लेबाज आसिफ अली ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। क्रिकेट के मैदान पर अपने मुल्क की सेवा करना मेरे लिए सबसे गर्व की बात है। आसिफ अली ने समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि अपने फैंस, साथियों और कोच का शुक्रिया, जिन्होंने हर उतार–चढ़ाव में मुझे प्यार, भरोसा और समर्थन दिया। अपने परिवार और दोस्तों का भी धन्यवाद, जो मेरे साथ खुशियों में और मुश्किल घड़ियों में खड़े रहे, खासकर विश्व कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी के निधन जैसी त्रासदी में, उनकी मजबूती ने मुझे आगे बढ़ने की ताकत दी। उन्होंने लिखा, मैं अपार कृतज्ञता के साथ संन्यास लेता हूं। मैं आगे भी घरेलू और दुनियाभर की लीग क्रिकेट खेलकर अपने खेल के प्रति जुनून को साझा करता रहूंगा।

## लगातार 8वीं बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में सिनर

**यूएस ओपन**

**सिनर ने बुब्लिक के खिलाफ 6-1, 6-1, 6-1 से जीत हासिल की**



**न्यूयॉर्क,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। इटली के जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर बुब्लिक को शिकस्त देकर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जहां उनका सामना हमवतन लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। सिनर लगातार आठवें ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। नंबर 1 और गत यूएस ओपन चैंपियन सिनर ने बुब्लिक के खिलाफ 6–1, 6–1, 6–1 से जीत हासिल की। यह मुकाबला 81 मिनट तक चला। इस मुकाबले में बुब्लिक ने 1 3 डबल फॉल्ट किए। उन्होंने कुल 31 अनफोर्स्ड एरर किए। 24 वर्षीय सिनर लगातार आठवें ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के वार्टरफाइनल में पहुंचे हैं। पिछली बार सिनर को इस चरण से पहले 2023 यूएस ओपन में हार का सामना करना पड़ा था। उस समय उन्हें चौथे राउंड में अलेक्जेंडर ज्वेरेव के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी। सिनर का सामना 10वीं वरीयता प्राप्त लगातार म्युसेटी से होगा। पहली बार किसी प्रमुख टूर्नामेंट में सिर्फ इतालवी पुरुषों का एकल क्वार्टर फाइनल होगा। वर्ल्ड नंबर 1 सिनर इस भिड़ंत में 2–0 के एटीपी हेड–टू–हेड रिकॉर्ड के साथ उतरेंगे। जैनिक सिनर ने मुकाबले से पहले कहा कि यह देखना बहुत अच्छा है। इतालवी टेनिस इस समय शानदार फॉर्म में है।

### क्वार्टर फाइनल में अनिसिमोवा, ओसाका ने गॉफ को चौंकाया



**न्यूयॉर्क।** यूएस ओपन में अमांडा अनिसिमोवा ने बीट्रिज हद्दाद माइया को सीधे सेटों में 6–0, 6–3 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अनिसिमोवा ने पहले ही गेम में हद्दाद माइया की सर्विस तोड़ी और उसके बाद उनका खेल और तेज हो गया। उन्होंने हद्दाद माइया को कोई मौका नहीं दिया। बेहतरीन सर्विस करते हुए कोर्ट पर गहरी और सटीक टू–हैंडेड बैकहैंड शॉट्स लगाए। दूसरा सेट ज्यादा प्रतिस्पर्धी था। अनिसिमोवा को अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ यूएस ओपन प्रदर्शन को जारी रखने की चुनौती का सामना करना पड़ा। हद्दाद माइया की सर्विस फिर से शुरुआती गेम में टूटी, लेकिन लगातार सात गेम गंवाने के बाद उन्होंने एक ब्रेक हासिल किया।

## दृष्टिबाधित महिला टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट में इंडिया येलो और इंडिया ऑरेंज का जलवा

**बेंगलुरु,** 2 सितम्बर (एजेंसियां) एनटीटी डेटा महिला टी20 दृष्टिबाधित क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के दूसरे दिन बारिश के कारण हुई देरी के बावजूद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) द्वारा दिव्यांगों के लिए समर्थनम ट्रस्ट के साथ मिलकर आयोजित और एनटीटी डेटा द्वारा समर्थित, इस टूर्नामेंट में नवंबर 2025 में नई दिल्ली, काठमांडू और बेंगलुरु में होने वाले पहले महिला टी20 दृष्टिबाधित विश्व कप के लिए भारत की शीर्ष 16 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। दूसरे दिन के मुख्य अंश- शिवानी के 35 गेंदों पर बनाए गए शानदार 56 रनों की बदौलत इंडिया येलो ने 141/5 का स्कोर बनाया। इंडिया ब्लू ने सलोनी (38) और अन्नू शर्मा (38) के दम पर वापसी की, लेकिन 11 रन से चूक गई। शिवानी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इंडिया ऑरेंज ने इंडिया रेड को 112/7 पर रोक दिया और आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावर ग्रिड | 2.43 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.60 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.44 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलिवर | 1.09 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.92 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.45 प्रतिशत |
| एशियन पेंट्स | 1.33 प्रतिशत |
| कोटक महिंद्रा बैंक | 1.28 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.15 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.83 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,04,424 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,22,833 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7991.88 |
| मसूर काली | 8173.05 |
| उड़द दाल | 10448.47 |
| मूंग दाल | 10129.40 |
| अरहर दाल | 10695.89 |

# [अर्थ जगत]

### अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।

## जीएसटी में सुधारों की योजनाबद्ध शुरूआत इसी सप्ताह से : सीतारमण

- छोटे उद्यमों के लिए कारोबार चलाने व कर अनुपालन में होगी अधिक आसानी
- प्रधानमंत्री मोदी ने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए की है कार्यबल के गठन की घोषणा



जीएसटी सुधारों की योजनाबद्ध शुरुआत से अनुपालन का बोझ और कम होगा, जिससे छोटे व्यवसायों के लिए फलना-फूलना आसान हो जाएगा : निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

**चेन्नई,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि माल एवं सेवाकर (जीएसटी) व्यवस्था में अगली पीढ़ी के सुधारों की योजनाबद्ध शुरुआत होने जा रही है और इससे विशेष रूप से छोटे उद्यमों के लिए कारोबार चलाने और कर अनुपालन में अधिक आसानी होगी।

वित्त मंत्री ने मंगलवार को कहा कि अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसके कार्यबल के गठन की घोषणा पहले ही कर चुके और इसी सप्ताह होने जा रही जीएसटी परिषद की बैठक से इस अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में सुधार की योजनाबद्ध शुरूआत हो जाएगी। वह सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं । इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल एनआर रवि और तमिलनाडु की सामाजिक कल्याण एवं महिला सशक्तीकरण विभाग की मंत्री पी गीता जीवन भी उपस्थित थीं।

वित्त मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक कार्यबल के गठन की घोषणा की है। इसका उद्देश्य नियमों को सरल बनाना, अनुपालन लागत कम करना और स्टार्ट-अप्स, सूक्ष्म, लघु एंव मझोले उद्यमों और उद्यमियों के लिए एक अधिक कारगर एवं सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, कल और परसों होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक के साथ, आने वाले महीनों में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की योजनाबद्ध शुरुआत से अनुपालन का बोझ और कम होगा, जिससे छोटे व्यवसायों के लिए फल-फूलना आसान हो जाएगा। वित्त मंत्री ने बैंकिंग क्षेत्र में पिछले एक दशक में हुए सुधार का विशेष रूप से उल्लेख किया । उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, 56 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले गए हैं, जिनमें कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये है। इनमें से 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं, और 56 प्रतिशत खाते घर की महिला के नाम हैं। उन्होंने कहा कि बैंक खाता केवल एक पासबुक नहीं है, यह अवसरों का पासपोर्ट है, जो ऋण, बचत, बीमा और सम्मान तक पहुंच को सक्षम बनाता है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता में भारी सुधार दर्ज किया है, जिसके परिणामस्वरूप एनपीए में कमी आई है।

### रेट्स में बदलाव के बावजूद राज्य होते रहेंगे लाभान्वित



**नई दिल्ली।** प्रस्तावित रेट रेशनलाइजेशन के बावजूद, राज्य वित्त वर्ष 26 में जीएसटी संग्रह से शुद्ध रूप से लाभान्वित होते रहेंगे और उन्हें एसजीएसटी में कम से कम 10 लाख करोड़ रुपए और हस्तांतरण के माध्यम से 4.1 लाख करोड़ रुपए प्राप्त होने की उम्मीद है। यह जानकारी मंगलवार को एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में दी गई। ऐसा इस कर की अनूठी राजस्व-साझाकरण संरचना के कारण होगा, जिसके तहत जीएसटी केंद्र और राज्यों के बीच समान रूप से साझा किया जाता है, जिसमें प्रत्येक को संग्रह का 50 प्रतिशत प्राप्त होता है। साथ ही कर हस्तांतरण की व्यवस्था के तहत, केंद्र का 41 प्रतिशत हिस्सा राज्यों को वापस जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल मिलाकर, इसका मतलब है कि एकत्रित जीएसटी के प्रत्येक 100 रुपए में से, राज्यों को अंततः लगभग 70.5 रुपए प्राप्त होते हैं, जो कुल जीएसटी राजस्व का लगभग 70 प्रतिशत है।

## यूरोपियन यूनियन के साथ बातचीत एडवांस स्टेज में पहुंची : गोयल



- भारत आ रहे ईयू के ट्रेड कमिश्नर वाल्डिस डोम्ब्रोव्स्की

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत की यूरोपियन यूनियन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर बातचीत एडवांस स्टेज में है। गोयल ने कहा कि हम यूरोपियन यूनियन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर एडवांस स्टेज में पहुंच गए हैं। हाल ही में इसे लेकर ब्रसेल्स में शीर्ष अधिकारियों द्वारा बैठक की गई है। अगले राउंड की बातचीत के लिए ईयू के ट्रेड कमिश्नर वाल्डिस डोम्ब्रोव्स्की 12 सितंबर को आ रहे हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में गोयल ने कहा कि भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं और जैसे-जैसे सीमा संबंधी मुद्दे सुलझ रहे हैं, तनाव कम होना स्वाभाविक है।

इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में बोलते हुए गोयल ने कहा कि हम द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे हैं। भारत को प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अमेरिका के साथ बातचीत फिर से शुरू होने और अटके हुए सभी मुद्दों के सुलझाने की उम्मीद है। बीटीए के लिए छठे दौर की बातचीत 25 अगस्त को नई दिल्ली में होनी थी, लेकिन अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने यह दौरा रद्द कर दिया। गोयल ने कहा था कि अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों के लिए व्यापार वार्ता में सरकार का दृष्टिकोण राष्ट्रीय हित और भारतीय उद्योगों को प्राथमिकता देना है।

## वैष्णव ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक कंपनियों को किया आमंत्रित



- भारत उत्पाद प्रधान अर्थव्यवस्था बनने की राह पर

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुनिया की बड़ी कंपनियों से देश के सेमीकंडक्टर उद्योग में निवेश का आह्वान करते हुये मंगलवार को कहा कि भारत के विकास के साथ उनका भी विकास होगा।

दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन के मौके पर श्री वैष्णव ने कहा कि भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग का उत्पादन पिछले 11 साल में छह गुना और निर्यात आठ गुना अधिक हुआ है। ऐसे समय में जब दुनिया में राजनीतिक उथल पुथल है, भारत रोशनी दिखा रहा है। यह पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की विकास दर में दिखता है।

उन्होंने सम्मेलन में आये दुनिया भर के उद्योगपतियों से कहा कि उन्हें भारत में निवेश करना चाहिए क्योंकि यहां की नीति में स्थिरता है, प्रतिभा का भंडार है, जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम है। उन्होंने कहा कि भारत उत्पाद प्रधान अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। भारत एक प्रगतिशील और मजबूत अर्थव्यवस्था है।

## पिछले पांच महीनों में वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 11.9 प्रतिशत बढ़ा



- अगस्त में कोयला उत्पादन 14.43 मिलियन टन हुआ दर्ज

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल से अगस्त के दौरान भारत की कैप्टिव और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11.88 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि इन पांच महीनों के दौरान खदानों से कोयले की ढुलाई में 9.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।


कोयला मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ये सकारात्मक रुझान पूरे क्षेत्र में बेहतर परिचालन दक्षता और खनन क्षमता के अधिक प्रभावी उपयोग का संकेत देते हैं।

इस वर्ष अगस्त के दौरान कोयला उत्पादन 14.43 मिलियन टन (एमटी) दर्ज किया गया, जबकि ढुलाई 15.07 मिलियन टन (एमटी) तक पहुंच गई। कोयला उत्पादन में वृद्धि बिजली उत्पादन, स्टील मैन्युफैक्चरिंग और सीमेंट उत्पादन जैसे प्रमुख उद्योगों को कोयले की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करती है, जिससे भारत के औद्योगिक बुनियादी ढांचे की रीढ़ मजबूत होती है। मंत्रालय इस क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन का श्रेय रणनीतिक नीतिगत उपायों, कठोर निगरानी और पक्षकारों को निरंतर समर्थन को दिया। बयान में कहा गया है कि इन प्रयासों ने ऑपरेशनल एप्रूवल में तेजी लाने और उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे कोयला उत्पादन और ढुलाई में वृद्धि हुई है। कोयला मंत्रालय ने वाणिज्यिक खनन शुरू करने के लिए 200 से अधिक कोयला खदानों के आवंटन की एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो भारत के कोयला क्षेत्र में बदलाव की रफ्तार को दिखाता है।

पिछले कई वर्षों में, मंत्रालय ने वाणिज्यिक कोयला खनन की शुरुआत और सिंगल-विंडो क्लिरेंस सिस्टम से लेकर डिजिटल निगरानी और शासन उपकरणों को अपनाने तक, कई परिवर्तनकारी सुधारों की शुरुआत की है।

## बैंकिंग व फार्मा में बिकवाली से प्रमुख सूचकांकों में गिरावट

- सेंसेक्स 0.26 प्रतिशत लुढ़ककर 80,157.88 अंक पर रहा
- निफ्टी 0.18 प्रतिशत टूटकर 24,579.60 अंक पर बंद




**मुंबई,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। बैंकिंग और फार्मा कंपनियों में बिकवाली के दबाव में मंगलवार को प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही, हालांकि मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सुबह बढ़त से साथ खुलने और 400 अंक से अधिक चढ़ने के बावजूद दोपहर बाद दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से सेंसेक्स 206.61 अंक (0.26 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,157.88 अंक पर बंद हुआ। यह 155.60 अंक की बढ़त में 80,520.09 अंक पर खुला था। यह ऊपर 80,761.14 अंक तक और नीचे 80,008.50 अंक तक गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 45.45 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 24,579.60 अंक पर बंद हुआ। यह भी 27.95 अंक की तेजी के साथ 24,653 अंक पर खुला था। इसका उच्चतम स्तर 24,758.10 अंक और निचला स्तर 24,522.35 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों में गिरावट रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.45 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का 1.33, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.28 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.15 प्रतिशत लुढ़क गया। टाटा मोटर्स, एलएंडटी, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी टूट गए। पावर ग्रिड में सबसे ज्यादा 2.43 प्रतिशत की तेजी रही। एनटीपीसी में 1.60 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.44, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.09 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.92 प्रतिशत की बढ़त रही। बीईएल, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, इटरनल, आईटीसी और सनफार्मा के शेयर भी मजबूती के साथ बंद हुए।

### यूएस टैरिफ से डिरेल नहीं होगा भारत का इक्विटी मार्केट : एचएसबीसी

**नई दिल्ली।** वैश्विक चुनौतियों के बाद भी भारत का इक्विटी मार्केट मजबूत रहेगा। इसकी वजह घरेलू निवेशकों की अधिक भागीदारी और अमेरिकी टैरिफ का न्यूनतम प्रभाव होना है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च द्वारा संकलित आंकड़ों में भारत के प्रति न्यूट्रल रुख जारी रखा गया है। हालांकि इसमें यह भी कहा गया है कि भारतीय बाजारों के लिए नौ में से पांच जोखिम कारकों में सुधार हो रहा है। रिसर्च फर्म ने आगे कहा कि टैरिफ से मार्केट डिरेल नहीं होगा, क्योंकि इसका लिस्टेड कंपनियों की आय पर सीधा प्रभाव काफी न्यूनतम है। रिपोर्ट में बताया गया कि बीएसई 500 कंपनियों में से 4 प्रतिशत से भी कम कंपनियां अमेरिकी निर्यात पर निर्भर हैं।

## अडाणी पावर को धीरौली खदान में ऑपरेशन शुरू करने की मंजूरी मिली



- महान एनर्जेन लिमिटेड के पास है धीरौली खदान का स्वामित्व

**अहमदाबाद,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी निजी थर्मल पावर उत्पादक कंपनी अदाणी पावर लिमिटेड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उसे कोयला मंत्रालय से मध्य प्रदेश के सिंगरौली में धीरौली कोयला खदान में ऑपरेशन शुरू करने के लिए मंजूरी मिल गई है।

कंपनी ने कहा कि यह मंजूरी उसकी ईंधन सुरक्षा को मजबूत करने और भविष्य में स्थिर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई अपनी सूचना में कहा कि अडाणी पावर लिमिटेड को मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में स्थित धीरौली खदान में ऑपरेशन शुरू करने के लिए कोयला मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। धीरौली खदान का स्वामित्व अडाणी पावर की सहायक कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड के पास है। इसकी अधिकतम उत्पादन क्षमता 6.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है, जिसमें से 5 एमटीपीए ओपन-कास्ट खनन से और शेष भूमिगत परिचालन से आएगा। भूवैज्ञानिक रिपोर्ट से पता चलता है कि खदान में 558 मिलियन टन से अधिक का भंडार है, जो दशकों तक ईंधन सुरक्षा और परिचालन स्थिरता प्रदान करेगा। अडाणी पावर की योजना वित्त वर्ष 27 तक 5 मिलियन टन प्रति वर्ष की ओपन-कास्ट अधिकतम क्षमता हासिल करने की है, जबकि भूमिगत खनन नौ साल बाद शुरू होगा। कंपनी ने बताया कि इस ब्लॉक के लिए कंपनी के पास 30 साल का खनन पट्टा है।

## सार संक्षेप

### अगस्त में भारतीय ऑटो सेक्टर में मजबूत रही बिक्री

**नई दिल्ली।** भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर में रिटेल बिक्री अगस्त में मजबूत रही है। एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया कि अगस्त में कंपनियों की ओर अधिक डिस्काउंट दिए गए। इस कारण उम्मीद के मुताबिक सभी सेगमेंट में इंक्वायरी में इजाफा हुआ। अगस्त में बिक्री में ऐसे समय पर इजाफा हुआ है, जब सरकार जीएसटी की दरें कम करने पर काम कर रही है और इसे लेकर जीएसटी परिषद की बैठक 3-4 सितंबर के बीच प्रस्तावित है। रिसर्च फर्म ने कहा कि उनका मानना है कि अगले दो हफ्ते सुस्त रह सकते हैं क्योंकि ग्राहक अब खरीदारी का फैसला लेने से पहले जीएसटी में कटौती का इंतजार करना चाहेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर में बिक्री में गिरावट आ सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर महीने में 15 दिन श्राद्ध भी रहेगा, जिसे खरीदारी के लिए अशुभ समय माना जाता है।

### सोने की कीमतों में कमी, चांदी फिर चमकी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को मामूली बदलाव देखने को मिला है। 24 कैरेट के सोने की कीमत में कमी आई है और चांदी के दाम में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 24 कैरेट सोने का दाम 69 रुपए कम होकर 1`,4,424 रुपए प्रति 1 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1`,4,493 रुपए प्रति 1 ग्राम पर था। वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत घटकर 95,652 रुपए प्रति 1 ग्राम हो गई है। 18 कैरेट सोने का दाम कम होकर 78,318 रुपए प्रति 1 ग्राम हो गया है। आईबीजेए की ओर से सोने और चांदी की कीमतों को दिन में दो बार सुबह और शाम अपडेट किया जाता है। सोने के उलट चांदी की कीमतों में बढ़त देखने को मिली है। चांदी का कीमत 33 रुपए बढ़कर 1,22,833 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,22,8 रुपए प्रति किलो थी।

### सेमीकॉन के पहले दिन बना इंडिया डीपटेक अलायंस

**नई दिल्ली।** भारत में डीपटेक कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए सेमीकॉन इंडिया 225 के पहले दिन वेंचर कैपिटल कंपनियों के एक समूह ने इंडिया डीपटेक अलायंस (आईडीटीए) के गठन की घोषणा करते हुए कहा कि संस्थापक सदस्यों ने एक अरब डॉलर पूंजी की प्रतिबद्धता जतायी है। वेंचर कैपिटल कंपनी सेलेस्टा कैपिटल के संस्थापक प्रबंधक साझेदार श्रीराम विश्वनाथन ने सेमीकॉन इंडिया के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज अग्रणी वैश्विक और भारतीय निवेशकों के गठबंधन की तरफ से मुझे इंडिया डीपटेक अलायंस के गठन की घोषणा करने का सौभाग्य मिला है, उद्योग का गठबंधन जो भारत में जीवंत डीपटेक इकोसिस्टम बनाने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ काम करने की इच्छा रखता है।

## चावल-गेहूं महंगे, दालों-खाद्य तेलों में घट-बढ़, चीनी के भाव चढ़े



**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की कीमत में उछाल देखा गया। गेहूं के दाम भी बढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा जबकि चीनी मजबूत हुई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 94 रिंगिट चढ़कर 4,474 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.56 प्रतिशत चढ़कर 52.43 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब आठ रुपए बढ़कर 3,856.64 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी सात रुपए की मजबूती के साथ 2,856.81 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपए मजबूत हुआ और 3,318.67 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया।

सरसों तेल औसतन तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 37 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। सोया तेल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। सूरजमुखी तेल 52 रुपए और वनस्पति 27 रुपए महंगा हुआ। पाम ऑयल भी 16 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब नौ रुपए प्रति क्विंटल चढ़ी। चीनी भी करीब तीन रुपए महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** दाल चना 7991.88 रुपए, मसूर काली 8173.05 रुपए, मूंग दाल 10129.40 रुपए, उड़द दाल 10448.47 रुपए, अरहर दाल 10695.89 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## 2030 तक एनर्जी मिक्स में गैस की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत करना लक्ष्य : पुरी




- भारत में दिसम्बर तक 49 और एलएनजी वितरण स्टेशन होंगे
- दुनिया का चौथा सबसे बड़ा गैस आयातक है भारत

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत का लक्ष्य 2030 तक अपने एनर्जी मिक्स में गैस की हिस्सेदारी को वर्तमान लगभग 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करना है ताकि कार्बन उत्सर्जन कम किया जा सके। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में दिसंबर तक 49 और एलएनजी वितरण स्टेशन होंगे, इसके अलावा वर्तमान में 13 स्टेशन चल रहे हैं।

भारत वर्तमान में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा गैस आयातक है, जिसके आठ एलएनजी टर्मिनल हैं जिनकी संयुक्त क्षमता 52.7 मिलियन टन प्रति वर्ष है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने पोस्ट किया कि 2030 तक, 10 टर्मिनल, 66.7 एमएमटीपीए; अभी 13 एलएनजी डिस्पेंसिंग स्टेशन हैं, और 49 और बनेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, एलएनजी भारत के लिए हरित और सुरक्षित भविष्य का सेतु है।

इस बीच, गोवा में 'चैलेंजेस ऑफ द इंडियन ऑयल एंड गैस सेक्टर' विषय पर मंत्रालय के अधिकारियों और भारत के ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुखों के साथ आयोजित 9वें विचार-मंथन सत्र में केंद्रीय मंत्री ने भूकंपीय डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण दक्षता पर चर्चा की। उन्होंने स्ट्रेटीग्राफिक कुओं की ड्रिलिंग की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया, साथ ही ऑफशोर ड्रिलिंग लागत और ड्रिलिंग कुओं के स्थान निर्धारण प्रक्रिया पर भी विचार-विमर्श किया, वैश्विक ऊर्जा कंपनियों से सीखा और भारत के तेजी से बढ़ते ऊर्जा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए भारत को ईएंडपी मशीनरी और कलपुर्जों के विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के तरीकों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने एलएनजी और एलपीजी वाहकों और वीएलसीसी सहित कच्चे तेल वाहकों के विकास के लिए हमारे भारतीय शिपयार्डों की जहाज निर्माण क्षमता को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की।

# एमबीबीएस में फर्जी सर्टिफिकेट का मामला गहराता जा रहा

## तहसीलदार का सील, सिग्नेचर भी संदिग्ध

## उधर अभिभावकों का कहना है कोई गड़बड़ी नहीं हुई

**बिलासपुर,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। कथित फर्जी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट के द्वारा एमबीबीएस में प्रवेश का मामला अब गहराने लगा है। भाजपा नेता की भतीजी समेत जिन तीन छात्राओं को प्रमाण पत्र जारी किया गया है, उसमें अलग-अलग सील लगा है। वहीं, तीनों में तहसीलदार का साइन भी मिस मेच हो रहा है। जबकि जिस समय सर्टिफिकेट जारी किया गया, उस समय एक ही तहसीलदार पदस्थ रही हैं।

तहसीलदार और एसडीएम ने जारी प्रमाणपत्रों को फर्जी बताकर रिपोर्ट चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के साथ ही कलेक्टर को भेज दी है। दूसरी तरफ अब बिलासपुर के तहसील कार्यालय से जारी इन प्रमाणपत्रों की गहन जांच की जा रही है। आवेदक और उसके अभिभावकों ने दावा किया है कि उन्होंने प्रकरण के लिए दस्तावेज जमा किए थे, जो गायब हो गया है। तहसील ऑफिस से दस्तावेज गायब होने का मामला नया नहीं है। नामांतरण समेत जमीन खरीदी बिक्री के दस्तावेज भी सुनियोजित ढंग से गायब होते रहे है। चपरासी और बाबुओं की मांग पूरी होते ही दस्तावेज और फाइल बोतल से जिन्न बाहर निकलने की तरह उपलब्ध करा दिए जाने का उदाहरण तो पुराना हो गया।




एमबीबीएस, के दस्तावेजों के मामले में तहसीलदार के नाम से जारी सर्टिफिकेट में अलग-अलग सील का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही तहसीलदार का साइन भी गलत है। ऐसे में आवेदकों ने दस्तावेज प्रस्तुत किया है। फिर भी सर्टिफिकेट को सही नहीं माना जा सकता। क्योंकि ऐसे प्रमाणपत्र में केवल एक ही तरह का सील-मुहर का इस्तेमाल किया जाता है।अब तहसील कार्यालय में उनके दस्तावेज गायब होने के बाद सोमवार को सभी आवेदकों से दोबारा दस्तावेज मंगाया गया। फिर गहन छानबीन की गई। इस दौरान परिजनों ने बयान दिया कि उन्होंने नियमों के तहत ही प्रमाणपत्र हासिल किया है।

इसके लिए ऑनलाइन आवेदन भी जमा किया था। इस दौरान उन्होंने यह भी जोड़ा कि सील या हस्ताक्षर में बदलाव कार्यालय के भीतर हुआ होगा, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं है न ही इसके लिए वो जिम्मेदार हैं।

दूसरी तरफ तहसील कार्यालय में प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगा हैं। आवेदकों ने जब ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है तो उसका रिकार्ड कहां है, उसे गायब करने में किसकी भूमिका है। जांच समिति अब आवेदकों के ऑनलाइन डेटा और कार्यालय की फाइलों के बीच मेल बिठाने में जुट गई है।

हालांकि, इस पूरे कांड में क्लर्क को जिम्मेदार मानकर दोषी ठहराने का प्रयास भी चल रहा है। यही वजह है कि क्लर्क प्रहलाद सिंह नेताम को नोटिस जारी करने के साथ ही उसे प्रभार से हटा दिया गया है।

इस पूरे मामले की जांच तब शुरू हुई, जब आयुक्त चिकित्सा शिक्षा ने एमबीबीएस में एडमिशन लेने वाली छात्राओं के ई डब्ल्यू एस सर्टिफिकेट को वेरिफिकेशन के लिए तहसील कार्यालय भेजा। सर्टिफिकेट के साथ दस्तावेज भी शामिल थे। जांच में तीन आवेदन फर्जी पाए गए। जिनका कोई रिकार्ड तहसील कार्यालय में नहीं है या गायब कर दिया गया है। वहीं, सर्टिफिकेट में अलग-अलग सील और मुहर का उपयोग किया गया है। साथ ही तहसीलदार का साइन भी गलत है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने जिन छात्राओं की लिस्ट भेजी है और उनका प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया है, उनमें सरकंडा के श्रेयांशी गुप्ता पिता सुनील गुप्ता के साथ ही लिंगियाडीह के सीपत रोड निवासी सुहानी सिंह पिता सुधीर सिंह, सरकंडा की भाव्या मिश्रा, पिता सूरज कुमार मिश्रा शामिल हैं। श्रेयांशी गुप्ता के पिता सुनील गुप्ता डेयरी व्यवसायी हैं और उनका बड़ा कारोबार है। साथ ही वो भाजपा के उत्तर मंडल अध्यक्ष रहे सतीश गुप्ता की भतीजी है।

# चिन्मय सूर्यवंशी की हत्या मामले में भरारी गांव के लोगों में है पुलिस की कार्रवाई पर संदेह

## कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन करने आ रहे थे पुलिस ने बीच में रोका तो रास्ते पर ही बैठ गए

**बिलासपुर,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। भरारी गांव में 13 वर्षीय छात्र चिन्मय सूर्यवंशी की हत्या ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। घटना को लेकर मंगलवार को परिजन और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर भरारी के पास नेशनल हाइवे पर चक्काजाम कर दिया। करीब आधे घंटे तक हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।



ग्रामीण बिलासपुर कलेक्ट्रेट की ओर रैली निकालकर ज्ञापन सौंपने की तैयारी में थे, लेकिन सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन सतर्क हो गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा और एसडीओपी कोटा नूपुर उपाध्याय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर ही धरने पर बैठ गए, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

### क्या है मामला

31 जुलाई की शाम चिन्मय अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों और पुलिस की खोजबीन के बाद जांच में आरोपी छत्रपाल सूर्यवंशी (19 वर्ष) का नाम सामने आया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे हिरासत में लिया गया, जहां पूछताछ में उसने मोबाइल लूट की नीयत से हत्या करने की बात कबूल की। आरोपी ने राज खुलने के डर से चिन्मय की गला दबाकर हत्या कर शव को गांव के ही पुराने स्कूल भवन में फेंकने की बात भी स्वीकार की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### ग्रामीणों का आरोप

ग्रामीणों और परिजनों का कहना है कि इस वारदात में केवल एक युवक ही नहीं, बल्कि अन्य लोगों की भी संलिप्तता है। उनका आरोप है कि पुलिस मामले को जल्दबाजी में केवल एक आरोपी तक सीमित कर रही है। इसी आक्रोश में उन्होंने हाईवे पर चक्काजाम किया और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

भरारी गांव में चिन्मय की असमय मौत से गहरा शोक और आक्रोश दोनों का माहौल है। ग्रामीण आरोपियों को कठोरतम सजा दिलाने और पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल सबकी निगाहें पुलिस जांच की दिशा और आगे की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## सार-संक्षेप

### मानिकपुरी समाज की महिला विंग ने मनाया हरियाली महोत्सव

**बिलासपुर,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। मानिकपुरी पनिका समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा राज्य स्तरीय हरियाली कार्यक्रम का आयोजन पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती शांति कश्यप प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। समाज की महिलाओं को जागृत और जागरूक करने महिला विंग द्वारा हर साल यह आयोजन किया जाता है। कल आयोजित कार्यक्रम में समाज की विभिन्न महिलाओं और युवतियों ने प्रभावी नृत्य ,गीत, प्रस्तुत कर अपना जलवा बिखेरा ,श्रीमती रूपल मानिकपुरी का विभिन्न गानों में प्रस्तुत कत्थक नृत्य को काफी सराहा गया। कार्यक्रम में समाज की मेधावी छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक शोभना गोस्वामी,वेदमती महंत,विशिष्ट अतिथि शांति केदार कश्यप,संगठन प्रभारी संतोषी मानिकपुरी ,अध्यक्ष शांति मानिकपुरी,उपाध्यक्ष धनमत महंत,प्रदेश सचिव रत्ना मानिकपुरी,कोषाध्यक्ष चंद्रकला मानिकपुरी, सरस्वती मानिकपुरी,मोना मानिकपुरी,खुशबू राजन रायपुर अध्यक्ष,धनेश्वरी मानिकपुरी रायपुर उपाध्यक्ष, अनीता दास रायपुर कोषाध्यक्ष,इंदिरा मानिकपुरी बिलासपुर अध्यक्ष,विनीता दिवान बिलासपुर उपाध्यक्ष,भुनेश्वरी मानिकपुरी बिलासपुर सहसचिव,संतोषी मानिकपुरी, डॉ बेला महंत,प्रीति महंत,शकुन महंत,सुनीता महंत,संध्या दिवान,मीना मानिकपुरी,ऊषा किरण महंत,रेखा मानिकपुरी ,पार्वती मानिकपुरी,निरुपमा सरजाल,शुभलक्ष्मी पपीहे,पूर्णिमा मानिकपुरी,सुनीता पनरिया,रुक्मिणी मानिकपुरी,अनीता और दुर्ग रायपुर से कोरबा चांपा जांजगीर जिले तक की समाज की महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



### तीन दिवसीय क्रिया योग ध्यान व दीक्षा शिविर 5 से

**बिलासपुर,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। तीन दिवसीय क्रिया योग ध्यान शिविर का आयोजन क्रिया योग सेंटर द्वारा किया जा रहा है। यह आयोजन 5,6 व 7 दिसम्बर को होगा। इसके लिए स्वामी परिपूर्णानंद गिरी महाराज बिलासपुर आ रहे है। उन्ही के मार्ग दर्शन में ध्यान, क्रिया योग व दीक्षा शिविर संपन्न होगा। क्रिया योग ध्यान की एक प्राचीनतम एवं शीघ्र फल देने वाली विधि है। यह ध्यान विधि गुरु शिष्य परंपरा द्वारा सिखाई जाती है। ध्यान की इस पद्धति को सीखने के लिए सर्वप्रथम किसी समर्थ आचार्य से दीक्षा लेना आवश्यक है। इसी संदर्भ में स्वामी परिपूर्णानंद गिरी महाराज इस शिविर के लिए आ रहे हैं। इच्छुक जनों को इस शिविर में दीक्षा 6 सितंबर को प्रात: दी जाएगी। 5 सितंबर को शाम 5.30 बजे इस शिविर का शुभारंभ स्वामी परिपूर्णानंद गिरी द्वारा एक प्रवचन द्वारा किया जाएगा। इस प्रवचन का विषय है विद्यार्थी जीवन पर ध्यान का महत्व, हालांकि ध्यान का महत्व सिर्फ विद्यार्थियों के लिए ही नहीं अपितु समस्त मानव जन के लिए है। अत: इस प्रवचन का लाभ सभी समस्त जन ले सकते हैं। जिन्होंने दीक्षा नहीं ली है वह भी इस प्रवचन का लाभ ले सकते हैं। क्रिया योग परंपरा की यह विधि महावतार बाबा से शुरू होकर श्यामाचरण लाहिड़ी, स्वामी युक्तेश्वर गिरी, भूपेंद्र नाथ सान्याल, परमहंस योगानंद स्वामी सत्यानंद गिरी, परमहंस हरिहरानंद गिरी के हाथों से संरक्षित होती आई है। वर्तमान में इस ध्यान पद्धति को सहेजने संभालने एवं संवारने की जिम्मेदारी परमहंस प्रज्ञानआनंद महाराज के समर्थ हाथों में है। परमहंस प्रज्ञानानंद के गुरु भाई स्वामी शुद्धानंद गिरी महाराज भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर 7 सितंबर की सुबह 10 बजे पधार कर एक सत्र मैं विशेष रूप से एक सत्संग का लाभ देंगे। इस आयोजन के सभी कार्यक्रम टुटेजा ट्यूटोरियल पंजाबी कॉलोनी दयालबंद में संपन्न होंगे। यह जानकारी सत्य प्रकाश छाबड़ा बिलासपुर केंद्र प्रभारी ने दी है।

### जिले में अब तक 843.2 मिमी बारिश दर्ज

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 843.2 मि.मी. बारिश दर्ज की गई है। जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 875.4 मि.मी. से 32.2 मि.मी. अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक बारिश 1090.4 मि.मी. बेलगहना तहसील में और सबसे कम बारिश 694.4 मि.मी. कोटा में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 975.5 मि.मी., बिल्हा तहसील में 735.1 मि.मी., मस्तूरी में 723.7 मि.मी.,तखतपुर में 1031.4 मि.मी., सीपत में 796.4 मि.मी., बोदरी में 733.2 मि.मी., बेलतरा में 798 मि.मी., रतनपुर में 866.9 मि.मी., सकरी में 919 मि.मी. और पचपेड़ी तहसील में 754.6 मि.मी. बारिश रिकार्ड की गई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1202.3 मि.मी. है।

# कांग्रेस ने शहर में बढ़ते अपराध और अन्य समस्याओं के खिलाफ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 01 ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए शहर में बढ़ते अपराध और स्कूलों में नि:शुल्क पुस्तक, गणवेश का वितरण नही होने पर चिंता व्यक्त की है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए अपराध पर जल्द नियंत्रण करने की मांग की है साथ ही स्कूलों में पुस्तक और गणवेश वितरण कराने की मांग की है।



ज्ञापन सौंपने वालो में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व महापौर रामशरण यादव, प्रदेश महामंत्री देवेंन्द्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, समीर अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, सीमा घृतेश प्रमुख रुप से शामिल थे। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि बिलासपुर एक शांत प्रिय शहर है। कुछ समय से लगातार शहर के अंदर अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। अब तो स्कूल क्षेत्रो में भी विद्यार्थियों के बीच चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ रही है।विजय पांडेय ने कहा भाजपा को केवल सत्ता सुख चाहिए, जनता भले ही परेशान हो।

ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि शिक्षा का एक तिहाई सत्र बीत चुका है। स्कूलों में तिमाही परीक्षा होने वाली है। किंतु अभी भी बहुत से स्कूलों में न तो गरीब बच्चों को पुस्तक मिल पाई है और न ही गणवेश मिला है। भाजपा सरकार पहले ही युक्तियुक्तकरण के नाम पर बहुत से स्कूलों को बंद कर चुकी है। उसके बाद भी शिक्षा की स्तर पर ध्यान न देना कहीं न कहीं निजी स्कूलों को प्रोत्साहित करने की मंशा है।

ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। कुछ आपराधिक विचार के बच्चे को शिक्षा के मंदिर को बदनाम कर रहे है। अभिभावक भी चिंतित है। ज़िला प्रशासन और शिक्षा विभाग को इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान पुर्व महापौर रामशरण यादव, पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र सिंह बाटू, प्रवक्ता ऋषि पांडेय, समीर अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ,सीमा घृतेश, रमाशंकर बघेल, हिमांशु कश्यप, फरिद, बबली, सज्जू अली, विरेन्द्र सारथी, अयाज खान, हेरी डेलियन, रिजवान खान, विराज रजक, रमजान ग़ौरी, वकार खान, वाशिम बक्श समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

# आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 4 सितंबर तक




## बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने किया शुभारंभ

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। आदिवासी समुदायों के शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक अवसर, सामाजिक न्याय एवं अन्य क्षेत्रों में कल्याण एवं विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत अनुसूचित जनजातियों हेतु संचालित योजनाओं, सेवाओं तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में शामिल गतिविधियों का प्रचार प्रसार करते हुए योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास श्री पी.सी. लहरे, अभियान के नोडल एवं जिला समन्वयक, रेड क्रास सोसायटी श्री सौरभ सक्सेना, विभिन्न विभागों से चयनित ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स एवं जिला मास्टर ट्रेनर्स एन.जी.ओ. के प्रतिनिधि मौजूद थे। 2 सितंबर से 4 सितंबर तक तीन दिवसीय आवासीय रेस्पॉन्सिव गवर्नेस प्रोग्राम अंतर्गत जिला स्तरीय प्रोसेस लैब का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास एवं सबका प्रयास के नारों के साथ शासन की योजनाओं को अंतिम छोर तक प्रत्येक ग्रामों, व्यक्तियों तक पहुंचाने हेतु आग्रह किया। प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का सही उपयोग करने कहा, ताकि इसका लाभ शासन की मंशा अनुरूप सभी को मिल सके। कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र में नोडल सौरभ सक्सेना द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में सहायक आयुक्त श्री पी सी लहरे द्वारा मुख्य अतिथि के प्रति आभार प्रगट किया गया।

## बीज उत्पादन कार्यक्रमः खरीफ की पंजीयन की अंतिम तिथि अब 15 सितम्बर तक

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग का एक उपक्रम छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा प्रत्येक वर्ष खरीफ मौसम में कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्रदान कर अन्य किसानों की तुलना में प्रति एकड़ अधिक लाभ कमाने का मौका देता आ रहा है लेकिन इसकी जानकारी कुछ ही किसानों को होती है। पूर्व में बीज उत्पादन कार्यक्रम खरीफ की पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अगस्त .2025 निर्धारित की गई थी जिसमें शासन द्वारा किसानों के हित में बढ़ोत्तरी करते हुए पंजीयन की तिथि 15 सितम्बर 2025 तक बढ़ाई गई है। किसानो को अधिक लाभ पहुँचाने की दृष्टि से तथा जिले को बीज उत्पादन कार्यक्रम में आत्म निर्भर बनाने हेतु विभाग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को जागरूक करने का कार्य तथा बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन कराने हेतु लगातार क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं बीज प्रक्रिया केन्द्र सेन्दरी के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है।

प्रमाणित बीज के उपयोग से पुराने बीज की तुलना में 10 से 15 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त होता है. फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए कृषि विभाग द्वारा प्रमाणित बीज के उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है। प्रदेश के किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार किस्मों का प्रमाणित बीज मुहैया कराने के लिए बीज निगम बीज उत्पादन कार्यक्रम आयोजित करता है।

**NECC**

| 03.09.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 560 | 90 | 185 |
| चिल्हर | 7.00 | 120 | 200 |
| डिलीवरी | 575 सैकड़ा | | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 5 से बहतराई स्टेडियम में

### 138 खेलों में शामिल होंगे लगभग 12 सौ खिलाड़ी,ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जारी

**बिलासपुर,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। 22वी सब जूनियर, जूनियर एवं अंडर 23 (बालक बालिका) छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 5 सितंबर 2025 से होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 7 सितंबर 2025 तक बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम बिलासपुर में संपन्न होगी। प्रेस ट्रस्ट भवन ईदगाह चौक में पत्रकारों से चर्चा करते हुए अमरनाथ सिंह महासचिव छत्तीसगढ एथलेटिक्स संघ, सुशील मिश्रा स्वागत समिति के मुख्य सचिव और हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ एवं जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में आयोजित की जाने वाली यह प्रतियोगिता 5 वर्गों में आयोजित हो रही है जिसमें अंडर 14,16,18,20 एवं 23 वर्ष के बालक बालिका खिलाडी भाग लेगें।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लगभग 1200 से अधिक खिलाडी,तकनीकि अधिकारी जिलो के प्रबंधक, प्रशिक्षक अभिभावक एवं आयोजक भाग लेगें। आवश्यकता अनुसार खिलाडीयो को आवास में रुकने एवं भोजन की व्यवस्था कि जा रही है। प्रथम 4 स्थानो तक खिलाडियो को पुरस्कार राशि 500,300, 200 एवं 100 रु दिया जाएगा साथ ही साथ खिलाडियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रान्ज मेडल भी दिया जायेगा। भाग लेने वाले सभी खिलाडियों को टी शर्ट,तकनीकि अधिकारियों को टी शर्ट दिया जायेगा। प्रतियोगिता में चैम्पीयन जिला को भी ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के अधिकारिक वेबसाइट पर पंजीयन हो रहा है। पंजीयन कि अंतिम तिथी 3 सितंबर 2025 शाम 6 बजे तक होगी। प्रतियोगिता में चयनित खिलाडियो को वेस्टजोन जो शिवपुरी मध्यप्रदेश में हो रहा है में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही साथ अंडर 23 नेशनल में भी भाग लेगें। प्रतियोगिता के विजेता एवं सहभागी खिलाडियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# रेलवे ठेकेदार मृत श्रमिक के परिवार को 5 लाख रुपए मुआवजा के तौर पर दे, हाईकोर्ट का आदेश

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। रेलवे लोको शेड में काम के दौरान रेलवे ठेका श्रमिक की हाईटेंशन वायर के संपर्क में आने से मौत हुई थी। मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने संबंधित ठेकेदार को मृतक के परिजनों को 5 लाख मुआवजा देने का निर्देश दिया. यह मुआवजा राशि 6 हफ्ते के भीतर देने का निर्देश कोर्ट ने दिया है।



मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि छह हफ्तों के भीतर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए। दरअसल बीते दिनों ट्रेन की बोगी में लगे एसी को ठीक करने के दौरान ठेका श्रमिक हाईटेंशन वायर की चपेट में आ गया. गंभीर हालत में श्रमिक के साथी उसे अस्पताल लेकर गए।अस्पताल में श्रमिक की मौत हो गई।

इस दर्दनाक घटना के बाद मृतक श्रमिक ठेकेदार के साथियों और परिवार वालों ने मुआवजे की मांग की.। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए साथी कर्मचारियों ने प्रदर्शन भी किया। मृतक की पत्नी ने भी आर्थिक मदद की मांग की ।दरअसल मृतक ठेका श्रमिक घर का इकलौता कमाने वाला शख्स था। पूरा परिवार उसी की आय पर आश्रित था.। अदालत ने लिया स्वत: संज्ञान लेकर इस मामले की सुनवाई की.। सुनवाई के दौरान रेलवे की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पीड़ित के परिवार को रेलवे की ओर से पहले ही 16 लाख 40 हजार का मुआवजा दिया जा चुका है। ठेका मजदूर की मौत के बाद. पिछले 4 दिनों से उसका शव मर्चुरी के फ्रीजर में रखा हुआ है।. करंट से झुलसने और पीएम के बाद लाश सड़ने की आशंका जताई जा रही है। दूसरी तरफ परिजन और पीड़ित परिवार के समाज के लोग1 करोड़ का मुआवजा और नौकरी की मांग पर अड़े हैं।. डीआरएम ऑफिस के बाहर उनका धरना और प्रदर्शन पिछले 6 दिनों से जारी है। आज हाई कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए पांच लाख मुआवजा देने के निर्देश दिया है।

## सड़कों पर लगने वाले पंडाल, अस्थाई संरचनाओं को लेकर याचिका दायर सुनवाई 6 अक्टूबर को होगी

त्योहारों के दौरान सड़कों पर लगने वाले पंडाल, अस्थाई संरचनाओं को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की खंडपीठ को शासन की तरफ से बताया गया कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 और नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत नई पालिसी 25 अगस्त को जारी की गई है जिसे तहत कोई भी व्यक्ति, संस्था, समिति या संगठन किसी सार्वजनिक खुले मैदान, सार्वजनिक मार्ग, फुटपाथ, चौराहे या सार्वजनिक खुले स्थान पर पंडाल या अस्थाई संरचना, धरना, जुलूस, सभा रैली बिना अनुमति के नहीं कर सकेगा।

याचिकाकर्ता रायपुर निवासी नितिन सिंघवी ने चर्चा में बताया कि बिना अनुमति पंडाल, अस्थाई संरचना, धरना, जुलूस, सभा रैली करने पर सजा का प्रावधान है। शासन ने इसके लिए दो प्रकार के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। प्रथम प्रकार के दिशा निर्देश उन छोटे पंडाल, अस्थाई संरचना, धरना, जुलूस, सभा रैली के लिए रहेंगे जहां पर अधिकतम पांच सौ व्यक्ति तक के ठहराव हो सकते हैं और जो पांच हजार से कम वर्ग फीट तक के स्थान पर बना हो। दूसरे प्रकार की दिशा निर्देश उन स्थानों के लिए है जहां पांच सौ लोगों से ज्यादा इकट्ठे हो सके और पांच हजार वर्ग फीट से ज्यादा का अस्थाई निर्माण हो।

पांच हजार वर्ग फीट से छोटे पंडालों अस्थाई संरचना के लिए मुख्य शर्तों के तहत नगर पालिक निगम और स्थानीय निकाय अनुमति देंगे।. मुख्य मार्गो में अनुमति नहीं दी जायेगी अगर प्रदान की जाती है तो वैकल्पिक मार्ग चिन्हित किया जाएगा।. किसी भी पंडाल का निर्माण विद्युत तारों के ठीक नीचे नहीं किया जाएगा।. पंडाल, अस्थाई संरचना अग्निरोधी सामग्री से बनाई जायेगी।. आयोजक समिति/ आयोजक साफ़ सफाई की व्यवस्था करेंगे।

पांच हजार वर्ग फीट से बड़े पंडालों अस्थाई संरचना के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, थाना प्रभारी, अग्निशामक. बिजली विभाग से अनापति प्रमाण पत्र ले कर आवेदन के साथ जमा करना पड़ेगा।अनुमति के साथ शुल्क जमा करना होगा। जनरेटर बैकअप की व्यवस्था करनी होगी।. किसी भी अन्य भवन से 15 फीट दूरी रखनी होगी।

याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि गणेश विसर्जन के दौरान इस नई पालिसी की टेस्टिंग हो सकेगी। शासन की ओर से दुर्गा पूजा के बाद प्रकरण की सुनवाई हेतु निवेदन किया गया। प्रकरण की अगली सुनवाई 06 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771